रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 15 जनवरी 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 146 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### मोदी ने दी देशवासियों को मकर संक्रांति की बधाई

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को देशवासियों को मकर संक्रांति, पोंगल, माघ बिहू समेत अन्य त्योहारों की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में नयी ऊर्जा और नए उत्साह के संचार की कामना की है। श्री मोदी ने मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए ट्वीट किया कि देशवासियों को मकर संक्रांति की बहुत-बहुत बधाई। मेरी कामना है कि उत्तरायण सूर्यदेव सभी के जीवन में नई ऊर्जा और नए उत्साह का संचार करें। प्रधानमंत्री ने पोंगल की बधाई देते हुए लिखा कि सभी को पोंगल की बधाई, विशेषकर मेरी तमिल बहनों और भाइयों को। यह विशेष पर्व तमिल संस्कृति को सबसे सुंदर ढंग से प्रदर्शित करता है।

### वैक्सीन लेने से नहीं होगा कोरोना संक्रमण : डॉ हर्षवर्धन

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने गुरुवार को कहा कि कोरोना वैक्सीन लेने से कोई व्यक्ति कोरोना वायरस (कोविड-19) से संक्रमित नहीं हो जाता है। डॉ हर्षवर्धन ने आज सिलसिलेवार कई ट्वीट करके कोरोना वैक्सीन से जुड़ी भ्रांतियों पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि कोरोना वैक्सीन लेने से कोई व्यक्ति कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं हो जाता है। कोरोना का टीका लेने के बाद आये हल्के बुखार को कोरोना वायरस का लक्षण नहीं समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीन लेने पर कुछ व्यक्तियों को हल्का बुखार, इंजेक्शन लेने की जगह पर दर्द और शरीर में दर्द हो सकता है।

### सोने-चांदी के भाव टूटे

**मुंबई।** विदेशों में दोनों कीमती धातुओं में रही गिरावट से घरेलू वायदा बाजार में गुरुवार को सोने-चाँदी की चमक फीकी पड़ गई। एमसीएक्स वायदा बाजार में आज सोना 445 रुपये यानी 0.90 प्रतिशत की नरमी के साथ 48,860 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। सोना मिनी भी 445 रुपये लुढ़ककर 48,909 रुपये प्रति 10 ग्राम बोला गया। चाँदी 786 रुपये यानी 1.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65,235 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बिकी। चाँदी मिनी 811 रुपये फिसलकर 65,208 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

# मुरुम डालने के लिए 4.03 करोड़ का प्रोजेक्ट, प्रति 2 किमी 36.64 लाख का प्रस्ताव स्वीकृत-निरस्त

## बड़गैंया के सीसीएफ बनने के बाद कांकेर वनवृत्त में मची उथल-पुथल

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com

न जाने क्यों अब भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्यवाही करने में सरकार के हाथ कांपने लगे हैं। दो साल पहले प्रदेश में कांग्रेस आश्चर्यचकित करने वाले बहुमत के साथ सत्ता में आई। भ्रष्ट अधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की लुटियां डुवो दी। जनता ने भ्रष्टाचार समेत तमाम मुद्दों से तंग आकर भाजपा को 14 सीटों में समेट दिया। आज भी रमन शासन काल के भ्रष्टाचार मीडिया में चारों ओर गूंजते रहते हैं। भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री बनते ही प्रदेश के भ्रष्ट अधिकारियों में खौफ था लेकिन दो साल बीतते ही वही अधिकारी फिर से भ्रष्टाचार का जाल बिछाना चालू कर दिये है। आलम यह है कि सरकार को जैसे ही भ्रष्टाचार का पता चलता है तो टेन्डरों को/प्रशासकीय स्वीकृति को निरस्त करना पड जाता है। लेकिन एक हैरत करने वाली बात यह है कि सरकार टेन्डरों/प्रशासकीय स्वीकृती को तो निरस्त कर देती है लेकिन भ्रष्टाचार का मंशूबा रखने वाले अधिकारियों को बख्श देती है। जिसके कारण आज प्रदेश में चारों ओर हो रहा भ्रष्टाचार कांग्रेस सरकार को जकड़ते जा रहा है। यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि अभी डा. रमन सिंह के कार्यकाल के भ्रष्टाचार पूरे प्रदेश में गूंज रहा है आगामी सालों में शायद ही सीएम भूपेश बघेल इससे अछूते रह पायें। इसलिए समय रहते इन भ्रष्ट अधिकरियों पर सरकार को लगाम कसना अभी से प्रारम्भ कर देना चाहिए। आइये भ्रष्टाचार के मंशूबे रखने वाले अधिकारियों के खेल को समझें। मामला है प्रदेश के चर्चित आईएफएस एसडी बड़गैंया के कांकेर वन वृत्त के अन्तरगत पश्चिम भानुप्रतापपुर का जहां पक्की एवं अच्छी स्थिति के सड़कों को बनाने के लिए वनमण्डल के प्रभारी डीएफओ के द्वारा करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार करने का प्लान बनाया गया। प्लान वहां का जहां पर आगामी योजना के तहत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क व पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क बनाया जाना प्रस्वावित है। सड़कों के लिए गलत प्रोजेक्ट पेश करते हुए भ्रष्टाचार की प्लानिंग की गई। इस प्रोजेक्ट की ग्रामीणों ने न कभी मांग की और न ही उन्हे इसके बारे में उन्हें कोई जानकारी थी। यहां तक की पंचायत से प्रस्ताव की स्वीकृती लेना भी उचित नहीं समझा गया। सीधे तकनीकि स्वीकृती के लिए भेज दिया गया। भ्रष्ट अधिकारियों के मंशूबों को पहली कामयाबी मिल गई। प्रस्ताव के आधार पर 22 किलोमीटर हेतु 4.03 करोड़ रुपये की तकनीकि तथा प्रशासकीय स्वीकृती मिल गई । अधोसंरचना विकास एवं पर्यारण निधि से वित्तीय वर्ष 2020-21 में पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमण्डल को 22 किलोमीटर के लिए 4.03 करोड रुपये से वनमार्गो के मुरुमीकरण के लिए स्वीकृती दी गई। प्रस्ताव में लागत कहीं अधिक दर्शायी गई। हैरत करने बाली बात यह है कि जिस मार्ग के लिए प्रशासकीय स्वीकृती ली गई वह पहले से ही बना हुआ है। वहीं कुछ शेष वनमार्ग प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क तथा पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पक्की सड़क बनाने के लिए प्रस्तावित थे । बजट के अनुसार प्रति 2 किलोमीटर सिर्फ मुरुम मिट्टी के लिए 36.64 लाख का प्रस्ताव भेजा गया जबकि अच्छे डब्ल्यूबीएम के लिए भी कैंपा मद से अधिकतक 30 लाख ही आता है। हालांकि बाद में सरकार को बात समझ आयी तो राज्य शासन ने उक्त स्वीकृती को निरस्त कर दिया। यह पहला प्रकरण नहीं जहां सरकार ने स्वीकृती निरस्त की इसके पहले भी कई हजार करोड़ की योजना जलजीवन मिशन के अर्न्तगत हर घर नल की योजना का भी टेंडर सरकार ने निरस्त किया है। पर आश्चर्य दोषी अधिकारियों का सरकार ने कान नहीं पकडा जिससे प्रदेश के भ्रष्ट अधिकारियों कें मंशूबे सातों आसमान पर हैं।

**बड़गैंया के रसूख के चलते कांग्रेसी विधायक बौने-** आईएफएस बडगैंया का रसूख वन विभाग में इस कदर हावी है कि क्षेत्रीय विधायकों को भी उपेक्षा का समाना करना पड़ रहा है। केशकाल के विधायक तथा बस्तर आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संतराम नेताम नें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखकर बड़गैंया को हटाने का आग्रह किया था लेकिन बड़गैंया के रसूख के आगे कांग्रेस के अपने विधायक भी बौना साबित हो रहे हैं। तो वही डायरेक्ट आईएफएस बड़गैंयां के गलत मंसूबे पर काम करने से इनकार कर देते हैं इसलिए बडगैंयां ने प्रभारी डीएफओ का जाल बिठा दिया है। प्रभारी डीएफओ की प्रणाली से आईएफएस लॉबी में भी आन्तरिक रुप से काफी नाराजगी है।

### विवादित आईएफएस बड़गैंयां के सीसीएफ बनने के बाद कांकेर वन वृत्त में लगातार उथल-पुथल मची हुई है

चर्चित आईएफएस बड़गैंया की कांकेर पोष्टिंग के बाद से ही कांकेर वन वृत्त में अफरा-तफरी मची हई है। ऐसा नहीं है



कि भानुप्रतापपुर में मुरुम मिट्टी के लिए 4.03 करोड की स्वीकृती ली जा रही थी तो बड़गैंया इससे अभिग्न थे। कई शिकायतें आती रही लेकिन बडगैंया ने इस प्रोजेक्ट के लिए पूरी ताकत लगा रखी थी। इन कार्यों के लिए टेंन्डर भी जारी करने के लिए शासन को लिखा चा चुका था। कहा जाता है कि अपने चहेते लोगों को काम देने की तैयारी भी कर ली गई थी।



लेकिन बात मीडिया तक पहुंचने से इस जुगलबंदी की पोल खुल गई। लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि शासन को गुमराह करने वाले इन दोषी अधिकरियों पर अभी तक अनुशासनात्मक कार्यवाही क्यों नहीं की गई?



# बालोद जिले में बर्ड फ्लू की हुई पुष्टि

## 5 मुर्गियों की भोपाल लैब में भेजे गए सैम्पल की रिपोर्ट आई पॉजिटिव


रायपुर, रविवार 10 जनवरी 2021
www.dailypioneer.com
पायनियर

गिधाली स्थित पोल्ट्री फार्म में 210 मुर्गियों और दल्लीराजहरा में 3 कौवो की मौत, प्रदेश से पहुंची पशु चिकित्सा विभाग की टीम

जांच के लिए 10 मुर्गियों के लिए गए सैम्पल तो वही 200 मुर्गियों को दफनाया गया





पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में अब बर्ड फ्लू में एंट्री ले ली हैं। भोपाल लैब में भेजे गए 5 मुर्गियों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई हैं। जिसके बाद जिले में हड़कम्प मच गया हैं। गौरतलब हो कि 9 जनवरी को ग्राम गिधाली के एक पोल्ट्री फार्म में 210 मुर्गियों की मौत हुई थी। जिसके बाद प्रदेश की पशु चिकित्सा विभाग की टीम मौके पर पहुंच 10 मुर्गियों के सैम्पल अपने साथ जांच के लिए ले गई थी। जिसमें 5 मुर्गियों के सैम्पल को जांच के लिए भोपाल भेजा गया था। जिसकी रिपोर्ट गुरुवार को देर शाम आई हैं। जांच रिपोर्ट में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई हैं। मुर्गियों में एच-5 एन-8 के लक्षण पाए गए हैं। बहरहाल जिला प्रशासन एवं पशु चिकित्सा विभाग अलर्ट मोड पर आ गया हैं। कलेक्टर ने पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी पोल्ट्री फार्म में कड़ी निगरानी रखने निर्देशित किये हैं।

## वर्धा आश्रम में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और नेताओं को गांधी के विचारों का अनुसरण करने तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

# सीएम भूपेश बघेल ने गांधी आश्रम में जमीन पर बैठकर खाया खाना

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार को वर्धा स्थित गांधी आश्रम सेवाग्राम पहुंचे, वहां के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिरकत की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पिछले दो साल से प्रदेश में गांधी की विकास नीति पर काम कर रहे है। जिसका अच्छा प्रतिसाद छत्तीसगढ़ में देखने को मिला है। मुख्यमंत्री बघेल ने सादगी का परिचय देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम और प्रभारी पी एल पुनिया और कार्यकर्ताओं के साथ जमीन पर बैठकर खाया खाना। प्रशिक्षण वर्ग के समापन अवसर पर विशेष वक्ता के रूप में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गांधीजी के विचारों पर केंद्रित व्याख्यान दिया। जिसकी थीम स्वदेश आधारित विकास है। मुख्यमंत्री बनते ही सबसे पहले महात्मा गांधी के बताए ग्राम्य आधारित विकास मॉडल को आगे बढ़ाया और गरीब व किसानों के लिए योजनाएं लागू की। वर्धा आश्रम में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और नेताओं को गांधी के विचारों का अनुसरण करने तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें देश भर के कांग्रेसी नेता शामिल हुए । जो कांग्रेस शासित राज्यों के सात पूरे देश में कांग्रेस की गांधीवादी विचारधारा का प्रचार प्रसार करेंगे। कांग्रेस के कार्यकर्ता सेवाग्राम आश्रम में सादा जीवन शैली व्यतीत करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात कर रहे हैं। वर्धा आश्रम में पिछले तीन दिनों से प्रदेश कांग्रेस के 75 से अधिक कार्यकर्ता और नेता सूत कातने, गौशाला साफ करने और साफ-सफाई रखने, प्रशिक्षण हासिल किया। प्रदेश प्रभारी पी एल पुनिया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम और मीडिया प्रभारी शैलेष नितिन त्रिवेदी छत्तीसगढ़ के दल नेतृत्व किया।

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का

श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस

नया चिकित्सा महाविद्यालय शुभारंभ 2021

राजधानी रायपुर शहर के मध्य स्थित श्री बालाजी हास्पिटल मोवा रायपुर के समीप नया मेडिकल कॉलेज का

अतिशीघ्र शुभारंभ



डिपार्टमेंट

- एनाटॉमी
- फिजियोलॉजी
- बायोकमेस्ट्री
- फार्मेकोलॉजी
- जनरल मेडिसिन
- जनरल सर्जरी
- ऑर्थोपेडिक्स
- ई.एन.टी.
- ऑप्थल्मोलॉजी
- ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी
- एनेस्थिसियोलॉजी
- रेडियोडायग्नोसिस
- डेंटिस्ट्री
- इमरजेंसी मेडिसिन
- पैथोलॉजी
- माइक्रोबायोलॉजी
- फॉरेंसिक मेडिसिन
- कम्युनिटी मेडिसिन
- पीडियाट्रिक्स
- डर्मेटोलॉजी
- सायकाइट्री
- रेस्पिरेटरी मेडिसिन

संपर्क करें

श्री बालाजी हॉस्पिटल, मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़
डॉ. शुभम अवस्थी +91 7000541861, हिमांशु साहू +91 9575021000
E-mail : hr.sbims@gmail.com

# मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत जरूरतमंद लोगों का घर पर ही इलाज की सुविधा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ शासन की मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से अब अपनी रोजी-रोटी के लिए दिनभर जूझने वाले श्रमिकों को अपनी सेहत की भी चिंता नहीं रहती। योजना के तहत अपने घर के आस-पास ही मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधा उन्हें किसी वरदान से कम नहीं लगती। मजदूर आमतौर पर बीमार पड़ने पर भी अस्पताल में लगने वाली लंबी लाइनों से कतराने के कारण बीमारी के साथ जीने को बाध्य होते हैं। परन्तु अब लोगों को शासन उनके घर पर ही इलाज मुहैया कराने के लिए शुरु की गई मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना उनके लिए वरदान साबित हो रही है। जगदलपुर नगर निगम में भी इस योजना के तहत चार चलित इकाईयां संचालित की जा रही हैं। मजदूर पृष्ठभूमि के इन नागरिकों को श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए उपचार के लिए पहुंचने पर श्रम पंजीयन भी किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चलित इकाइयों के माध्यम से अब तक 158 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिसमें 7 हजार से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार किया जा चुका है। यहां विभिन्न रोगों के जांच की सुविधा भी दी जा रही है। निगम के द्वारा वार्डों में लॉउस्पीकर के माध्यम से मुनादि भी कराई जा रही है। मोबाइल यूनिट के निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# बालको मेडिकल सेंटर वास्तव में छत्तीसगढ़ के वंचित समुदायों के लिए एक वरदान : अनुसुईया उइके

## राज्यपाल ने किया बालको मेडिकल सेंटर में डायलिसिस मशीन का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल अनुसुइया उइके ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर बालको मेडिकल सेंटर में डायलिसिस मशीन का उद्घाटन किया। जो अस्पताल द्वारा प्रदान किए गए उपकरणों और सेवाओं की सूची में जुड़ी नवीनतम सुविधा है।

मकर संक्रांति शुभ उत्तरायण काल की शुरुआत का प्रतीक है और इस पवित्र दिन राज्यपाल ने कहा कि उन्हें बालको मेडिकल सेंटर में जो सुविधाएं कैंसर के मरीजों को मिलती देखी, वह उन्होंने आसपास के दूसरे राज्यों में भी नहीं देखी। उन्होंने कहा कि यहां उन्होंने मरीजों को देखा है जो कैंसर के अंतिम पड़ाव पर है और उनका इलाज भी संभव हो पा रहा है । राज्यपाल ने बालको मेडिकल सेंटर के प्रबंधकों को उनके द्वारा किये जाने वाले सामाजिक कार्यों और छत्तीसगढ़ राज्य में इतनी अच्छी कैंसर देखभाल लोगों को देने के लिए सराहा।

अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने अस्पताल के अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और नैदानिक सुविधाओं की सराहना की और कहाकि बालको मेडिकल सेंटर वास्तव में छत्तीसगढ़ के वंचित समुदायों के लिए एक वरदान है।



जो अब अपने राज्य में विश्व.स्तर के कैंसर के उपचार का लाभ उठा सकते हैं। राज्यपाल ने आधुनिक व्यापक और उच्चगुणवत्ता वाली चिकित्सा देखभाल की सराहना की जो यह अस्पताल एक सस्ती कीमत पर प्रदान करता है। बाद में उन्होंने कैंसर से पीड़ित रोगियों और बच्चो के साथ बातचीत की जिनका इलाज आयुष्मान भारत और डॉक्टर खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना जैसी विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत बालको मेडिकल सेंटर में किया जा रहा है। उन्होंने अस्पताल के कर्मचारियों के साथ भी बातचीत की। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे हर दिन ऐसे ही दयालु देखभाल प्रदान करते रहें। बालको मेडिकल सेंटर के मुख्यकार्यकारी अधिकारी एस वेंकटाकुमार ने कहा इस अस्पताल को शुरू करने का उद्देश्य उन कैंसर रोगियों को डायलिसिस प्रदान करना है जिन्हें किडनी की समस्या है। बालको मेडिकल सेंटर हमेशा अपने मरीजों को एक छत के नीचे सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास करता रहा है। हमारे साथ काफी मरीज हैं,जो किडनी की जटिलताओं के साथ क्रोनिकडायबिटिक हैं, जिन्हें डायलिसिस की जरूरत है। इस सुविधा के जुड़ने से उनके समय और धन दोनों की बचत होगी।आखिरकार, नयारायपुर में लोग जिन्हें नियमित रूप से डायलिसिस की आवश्यकता होती है और वर्तमान में इसका लाभ उठाने के लिए रायपुर की यात्रा कर रहे हैं, वे भी इसे प्राप्त करने के लिए यहां आ सकते हैं।

वेंकटाकुमार ने राज्यपाल को छत्तीसगढ़ सरकार के साथ अस्पताल की साझेदारी के बारे में भी बताया कि की कैसे बालको मेडिकल सेंटर ने एक प्रभावी कैंसर शिक्षा, रोकथाम और शीघ्र पहचान की मुहिम शुरू की है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से छत्तीसगढ़ के 12 जिलों में बीएमसी द्वारा संचालित कैंसर स्क्रीनिंग शिविरों की सफलता की सराहना की। बालको मेडिकल सेंटर वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की छत्तीसगढ.के नया रायपुर में स्थापित पहली प्रमुख पहल है, जिसमें 170 बेड, अत्याधुनिक ऑन्कोलॉजी देखभाल सुविधा है, जिसमें 50 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक हैं। यह पूरे मध्य भारत में सबसे बड़ी और सबसे उन्नत ऑन्कोलॉजी सुविधा है। यह मानवजाति के लिए ज्ञात सबसे महत्वपूर्ण बीमारी का विश्वस्तरीय उपचार प्रदान करता है। वीएमआरएफ का उद्देश्य भारत की आबादी तक आसानी से उचित और सस्ती कीमत पर अल्ट्रा.मॉडर्न, मल्टी .मॉडेलिटीडायग्नोस्टिक और चिकित्सीय सुविधाएं लाना है। वर्तमान में यह तेजी से भारत के ऑन्कोलॉजी स्पेस में एक राष्ट्रीय लीडर के रूप में उभर रहा है जिसमें चिकित्सा, शल्यचिकित्सा विकिरण, रक्त विज्ञान और उपशामक देखभाल शामिल है।

# रमन में साहस है तो परिवार के सदस्यों का खाता सार्वजनिक करें : मरकाम

## जिसमें न्याय-धान खरीद का पैसा आया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह अपनी खोई हुई ताकत और जमीन को हासिल करने की लचर कोशिश कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार उनकी 15 साल की नाकामियों से राज्य को उबारने की कोशिश कर रही है, तो यह गरीब व किसान विरोधी रमन सिंह और भाजपाइयों को रास नहीं आ रही है। वे लगातार जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री को यह बताना चाहिए कि राज्य की जिन कृषि योजनाओं का वे विरोध कर रहे हैं, उससे उन्हें खुद और उनके परिवार के लोगों को कितना लाभ हुआ है ? डॉ रमन सिंह में साहस है तो वे अपने और परिवार के सदस्यों का खाता सार्वजनिक करें, जिसमें न्याय योजना और धान खरीदी का पैसा पहुंचा है। रमन सिंह को खुद यह चुनौती को स्वीकार करनी चाहिए।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि डॉ रमन सिंह और उनकी पार्टी भाजपा का किसान विरोधी चेहरा सामने आ गया है। सिंघु बार्डर में पिछले 50 दिनों से कड़कड़ाती सर्दी में लाखों किसान डटे हुए हैं और भाजपा की केन्द्र सरकार तीनों काले कानूनों को अमल में लाने के लिए षडयंत्र कर रही है। दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल सरकार बनने के पहले घंटे से किसानों की चिंता कर रहे हैं। उनके हर दिन की शुरुआत किसानों की चिंता से शुरु होती है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शपथ लेने के एक घंटे के भीतर किसानों और गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए जो फैसले लिए हैं, उसका असर दिखने लगा है। रमन सिंह ने राज्य की आर्थिक और सामाजिक बुनियाद को खोखला कर दिया था। ये तमाम नाकामियां रमन सिंह के खाते में दर्ज हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वहां से राज्य को उबारने की कोशिश कर रहे हैं, तो वे जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस ने कहा है कि रमन सिंह शक्ति-क्षीण नेता हो गए हैं, अन्यथा वे हौसले के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल करते कि छत्तीसगढ़ के साथ बारदाना देने में सौतेला व्यवहार क्यों? छत्तीसगढ़ में किसानों को बोनस देने में अड़ंगे क्यों लगाए जा रहे हैं?

# 20 लाख लेकर शराब दुकान का सुपरवाइजर हुआ फरार

- गुस्से में आबकारी अधिकारियों ने कर्मचारियों को जमकर पीटा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

शराब दुकान का सुपरवाइजर 20 लाख रुपये लेकर फरार हो गया है। ये पूरा मामला राजधानी रायपुर के राजेंद्र नगर इलाके का है। जानकारी के मुताबिक राजेंद्र नगर इलाके के अमलीडीह शराब भट्ठी में ये सुपरवाइजर काम करता था, जहां से वो अवैध शराब बिक्री के मिले 20 लाख रुपये को लेकर फरार हो गया है। फरार सुपरवाइजर का नाम विपुल है, जो हरियाणा के फरीदाबाद का रहने वाला है। पिछले दो दिनों से विपुल तिवारी का कोई पता नहीं चल पाया है। इस मामले में राजेंद्र नगर थाने में गुमशुदा इंसान का मामला दर्ज किया गया है।




**नंबर-2 शराब की बिक्री का था पैसा :** खबरें हैं कि कई शराब दुकानों में आबकारी विभाग और शराब दुकानदार की मिलीभगत से नंबर-2 की शराब बेची जाती है। इस शराब के पैसों का हिसाब-किताब सरकारी फाइलों में दर्ज नहीं होता है। बिक्री का हिस्सा आबकारी विभाग के अधिकारियों व शराब दुकानदार में बंटता है। जो 20 लाख रुपये लेकर फरार होने की बात विपुल की सामने आ रही है, वो भी नंबर-2 की शराब का ही पैसा था, लिहाजा 20 लाख लेकर गायब होने की खबरों पर लीपापोती की जा रही है। क्योंकि अगर ये मामला उजागर हुआ तो फिर आने वाले दिनों में आबकारी विभाग के कई अधिकारी के उपर भी फांस पड़ सकती है।

### गुस्से में अधिकारी ने शराब दुकान के कर्मचारी को पीटा

नंबर-2 के शराब के पैसों को लेकर गायब होने की खबर के बाद आबकारी विभाग के अधिकारी बौखला गये हैं। गुस्से में सहायक आबकारी अधिकारी ने अमलीडीह शराब दुकान के कर्मचारियों पीटा भी है। पिटाई में शराब दुकान के कई कर्मचारी बुरी तरह से जख्मी हो गये हैं। अब जख्मी शराब दुकान के कर्मचारी राजेंद्र नगर थाना पहुंचे हैं, जहां वो अपनी शिकायत दर्ज कर रहे हैं। इधर 20 लाख लेकर गायब होने की खबर के बाद राजधानी में सरगर्मियां तेज है।

# कोरोना संक्रमण से 94 स्वस्थ हुए, 671 नए संक्रमित मिले

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस कोविड 19 के संक्रमण को रोकने के लिए अब वैक्सिन इंडिगो के विशेष विमान से रायपुर पहुंच चुंकी है। 3 लाख 33 हजार वैक्सिन के जरिए प्रथम खेप में कोरोना संक्रमण को रोकने की तैयारी राज्य शासन द्वारा युद्ध स्तर पर की गई है।

कोरोना संक्रमण से राहत के लिए प्रथम पंक्ति में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के निर्देश पर पहले टीकाकरण का कार्य प्राथमिकता क्रम में हेल्थ वर्करों को लगेगा। उसके बाद नियमानुसार अन्य लोगों को टीकाकरण करने के बाद सबसे बड़ी चुनौती कोरोना संक्रमित मरीजों के साथ ही ठीक हो चुके मरीजों को कोरोना टीकाकरण अभियान के सफल संचालन की होगी। प्रथम सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा इस संबंध में विभागीय अधिकारियों की पहली खेप पहुंचने से पूर्व ही समीक्षा बैठक हो चुकी है जिसमें वर्कआउट तैयार किया गया है। आने वाले समय में कोरोना को संपूर्ण रूप से समाप्त करने के लिए प्रथम शासन का स्वास्थ्य विभाग कमर कसकर लोगों के बीच जनजागरूकता अभियान के जरिए पहुंचने के लिए तैयार है। छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार बुधवार रात 8 बजे की स्थिति में प्रदेश से कुल 94 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज होने की जानकारी दी गई है।

# रायपुर स्मार्ट सिटी लि. करेगा रोहिणीपुरम तालाब का कायाकल्प

- सांसद सुनील सोनी, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय और महापौर एजाज ढेबर की उपस्थिति आज होगा भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

### 72 लाख रुपये की तैयार की गई कार्य योजना

रायपुर स्मार्ट सिटी लि. ने रोहिणीपुरम तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 72 लाख रुपये की कार्य योजना तैयार की है। इस कार्य योजना के अंतर्गत रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा तालाब के चारों तरफ फुटपाथ निर्माण, घाट निर्माण, लाईटिंग, फ्लोटिंग हाईजेट फाउंटेन, बैठक व्यवस्था, फेंसिंग एंव पौधरोपण, डस्टबिन और साईनेज का कार्य किया जाएगा। वहीं तालाब के सौंदर्यीकरण की कार्य योजना को लगभग 8 माह में पूर्ण किया जाएगा।

स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत रायपुरा स्थित रोहिणीपुरम तालाब के कायाकल्प की कार्ययोजना रायपुर स्मार्ट सिटी लि. ने तैयार की है।

इस कार्ययोजना के क्रियांन्वयन के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम मुख्य अतिथि सुनील सोनी, सांसद, रायपुर लोकसभा, अति विशिष्ट अतिथि विकास उपाध्याय, संसदीय सचिव छ.ग. शासन एवं विधायक रायपुर (पश्चिम) विधानसभा, अध्यक्षता एजाज ढेबर, महापौर, नगर पालिक निगम, रायपुर की गरिमामयी उपस्थित में दिनांक 15 जनवरी (शुक्रवार) 2021 को दोपहर 12 बजे सम्पन्न होगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर श्रीमती छाया वर्मा, सांसद, राज्यसभा, सत्यनारायण शर्मा, विधायक, रायपुर ग्रामीण, बृजमोहन अग्रवाल, विधायक एवं पूर्व मंत्री, रायपुर दक्षिण, कुलदीप जुनेजा, विधायक उत्तर, प्रमोद दुबे, सभापति नगर पालिक निगम, ज्ञानेश शर्मा, अध्यक्ष लोककर्म विभाग, नगर पालिक निगम, मन्नू विजेता यादव, अध्यक्ष जोन क्रमांक-5, मधु चंद्रवंशी, पार्षद भी उपस्थित होंगी।

## एक्सपो में मुख्य आकर्षण के रुप में कश्मीरी साड़ी, कलकत्ता साड़ी, कोसा सिल्क, बम्बू सिल्क, बनारसी सिल्क, भागलपुरी लिनेन साड़ी

# नेशनल हैण्डलूम एक्सपो में बेहतरीन कार्पेट किफायती दाम में

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

शहर की बबिता प्रधान को अपने घर हेतु कार्पेट लेना था, कई जगह घूमने के बाद जब उन्होंने नेशनल हैण्डलूम एक्सपो में कदम रखा तो हैरान रह गयी, क्योंकि यहां उनके जरुरतों का वो सब सामान था जिसके लिए वह भटकती रही. यहां हैण्डलूम में एक से बढ़कर एक बेहतरीन कार्पेट, वूडन पैंटिंग, सारंगपुरी फर्नीचर, बेड व सोफा कवर, राजस्थानी बग के अलावा पश्मिना शॉल व कश्मीरी कुर्ती की एक से बढ़कर एक वेरायटी है. इतना ही नहीं उन्हे हर आयटम में 20 प्रतिशत तक का डिस्काउंट भी मिला।



स्थानीय काली मंदिर, आकाशवाणी के सामने स्थित गॉस मेमोरियल मैदान में शॉपेक्स द्वारा आयोजित नेशनल हैण्डलूम कंज्यूमर एक्सपो-2020 में 70 हजार से अधिक वस्तुओं और कई राज्यों के शिल्पकारों की आकर्षक रेंज की वस्तुएं प्रदर्शित की गई है. जिसमें घर सजाने के लिए एक से बढ़कर एक सामान जैसे शो-पीस, फर्निचर, होम एप्लायंसेस और टेराकोटा के एक से बढ़कर एक आईटम उपलब्ध है. प्रदर्शनी को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है.

उपरोक्त जानकारी एक्सपो के संचालक ने दी. उन्होंने बताया कि इस आयोजन में हैण्डलूम, हैण्डीक्राफ्ट, लाईफ स्टाईल, होम डेकोर, फर्नीचर व एसेसरीज की विशाल श्रृंखला किफायती दरों में उपलब्ध हैं. एक्सपो में मुख्य आकर्षण के रुप में कश्मीरी साड़ी, कलकत्ता साड़ी, कोसा सिल्क, बम्बू सिल्क, बनारसी सिल्क, भागलपुरी लिनेन साड़ी, चंदेरी सिल्क, लखनवी चिकन, डेनिम कुर्ती, बटीक प्रिंट, जयपुरी वन पीस, पंजाबी फुलकारी, खादी शर्ट, मोदी जैकेट, अफगानी सुट, झांसी बेडशीट, केकडा बेडशीट, जयपुरी बेडशीट, फैंसी ज्वेलरी, स्टोन ज्वेलरी, राजस्थानी एंटीक ज्वेलरी, फिरोजाबाद के कलरफुल बैंगल्स ही नही बल्कि कपड़ों में टी-शर्ट, लोवर, वूलन लेडिज जैकेट व फुटवियर में पटियाला जूती, राजस्थानी जूती, बॉम्बे सैंडल तथा कॉस्मेटिक, होम एप्लायंसेस की विशाल रेंज रखी गई है. यहां भोजन हेतु के लिए एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट फूड स्टॉल है. प्रदर्शनी में प्रवेश निःशुल्क है।

# 2020 बैच के 6आईएएस अफसरों को मिला छत्तीसगढ़ कैडर

- सालों बाद होम कैडर का एक भी अफसर नहीं
- दो महिला आईएएस भी मिली प्रदेश को

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ को 2020 बैच के 6 आईएएस अफसर मिलेंगे। यूपीएससी ने चयनित 179 आईएएस अफसरों को उनके कैडर आवंटित कर दिये हैं। प्रदेश में सालों बाद ऐसा मौका है, जब एक भी होम कैडर का आईएएस अफसर नहीं होगा। मिले 6 अफसरों में सभी आउट साइडर हैं। दरअसल 179 आईएएस की लिस्ट में एक भी होम कैडर का अफसर था भी नहीं। छत्तीसगढ़ की भिलाई में रहते 31वीं रैंक हासिल करने वाली सिमी करण का भी होम कैडर ओड़िसा था, उन्हें असम मेघालय कैडर मिला है।

छत्तीसगढ़ में आईएएस बने अफसरों में दो झारखंड के हैं। ऑल इंडिया 73वीं रैंक पाने वाले झारखंड के अभिषेक कुमार, 182 रैंक पाने वाले ओड़िशा के कुमार विश्वरंजन, 356 रैंक पाने वाले झारखंड के प्रतीक रंजन, 413 रैंक पाने वाली यूपी की स्वेता सुमन, 432 रैंक पाने वाली दिल्ली की सुरूचि सिंह और 822रैंक पाने वाले महाराष्ट्र के नंदनवार हेमंत रमेश छत्तीसगढ़ में आईएएस बनेंगे। छत्तीसगढ़ में जो 6 आईएएस बने हैं, उनमें दो महिला स्वेता सुमन और सुरूचि सिंह एससी वर्ग से हैं, जबकि अभिषेक, विश्वरंजन और प्रतीक समान्य वर्ग से और नंदनवार हेमंत ओबीसी वर्ग से सेलेक्ट हुए हैं।

# हड़ताल के बीस दिन बाद भी सरकार का सचिवों के मांगों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं



पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

उसूर ब्लॉक के समस्त पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक सचिव आवापल्ली मुख्यालय में सड़क किनारे पंडाल लगाकर जायज मांगों को लेकर हड़ताल में 20 दिन से डटे हुए हैं। सचिवों ने रिपोर्टिंग के दौरान बताया है कि पंचायत स्तर में उनके मार्फत भर्ती किए-गए शिक्षाकर्मियों का सरकार नियमित करण किया। वही सचिवों का नियमित करण करने में सरकार के इस सौतेले रवैया से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा जब तक सरकार कोई निर्णय नहीं लेगा तब तक हड़ताल में डटे रहेंगे।

सरकार से उनका यह मांग हैं कि सचिवों को नियमित करण करें और रोजगार सहायक सचिवों को वरिष्ठता के आधार पर पंचायत सचिव के पद पर सीधी भर्ती तथा सहायक सचिव का दर्जा देने की मांग सालों से करते आ रहे हैं लेकिन हर बार सरकार मांग पूर्ण करने के नाम पर झूठे आश्वासन देकर हड़ताल वापस लेने को बाध्य करती हैं? हड़ताल से वापस काम के ओर लौटने के बाद सरकार आश्वासन से मुकर जाती है। बार बार के झूठे आश्वासनों से क्षुब्ध होकर इस बार पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक सचिवों ने ठान लिया है कि सरकार से मांगे मनवाकर ही दम लेंगे। ज्ञात हो कि सचिव कल से क्रमिक भूख हड़ताल कर रहें हैं।

इस तरह सचिवों का आज भूखड़ताल का तीसरा दिन हैं। सचिव अब खुद को लाचार और ठगा-सा महसूस कर रहें हैं। बहरहाल जिले में पंचायत सचिव लंबे दिनों से हड़ताल में चले जाने से ग्राम पंचायतों में होने वाले रोजगार मूलक कार्य सहित प्रधानमंत्री आवास तथा अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन जमीन स्तर पर काफी प्रभावित हो गए। बुनियादी सुविधाओं से महरुम पंचायतों में विकास कार्यो में काम किए स्थानीय मजदूरों को सचिव हड़ताल में जाने से मजदूरी नहीं मिलने से रोज कमाओं रोज खाओ मुफलिसी तबके के सैकड़ों मजदूर रोजी-रोटी के जुगाड में जिले के पड़ोसी राज्य तेलंगाना आंध्रप्रदेश महाराष्ट्र के ओर मजबूरन पलायन करने को बाध्य हो गए। एक ओर सचिव मांगों को लेकर जिद मे हडे है। सरकार है कि मानती नहीं, सचिव करें तो क्या करें। लेकिन नक्सल प्रभावित इलाकों में जान को जोखिम में डालकर ग्राम पंचायत का संचालन करने में सचिवों का अहम हिस्सा होता है।

एक तरफ जाओ तो खाई दूसरे तरफ जाओ तो मौत। बावजूद इसके शासन के द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं को शासन प्रशासन के निर्देश में ग्राम पंचायत के धरातल में योजनाओं का सृजन एवं शुभ मुहूर्त देने में अहम भूमिका सचिव और रोजगार सहायक सचिवों का होता हैं। इससे सरकार नजदीकी से परिचित होने के बाद भी पंचायत सचिव और रोजगार सहायक सचिवों के मांगों को नजरंदाज करना समझ से परे है। इसका खामियाजा जिले के ग्राम पंचायतों के बाशिंदे व मजदूरों को भुगतान पड़ रहा हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि सचिवों के हड़ताल के बीसवें दिन बाद भी उनके मांगों के संदर्भ में निर्णय नहीं लेकर सरकार संवेदनहीनता का परिचय दे रहा हैं।

# एनएमडीसी सीएसआर के सहयोग से की जा रही है खेती



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

कृषि कार्य को बढ़ावा देने हेतु एनएमडीसी किरंदुल सीएसआर के माध्यम से कुआकोंडा तहसील के विभिन्न ग्रामों के किसानों को मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन प्रदान दीया जा रहा है।जिसके तहत सीएसआर अधिशासी निर्देशक आर गोविंराजन निरीक्षण करने पहुँचे उपमहाप्रबंधक धर्मेंद्र आचार्य, एवं शमयिता मठ कॉर्डिनेटर सपन मिश्रा के मार्गदर्शन में गोंगपाल स्कूल पारा के भीमसेन अपने डेढ़ एकड़ जमीन में सब्जी पत्ता गोभी, टमाटर, बैंगन की खेती की जा रही है।

# सीपीआई और बजरंग दल के 200 कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रवेश किया

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

जिले के गीदम नगर के सांस्कृतिक भवन में आयोजित गीदम मण्डल के एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी जिला दंतेवाड़ा के संगठन प्रभारी डॉ सुभाऊ कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप की मौजूदगी में जिला भाजपा अध्यक्ष चैतराम अटामी के नेतृत्व में आज राष्ट्रीय बजरंग दल व अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष ओम सोनी के समर्थन में सीपीआई और राष्ट्रीय बजरंग दल के लगभग 200 कार्यकर्ताओ के साथ भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया।

भाजपा में नवप्रवेशी सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष ओम सोनी ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के पार्टी में प्रवेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किये जा रहे विकास कार्यो का परिणाम है। इस दौरान जिला संगठन के दोनों महामंत्री संतोष गुप्ता, धीरेन्द्र प्रताप सिंह सहित भाजपा के जिला पदाधिकारी एवं गीदम मण्डल पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सरपंच ने नक्सली कमांडर से कहा था कलेक्टर की वाहन को विस्फोट से उड़ाने

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

जिले के कटेकल्याण ब्लॉक के एक सरपंच द्वारा कलेक्टर की वाहन को ब्लास्ट से उड़ाने के लिए नक्सली कमांडर को सुपारी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दंतेवाड़ा एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने बताया कि पंचायत के डबरी निर्माण कार्य में कमीशन लेने वाले नक्सली कमांडर बुधरा सोड़ी के पखनाचुआं पहुंचने की पुख्ता सूचना मिली थी, जिसके आधार पर फोर्स ने दबिश दी लेकिन फोर्स के आने की भनक मिलते ही नक्सली कमांडर बुधरा किसी तरह भाग निकला, लेकिन नक्सली को रंगदारी की रकम देने पहुंचा सरपंच पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पूछताछ के दौरान सरपंच ने लिखित कबूलनामा में बताया कि 07 जनवरी को उसने नक्सली कमांडर बुधरा से मुलाकात कर गांव में कलेक्टर प्रवास कार्यक्रम की जानकारी दी और विस्फोट से उड़ा देने को कहा था। गौरतलब है कि दंतेवाड़ा कलेक्टर ग्राम पंचायत पखनाचुआं में पहुंचकर राशन दुकान भवन, आंगनबाड़ी व अन्य निर्माण कार्यों का शुभारंभ करने वाले थे। एसपी डॉ पल्लव ने कहा कि सरपंच का इस तरह का कृत्य हत्या के प्रयास व आपराधिक षड्यंत्र की श्रेणी में आता है। फिलहाल सरपंच से पूछताछ की जा रही है, कुछ और भी महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकती हैं।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मकर संक्रांति उल्लास के साथ मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

मकर संक्रांति के उपलक्ष में सरस्वती शिशु मंदिर के योगरथियों द्वारा हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। प्रतिदिन की भांति योग करने के उपरांत नगर भ्रमण कर भारत माता की जय,वंदे मातरम एवं संगठन गीत गाते हुए प्रभात फेरी निकाले। बच्चों ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर लगभग 5 किलोमीटर तलाब पारा, बंगाली केम्प, कोडनार 04, रामपुर केम्प, गजराज केम्प होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुआ। योग आचार्य ने बच्चों को मकर संक्रांति के बारे में विस्तार पूर्वक और महत्व के बारे में भी जानकारी देते हुए कहा कि सूर्य जब एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करते हैं तो इस घटना को संक्रांति कहते हैं।



आज से सूर्य का मकर राशि में प्रवेश होता है। पौष मास में सूर्य उत्तरायण होकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं । इस दिन से धरती पर अच्छे दिनों की शुरुआत मानी जाती है । इसकी वजह यह है कि सूर्य इस दिन से दक्षिण से उत्तरी गोलार्ध में गमन करने लगते हैं। इन दिनों में किए गए दान पुण्य से अधिक फलदायी होता है।महाभारत काल में भीष्म पितामह ने अपनी देह त्यागने के लिये मकर संक्रांति का ही चयन किया था। मकर संक्रांति का वैज्ञानिक कारण यह है कि इस दिन से सूर्य के उत्तरायण हो जाने से प्रकृति में बदलाव शुरू हो जाता है। शिशु मंदिर समिति ने लोगों से आवाहन किया कि दिनांक 15 जनवरी 2021 से श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए निधि (समर्पण राशि) नगर वासियों से इकट्ठा किया जाना है । और नगर वासियों से निवेदन है कि श्रीराम जन्म भूमि मंदिर निर्माण ट्रस्ट में अपना अंशदान जमा अवश्य कर गर्व महसूस करें योग बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर तिल, फल्ली और गुड की लड्डू बांटकर एक दुसरे को एवं नगरवासियों को संक्रांति की शुभकामनाए दीं ।

# एनएमडीसी किरंदुल को नैगम सामाजिक दायित्व के लिए मिला एपेक्स अवार्ड

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

नैगम सामाजिक दायित्व के तहत एनएमडीसी किरंदुल परियोजना द्वारा निर्धन परिवार के कक्षा 9वीं से स्नातक स्तर तक के विद्यार्थियों के प्रतिवर्ष 18000/- की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।



निर्धन परिवार के बच्चों के अध्ययन हेतु महत्वपूर्ण सहायता उपलब्ध कराने वाली इस योजना के लिए परियोजना को एपेक्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है। विदित हो कि एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल परियोजना ने विगत कई वर्षो तक परिक्षेत्रीय विकास में उल्लेखनीय कार्य किया है। इस गौरवशाली उपलब्धि के लिए किरंदुल परियोजना के अधिशासी निदेशक आर. गोविन्दनराजन ने बधाई दिया है। उप महाप्रबंधक (कार्मिक) सी.एस.आर धर्मेन्द्र आचार्य ने उक्त जानकारी प्रदान की।

# आखिरकार जिला अस्पताल पहुंची कोरोना वेक्सीन, पूजा-पाठ कर वेक्सीन को लिया गया

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

आखिरकार कोरोना वेक्सीन की पहली खेप जिला अस्पताल पहुँच गई। करीब 5130 वेक्सीन कड़ी सुरक्षा के बीच पहुँची है। आगामी 16 जनवरी को जिले के तीन सेंटरों में टीकाकरण किया जाएगा। गुरुवार दोहपर करीब 1 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच कोरोना वेक्सीन की पहली खेप जिला अस्पताल पहुँची। जहां नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू, डिप्टी कलेक्टर रवि साहू व सीएमएचओ डॉक्टर बंसोड़ ने पूजा-अर्चना करने में बाद कोरोना वेक्सीन का हस्तांतरण की प्रक्रिया हुई। उसके बाद जिला अस्पताल के वेक्सीन स्टोर में रखा गया। जहां वेक्सीन को 2 से 8 डिग्री के तापमान में रखा जाएगा। जिले में कुल 5130 वेक्सीन आई है जिसमे 4184 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के पहले चरण में टीकाकरण होने है। जिसके लिए जिले में कोण्टा, सुकमा व कुकानार सेंटर बनाए गए है। जहां 16 जनवरी को कोरोना वेक्सीन लगाया जाएगा। जिसकी तैयारी प्रशासन व स्वास्थ्य विभाव ने पूरी कर ली है।





## कोरोना वेक्सीन से मिलेगा फायदा : राजू साहू

नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी से निपटने के लिए कोरोना वेक्सीन सुकमा पहुँच गई है। जिसके लिए शासन-प्रशासन का बहुत बहुत धन्यवाद। जिले में पहले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ को लगाई जाएगी। इस जिले के लिए अच्छी खबर है।

## अनियंत्रित कार सड़क किनारे रेलिंग से टकराई एक की मौत एक घायल

**बीजापुर।** जिले के जांगला थाने अंर्तगत ग्राम माटवाड़ा के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे की रेलिंग से टकरा गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। स्थानीय लोगों ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम को एक कार जगदलपुर से बीजापुर की ओर जा रही थी। माटवाड़ा के पास मोड़ पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई। इस हादसे में मृतक की शिनाख्त अमोद राय निवासी जगदलपुर के रूप में की गई है। वहीं घायल की शिनाख्त अब्दुल सईद निवासी बीजापुर के रूप में की गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**गोठान में खाली पड़ी जमीन पर सब्जी-भाजी लगाया जा रहा**

# रामपुरम गोठान बना आत्मनिर्भर, भाजी बेचकर ग्रामीण कर रहे कमाई

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

जिले के रामपुरम गोठान आत्म निर्भर बनने की राह पर चल पड़ा है। यहां गौठान में खाली पड़ी जमीन पर सब्जी भाजी लगाकर ग्रामीण कमाई कर रहे हैं। और मुर्गी पालन का भी काम किया जा रहा है। आने वाले दिनों में गोठान में फलदार पौधे भी लगाये जायेंगे। जिला मुख्यालय से करीब 8 किमी दूर स्थिति रामपुरम गोठान जहाँ इन दिनों समिति के द्वारा सब्जी-भाजी लगाई जा रही है। जिले में बनाए गए गौठान मवेशियों के लिए अस्थायी आशियाना तो हैं ही,लेकिन अब यह गौठान ग्रामीणों के लिए रोजगार का केन्द्र भी बनता जा रहा है। शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना अंतर्गत रायगढ़ जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने अपनी मेहनत से गौठान प्रोजेक्ट को खुद की कमाई का साधन बना लिया है। गौठान में रिक्त पड़ी भूमि को पसीने व मेहनत से सींचकर ग्रामीणों ने इसे खेती के अनूकूल बनाया और इसमें सब्जी व भाजी की खेती कर नकद फसल लेने का काम शुरू किया ।



**भाजी बेचकर मिल रही आमदनी :** गोठान में कार्यरत समूह के सदस्य मिथुन कुमार व रंजीत बघेल ने बताया कि गोठान में जहाँ-जहाँ खाली जगह थी वहां-वहां सब्जी-भाजी लगाई गई है। शासन-प्रशासन की मदद से मुर्गी पालन का भी काम शुरू किया गया है। सप्ताह में चार-पांच दिन भाजी बेचने जाते है। और सब्जी में भिंडी, गोबी, टमाटर, बरबटी की फसल होने वाली है। सब्जी से अच्छी आमदनी हो जाती है।

## सभी गोठनों को आत्म निर्भर बनाया जाएगा : कलेक्टर

कलेक्टर विनित नंदनवार ने बताया कि शुरूआत में केवल एक गोठान को चयनित कर तैयार किया गया था लेकिन जब इसमें अच्छे नतीजे मिलने लगे है तो धीरे-धीरे कर सभी गौठानों में बाड़ी प्रोजेक्ट जोड़े जाएंगे । अब गौठान में लगाई गई सब्जी बेचकर ग्रामीण रोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रहे है। वही आने वाले दिनों में और गोठानों का चयन कर उसे आत्म निर्भर बनाया जाएगा।

# बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बने मनोज सिंह सचिव बने संजीव साव



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

नगर पालिका अध्यक्ष पूजा साव उपाध्यक्ष उस्मान खान की मेहनत रंग लाई। शांतिपूर्ण ढंग से हुए मतदान में बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बने मनोज सिंह ,सचिव बने बचेली नगर पालिका अध्यक्ष पूजा साव के पति संजीव साव।बुधवार सुबह 8 बजे से शुरू हुए मतदान में कुल कुल 531 वोट डाले गए। मतदान अपरान्ह 3 बजे तक चला इनमें कुल 531 मतदाता ने 16 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला किया।प्रथम राउंड में गौरांग साहा का पैनल भारी रहा। दूसरा तीसरा राउंड आने के बाद प्रत्याशियों के धड़कन तेज हो गई चौथा राउंड में दोनों पैनल के अध्यक्ष का वोट टाई हो गया। गिनती के पांचवां व अंतिम राउंड में मनोज सिंह ने बाजी मार ली। गौरांग साहा से 18 वोट आगे निकल गए।सचिव संजीव साव अपने प्रतिद्वंदी से 25 वोट से आगे निकले। उपाध्यक्ष कृष्णा शुक्ला 42 व आकाश गोयल 62 वोट से जीते। कोषाध्यक्ष बने संतोष कुमार दुबे उन्हें अपने प्रतिद्वंदी से 47 वोट अधिक मिले। सहसचिव पद की जिम्मेदारी मनोज कुमार जैन और तिलक राज साहू को मिला।मनोज कुमार जैन 29 व तिलक राज साहू 04 वोट से जीते।

# पुलिस मस्त और जनता त्रस्त, लॉकडाउन के बाद शहर में चोरी घटनाएं बढ़ी

## कृष्णा कॉलोनी में 4 घरों के ताले तोड़े, 3 साल में 12 बार चोरी, एक भी खुलासा नहीं

■ कॉलोनी में न ही सीसीटीवी कैमरे और न सुरक्षा के कोई और इंतजाम

दिलीप माहेश्वरी ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



आये दिन चोरी की घटना से बलौदाबाजार निवासी चोरों से परेशान है पूर्व में कमल कॉलोनी, सदर बाजार, इंद्राकॉलोनी, मंगलम, एवं कृष्णायन कॉलोनी में चोरी की घटना मे अब तक कोई पता नहीं चला कोतवाली थाना क्षेत्र के कृष्णा कॉलोनी में चोरों ने मंगलवार की रात चार घरों के ताले तोड़े और दो घरों से चोरी की घटना को अंजाम दिया। वहीं दो घरों में कमरों के ताले नहीं तोड़ पाने के चलते चोरी करने में असफल रहे। चोरों नें एक मकान से 60 हजार रूपए के सोने चांदी के जेवर समेत 20 हजार नगद लेकर फरार हो गए। वहीं दूसरे मकान से कितने की चोरी हुई हैं इसकी जानकारी मकान मालिक के बलौदाबाजार आने के बाद मिल पाएगीं इस कॉलोनी में 3 साल में चोरी की यह 12वीं घटना है, मगर अब तक पुलिस किसी भी घटना के आरोपी को पकड़ नहीं पाई है।

चोरी हुई मकान में कोई नहीं था। लिहाजा घटना की जानकारी सुबह काम पर आई नौकरानी ने मकान मालिक को दी । मकान मालिक के आने के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गयां मकान मालिक मंगल प्रसाद चन्द्रकर ने बताया कि वह अपनी बीमार मां को देखने ग्राम ओड़ान गया था । बुधवार की सुबह उनके यहां काम करने वाली नौकारानी ने फोन कर चोरी होने की जानकारी दी। अपने मकान आकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था और आलमारी में रखे 60 हजार रूपए के सोने-चांदी के जेवर,20 हजार रूपए गायब थे।

### कॉलोनी में सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं

वहीं चोरी की लगातार हो रही घटनाओं की वजह से कॉलोनीवासी आ ोशित हैं। पुलिस प्रशासन की नाकामी के साथ-साथ उन्होनें कालोनाइजर को भी निशाने पर लिया। कॉलोनी अध्यक्ष शिवानंद अग्रवाल ने आरोप लगाया कि कालोनाइजर ने जो वादा किया था उसमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। सुरक्षा के एक भी इंतजाम कॉलोनी में नहीं हैं। न हीं सी सी टी वी हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी चोरी हुई, मगर सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोई भी कदम नहीं उठाया गया।

### मकान मालिक आने पर पता चलेगा कितने की चोरी हुई

कृष्णा कॉलोनी में चोरी की यह 12वी घटना है, चोरी की इन घटनाओं को अंजाम देने वाले किसी एक चोर को भी आज तक पुलिस पकड़ नहीं पाई हैं। चोरी वाले दिन चोरों ने चार घरों को निशाना बनाया था। कॉलोनी में रहने वाले श्रवण कुमार अवस्थी व कोमल दास पड़वार के मकान के मेन गेट का ताला तोड़ने के बाद अंदर कमरे का ताला नहीं तोड़ पाए, जिसके चलते दोनो घरो में चोरी नहीं कर पाएं वहीं अन्ना ईडली-डोसा वाले के मकान में घुसकर अलमारियां तोड़ी गई है, यहां कितने की चोरी हुई इसकी जानकारी मकान मालिक के नहीं होने के कारण नहीं मिल पाई। वे केरल के रहने वाले है। पोंगल पर्व मनाने गया हुआ है।

### सभी कॉलोनियों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य करेंगे : टीआई

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी महेश ध्रुव ने कहा जिस कॉलोनी मे चोरी हुई है उसके कालोनाइजर को कैमरे लगवाने की सख्त हिदायत दे दी गई है। बैठक बुलाकर सभी कॉलोनियों मे सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य किए जाएंगे। इस चोरी में स्थानीय चोरों का ही हाथ है।

# किसानों की जमीन चुनिंदा पूंजीपतियों के आगे गिरवी रखना चाहती है केन्द्र सरकार : ओंकार शाह

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



आज देश में सबसे ज्यादा परेशान किसान है और जिन किसानों के विकास के नाम पर केन्द्र सरकार द्वारा कानून बनाया गया है, उसी कानून का देश के किसान विरोध कर रहे है। यह कैसा कानून है जिसे खुद किसान ही नही चाह रहे है, इस कानून को सरकार को तत्काल वापस लेना चाहिए। अपनी हटधर्मिता को छोडकर किसानों के हित में तत्काल काले कानून को सरकार वापस ले।

उक्त बाते बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक ओंकार शाह ने एक चर्चा में कही। पूर्व विधायक ने कहा कि दिल्ली के बार्डर पर किसान इस काले कानून को रदद् करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे है, कडाके के ठंड में भी दिन रात किसान डटे हुए है, कई किसान आंदोलन में शहीद हो चुके है, अन्नदाता परेशान है फिर भी सरकार का रूख में नरमी नजर नहीं आ रही है।

उन्होने कहा कि केन्द्र में भाजपा सरकार के कार्यप्रणाली को देखकर लगता है कि आने वाले समय में देश की जनता उद्योगपतियों की गुलाम बनकर रह जायेगी। किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करने वाली केन्द्र सरकार किसानों को भूमिहीन करने के लिए इस प्रकार के कृषि बिल कानून को लेकर आए है, जिससे वह अपनी ही जमीन पर दुसरों के लिए मजदूरी करते हुए अधिकार खो देगा। उन्होने आगे कहा केन्द्र की मोदी सरकार देश में महगांई पर लगाम कसने के बजाए लगातार खाद बिजली, डीजल एवं बीज के दामों पर बढोतरी कर रही है जिससे किसान आर्थिक रूप से लगातार कमजोर हो रहा है। भाजपा सरकार किसान और जवान के सहारे ही देश की सत्ता में आई थी लेकिन अब वह उनकी अनदेखी करते हुए लगातार उन पर अत्याचार कर रही है।

इसी का परिणाम है कि उनके द्वारा लाये गये कृषि बिल कानूनों का किसानों द्वारा इतने व्यापक स्तर पर विरोध करते हुए लगातार प्रदर्शन कर रहे है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार किसानो के हित सही मायने में चाह रही है तो किसानो के मुताबित काम करने से पीछे क्यों हट रही है। आखिर वो कौन सी ताकत है जो मोदी की केन्द्र सरकार को कानून वापस लेने से रोक रही है।

## टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 17 से

**सरायपाली।** स्थानीय हाईस्कूल मैदान में आगामी 17 जनवरी से स्वर्गीय गणपत राय की स्मृति में प्रथम वर्ष टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें भाग लेंगी जिसके लिए प्रवेश शुल्क 11रु रखा गया है प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले टीम को 16001 रुपया एवं द्वितीय स्थान को 8001 रुपया पुरस्कार तथा मैन ऑफ द सीरीज खिलाड़ी को एलईडी टीवी पुरस्कार स्वरूप दिया जाएगा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लक्ष्मीनारायण अग्रवाल से मानस सेठ, भवानी शंकर से संपर्क किया जा सकता है।

# जिले में कोरोना वैक्सीन की 5280 डोज पहली खेप में पहुंची

■ 16 जनवरी से 3 केन्द्रों में लगेगा वैक्सीन

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिले में कोरोना वैक्सीन की 5280 डोज पहली खेप के रूप में आज जिला मुख्यालय स्थित वैक्सीन कोल्ड स्टोरेज सेंटर में पहुँच गयी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने बताया की रायपुर से विशेष वाहन के जरिये यह वैक्सीन आज रात पहुँची है। इसके साथ ही आगामी 16 जनवरी को कोरोना वैक्सीन की पहली डोज जिले के 3 केन्द्रों में लगाया जाएगा। जिसमें जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार, पलारी विकासखण्ड के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोसमंदी एवं भाटापारा विकासखण्ड के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिटकुली शामिल है। इन तीनों केन्द्रों में वैक्सीनेशन की प्रक्रिया की जायेगी। पहले चरण में स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ता,महिला बाल विकास विभाग के आँगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन को टीका लगाया जाएगा। वैक्सीन पहुँचने पर कलेक्टर सुनील कुमार जैन प्रशनता जाहिर करतें हुए सभी जिलावासियों को शुभकामनाएं संदेश प्रेषित किए है। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ राकेश प्रेमी,जिला कार्यक्रम अधिकारी सृष्टि मिश्रा सहित विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# एक वर्ष पूरा होने पर पालिका अध्यक्ष गफ्फु मेमन ने गिनाई उपलब्धियां

■ कोरोना काल और बजट के अभाव में प्रभावित हुए विकास कार्य : मेमन

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





नगर का विकास मेरी पहली प्राथमिकता रही है और इसके अनुरूप ही योजनाबध्द तरीके से कार्य करते हुए मैंने और पूरे पालिका की टीम ने अपना एक साल का कार्यकाल पूरा किया है। गरियाबंद नगर स्वच्छ, सुंदर और सुव्यस्थित नगर के रूप में अपनी पहचान स्थापित करें इस लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे है। बिते एक साल में हमने इस दिशा में कई कार्य पूर्ण भी किए है। आने वाले समय में नगर के चहुंमुखी विकास की रूपरेखा हमने तय कर ली है। उक्त बाते नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। उन्होने विश्वास दिलाया कि आगामी चार साल तक वे और पूरी पालिका की टीम गरियाबंद के विकास के लिए पूरी ईमानदारी और मेहतन के साथ करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि गतवर्ष 06 जनवरी को द्वय नपा अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। बुधवार को उनको एक साल पूरा हो गया। आगे नपा अध्यक्ष मेमन ने कहा कि कोरोना काल के बाद भी नगर के विकास के लिए हमने पूरा प्रयास किया। हालाकि कोरोना संक्रमण तथा बजट के अभाव में कई बड़े कार्य प्रभावित हुए परंतु कोरोना काल में भी हमने लोगो की सेवा करने के साथ नगर के विकास में भी शत प्रतिशत ध्यान दिया। नगर के दो प्रमुख तालाब छिंद तालाब और महरीन तालाब में सफाई और सौदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। नगर में सफाई व्यवस्था सुधारी गई। अंधेरेयुक्त गलियो सहित सभी चैक चैराहो और सड़कों पर लाइट की व्यवस्था की गई। इसके अलावा सभी वार्डो में पेयजल आपूर्ति और नाली निकासी का भी प्रबंध किया गया। उन्होंने बताया कि आगामी साल में सर्वसुविधायुक्त गार्डन, धूलमुक्त गरियाबंद, पर्याप्त पेजयज आपूर्ति, बेहतर पार्किंग व्यवस्था, सुव्यवस्थित बाजार सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य भी प्रस्तावति है। पत्रकारवार्ता में सभापति आसिफ मेमन, वंश गोपाल सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि प्रहलाद ठाकुर भी मौजूद थे।

### एक साल में 4.64 करोड़ के निमार्ण कार्य, 125 को मिला पीएम आवास

नगर अध्यक्ष ने बताया कि एक साल के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 3 करो? रूपए की लागत से 125 हितग्राहियो आवास निर्माण कर सौंपा गया। इसके अलावा गौरवपथ निर्माण कार्य में 28 लाख, महरीन डबरी सौदर्यीकरण कार्य में 6.50 लाख, नगर के विभिन्न वार्डो में सीसी सड़क व नाली निर्माण में 65 लाख, गांधी मैदान में मंगल भवन में अतिरिक्त निर्माण कार्य 14 लाख, अध्यक्ष एवं पार्षद निधि से विकास कार्या में 42 लाख, कांजी हाउस निर्माण 3 लाख, प्रतिक्षा बस स्टैण्ड निर्माण कार्य 2.50 लाख, शहरी विद्युतीकरण कार्य लागत 3 लाख रूपए सहित कई कार्य किए गए। कोरोना काल के दौरान 20 हजार मास्क वितरण, राशनकार्ड विहिन लोगो एवं बाहरी फसे मजदुरो को निशुल्क राशन सामाग्री वितरण के कार्य किए गए।

### हितग्राही मूलक योजना में 782 से अधिक लाभांवित

एक साल के दौरान हितग्राही मूलक योजना अंतर्गत 76 हितग्राहियों को एपीएल कार्ड, 235 हितग्राहियों को बीपीएल कार्ड, 28 लोगो को जन्म प्रमाण पत्र, 49 व्यक्ति यों के मृत्यु प्रमाण, 15 जोड़े को विवाह प्रमाण पत्र, 12 मृतक परिवारो को श्रध्दांजली योजना अंतर्गत 24 हजार रूपए भुगतान, 36 व्यापारियों को व्यापार अनुज्ञा, 35 लोगों को दुकान स्थापना गुमास्ता प्रमाण पत्र, 58 व्यक्ति को नामांतरण अनुमति, 12 लोगो भवन अनुज्ञा तथा 193 लोगो को विघृत अनापत्ति प्रमाण पत्र दिए गए। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृध्दा पेंशन योजना में 5 वृध्दों (प्रत्येक) को 350 रूपए प्रतिमाह, विकलांग पेशन योजन में एक व्यक्ति को 500 रूपए प्रतिमाह, विधवा पेंशन में 7 महिलाओ (प्रत्येक) को 350 रूपए प्रतिमाह, सीएम पेंशन योजना में 20 लोगों (प्रत्येक) को 350 रूपए प्रतिमाह, राष्ट्रीय परिवार सहायता में 2 व्यक्ति में 20 हजार प्रति व्यक्ति प्रदान किए गए।

# शराब कोचिये मस्त, शासन-प्रशासन पस्त

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत रसेड़ा के अवैध शराब बेचने वाले कोचियों का नाम (लिस्ट) सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में देने के बावजूद उचित कार्यवाही नहीं किया जा रहा है, जिससे शराब कोचियों का हौसला बुलंद होता जा रहा है व उनके द्वारा खुलेआम मोटर सायकल से घुम-घुमकर गांव की गली-गली में शराब बेचा जा रहा है, जिसे गांव का माहौल खराब हो रहा है।

आये दिन लूटपाट, चोरी-चमारी, गली-गलौच व महिलाओं-बहनों से छेड़छाड़ की घटनाएं होती रहती है। अगर इस विशय को गंभीरता से नहीं लिया जाता है तो भविश्य में अप्रिय घटना घटित हो सकती है। पुलिस व आबकारी विभाग को बार-बार लिखित सूचना देने के बावजूद कोचियों के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं करना विभाग की मिली-भगत की ओर ईषारा करता दिख रहा है। इसके अलावा जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। महिला समुह के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह बताया गया कि उपरोक्त विशय पर अतिषीघ्र कार्यवाही नहीं की जाती है तो महिला समूह के सदस्यगण एवं ग्रामीणजनों द्वारा सिटी कोतवाली, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, आबकारी विभाग का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा एवं मुख्यमंत्री के बलौदाबाजार आगमन पर उन्हें काला झण्डा दिखाकर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा, जिसकी समस्त जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# भाजपा ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ दिया धरना

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

धान खरीदी में अव्यवस्था एवं कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी को लेकर स्थानीय पुरानी मंडी में चारों भाजपा मंडल अध्यक्षों सहित कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय धरना देकर प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया।

पुरानी मंडी प्रांगण में भाजपा मंडल सरायपाली बलौदा केदुआ, एवं भवरपुर के अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं ने धान खरीदी में किसानों को हो रही समस्या को लेकर एक दिवसीय धरना दिया और सरकार से किसानों की समस्या का जल्द निराकरण करने की मांग की साथ ही प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपा जनों ने कॉपरेटिव बैंक के सामने पुतला दहन किया धरना स्थल पर प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं जिला संगठन प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही भी पहुंचे हुए श्री पाणिग्रही ने धरना को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार झूठे वादे कर सत्ता में आई है और अब वादा पूरा करने में उन्हें तकलीफ हो रही है।

धरना स्थल पर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया भाजपा जनों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट करवाते हुए कहा कि किसानों के धान का रकबा गिरदावरी के नाम पर काटा गया रकबा कम होने से निराश होकर किसान आत्महत्या के लिए मजबूर हो रहे हैं सभी किसानों का वास्तविक रकबे के आधार पर धान खरीदी की जाएं इन दिनों बाढ़ आने की समस्या से किसान एवं प्रभारी जूझ रहे हैं यहां तक की किसानों के बारदाना से धान खरीदी हो रही है बारदाना के अभाव में धान बेचने से भी वंचित किसानों को धान बेचने का अवसर देने एवं धान खरीदी की तिथि में 1 सप्ताह बढ़ोतरी करने की मांग की गई है धरना स्थल पर प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल रामलाल चौहान श्याम ताड़ी, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुमारी भास्कर राजेंद्र विपिन उपोवेजा, सरायपाली मंडल अध्यक्ष दिनेश नायक भंवरपुर मंडल अध्यक्ष विद्याचरण चौधरी केंदुआ मंडल अध्यक्ष संजय डड़सेना, कामता प्रसाद पटेल, सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वॉलीबॉल में रायपुर की टीम विजयी

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



युवा समिति रायल वॉलीबॉल क्लब पाटसेन्दी एवं समस्त ग्राम वासियों के तत्वधान में विगत दिनों दो दिवसीय ग्रामीण स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महासमुंद जिले के साथ-साथ रायपुर बलोदा बाजार एवं उड़ीसा के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया जिसमें रायपुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया उन्हें 10001 का पुरस्कार स्वर्गीय श्याम कुमार पटेल की स्मृति में चंद्रकला पटेल के द्वारा विधायक श्री नंद के हाथों प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपए बलौदा बाजार के खिलाड़ियों ने हासिल किया जिसे स्वर्गीय गंगाराम पटेल की स्मृति में सेवक लाल पटेल के द्वारा प्रदान किया गया साथ ही अन्य खेल प्रतिभा पुरस्कार स्वर्गीय साहब राम पटेल की स्मृति में मदन लाल पटेल एवं चंद्रशेखर पटेल के द्वारा मुख्य अतिथि के हाथों प्रदान किया गया प्रतियोगिता को सफल बनाने में युवा समिति के सदस्यों एवं ग्राम वासियों का विशेष सहयोग रहा।

## किसानों के साथ किए वादों को पूरा करे भूपेश सरकार : चन्दूलाल

# धान खरीदी में अव्यवस्था को लेकर कांग्रेस सरकार के विरूध्द जमकर गरजे भाजपाई

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





प्रदेशभर में धान खरीदी में अव्यवस्था और किसानों की समस्याओं को लेकर बुधवार को जिले के फिंगेश्वर में आयोजित विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन के दौरान भाजपाईयो ने कांग्रेस सरकार के विरूध्द जमकर हमला बोला। कांग्रेस पर किसानो के साथ वादाखिलाफी करने का आरोप लगाते हुए भाजपा ने कांग्रेस सरकार की कड़े शब्दों में आलोचना की। भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस सरकार किसानो के साथ अन्याय कर रही है, लेकिन भाजपा ऐसा होने नही देंगी। भाजपा हमेशा से किसानों के साथ रही है और हमेशा रहेगी।

इस अवसर पर पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू ने कहा कि धान खरीदी के नाम भूपेश सरकार किसानों के साथ ठगी कर रही हैं। पूरे प्रदेश के धान खरीदी केन्द्रो में अव्यवस्था व्याप्त है। सरकार उचित व्यवस्था करने में असफल रही। आज किसान विवश होकर आत्महत्या कर रहे है। परंतु भुपेश सरकार को किसानो से कोई वास्ता नही है। ये सरकार केवल अपनी असफलता छुपाने का प्रयास कर रही। उन्होने कहा कि दो साल में कांग्रेस का असली चेहरा सामने आ गया है, सरकार वादा निभाने के बदले किसानो से वादाखिलाफी कर रही है। पूर्व सांसद ने कहा कि कांग्रेस किसान, बेरोजगार, मजदुर हर वर्ग को ठगा हैं जब तक कांग्रेस सत्ता में रहेगी तक प्रदेश के खुशहाली नही आ सकती।

पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि 15 साल तक भाजपा शासन काल में डॉ रमन सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में हर क्षेत्र में विकास हुआ अमूलचुल परिवर्तन आए परंतु कांग्रेस के सत्ता में आते ही प्रदेश में विकास का पहिया थम गया है। कांग्रेस ने किसानो के साथ छल किया है। गंगाजल की कसम खाकर लोक लुभावने वादे कर सत्ता में आई और फिर किसानों को ही ठग दिया। इसी का नजीता है अब कांग्रेस हर राज्यो में सीमटने लगी है। इस दौरान पूर्व विधायक ने सीएम के पिता पर भी निशाना साधा। कहा कि जिनके पिता देश के आराध्य भगवान श्रीराम का अपनाम कर रहे है, उनके विरूध्द एफआईआर दर्ज नहीं होती हैं।

कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संदीप शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के कुनीतियों के कारण किसान पीड़ित और परेशान है। पहले गिरदावरी के नाम पर किसानो का रकबा काटा गया। फिर धान खरीदी में देरी और अब बारदाना की कमी। प्रदेश सरकार धान खरीदी के हर मोर्चे में असफल रही। आज प्रदेश का किसान अपना धान नहीं बेच रहा है, सरकार बारदाने नहीं होने का बहानेबाजी कर रही है। जबकि असलियत यह है कि ये सरकार किसानो का धान ही खरीदना नहीं चाहती। उन्होने कहा कि पंजाब, ओडिशा, मध्यप्रदेश, बिहार सहित अन्य राज्यो में कही भी बारदाने की कमी नही है। कांग्रेस पूरे प्रदेश में किसानो के साथ छलावा कर रही है। कार्यक्रम को जिला संगठन प्रभारी राकेश यादव, जिलाध्यक्ष राजेश साहू, पूर्व अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू, वरिष्ठ नेता भागवत हरित, चन्द्रशेखर साहू, रामु राम साहू, छत्तरसिंह ठाकुर, सुरेन्द्र सोनटेके, डॉ प्यारेलाल सोनकर, संदीप पांडेय, कमल सिन्हा, राजु साहू, महिला नेत्री छाया रही सहित अनेक कार्यकर्ताओ ने संबोधित किया।

इसके बाद भाजपाईयों ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जिसमें गिरदावरी में कटे रक्बे को जोड़ने, तत्काल बारदाने की व्यवस्था, किसानो के धान का तीन दिन मे भुगतान, धान खरीदी का समय एक माह बढ़ाने, घोषणा पत्र के अनुसार किसानों को दो साल का बोनस, वनाधिकार पट्टा प्राप्त किसानों के धान खरीदी, धान खरीदी की अव्यवस्था के कारण आत्महत्या किए किसानों को 25 लाख मुआवजा राशि देने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर ने किया।

प्रमुख रूप से बलदेव सिंह हुंदल, आशीष शर्मा, अशोक राजपुत, राहुल सेन, महेश यादव, मिलेश्वरी साहू, रिखीराम यादव, खोमन चंद्राकर, श्याम अग्रवाल, पूनम यादव, प्रीतम सिन्हा, मिंजुन साहू, पुर्णिमा चंद्राकर, संजीव चंद्राकर, सोमप्रकाश साहू, परस देवांगन, देवकी साहू, अंजु नायक, संतोषी श्रीवास्तव, सीमा ठाकुर, लोकिन साहू, शांति कोसरे, ज्योति राजुपत, मंजु हरित, कमलेश साहू, राजु साहू, विरेन्द्र साहू, चंदन साहू, रिकेश साहू, युगल समदरिया, विकास साहू, वंश सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और अन्नदाता किसानबंधु मौजूद थे।

## अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण, राष्ट्र का निर्माण है पर गोष्ठी का आयोजन




**दुर्ग-भिलाई।** वैशाली नगर पुराना शिव मंदिर में नगर के वरिष्ठ जनों के साथ श्रीधाम अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु गोष्ठी संपन्न हुई। इस श्रीराम संगोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय अधिकारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने श्रीधाम अयोध्या में चल रहे मंदिर निर्माण विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उक्त गोष्ठी में आचार्य पण्डित विनोद चौबे ने उपस्थित गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ई.सन् 1528 से लेकर 5 अगस्त 2020 तक अयोध्या की ऐतिहासिक गाथा, प्रभु श्रीराम की वर्तमान में वैश्विक व्यापकता। श्रीराम मंदिर निर्माण साधारण मंदिर निर्माण नहीं बल्कि यह राष्ट्र निर्माण है इसमें जन जन की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं वैदिक ग्रंथों में दान की महिमा आदि विषयों पर आचार्यश्री ने विस्तार से व्याख्यान दिया। गोष्ठी में उपस्थित सभी सदस्यों ने अयोध्या में मंदिर निर्माण को लेकर अपने-अपने विचार रखे।

# 3 केन्द्रों में 16 जनवरी से 7700 लोगों का टीकाकरण किया जायेगा

**प्रथम चरण में अधिकारी, कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, सहायिका और मितानिनों को लगाया जाना है टीका**

पायनियर संवाददाता ⮜ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर महादेव कावरे ने आज अपने कक्ष में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैंठक ली। उन्होंने वनमण्डलाधिकारी को हाथी प्रभावित क्षेत्रों में लोगो को हाथी से सुरक्षित रहने के लिए जागरूक करने के लिए कहा गया।

साथ ही प्रभावित लोगों को वन विभाग के तहत् पात्रता की श्रेणी में मुआवजा देने के निर्देश दिये हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बालाजी राव, वनमण्डालाधिकारी श्रीकृष्ण जावध, डिप्टी कलेक्टर, सहायक आयुक्त आकांक्षा त्रिपाठी, शिक्षा अधिकारी, एन.कुजूर, डी.पी.एम.गणपत नायक, प्राचार्य विनोद गुप्ता उपस्थित थे। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कोरोना वैक्सीन के संबंध में भी जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी पी.सुधार ने बताया कि जशपुर जिले के लिए कोरोन वैक्सीन-टीकाकरण के लिए 7700 वैक्सीन भेजा गया है। रायपुर के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी उप संचालक एन.आर. बेक और डॉ. अमर सिंह ठाकुर के द्वारा वैक्सीन को सुरक्षा के साथ भेजा गया है। जशपुर जिले में 16 जनवरी को 03 जगह वैक्सीन-टीकारण लगाया जायेगा। नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र जशपुर, सी.एस.सी. कुनकुरी एवं पत्थलगांव सिविल अस्पताल में लगाया जायेगा। इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, आर.एस.पैंकरा जशपुर विकास खण्ड के लिए आर.टोप्पो कुनकुरी विकास खण्ड के लिए एवं डी.पी.एम. गणपत नायक को पत्थलगांव के लिए प्रभारी होंगे। टीकाकरण प्रथम डोज के बाद द्वितीय डोज 28 दिनों के बाद दिया जाना है। कोविड-19 टीकारण हेतु कंट्रोल रूम का नम्बर 8103435261 दिया गया है जिसमें संपर्क किया जा सकता है।






जशपुर जिले में फ्रंटलाईन में टीकाकरण किया जाना है जिसमें चिकित्सा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, सहायिका, मितानी, पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी को शामिल किया गया है। इसी प्रकार 18 जनवरी से जशपुर जिले के 08 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला चिकित्सालय में प्रारंभ किया जायेगा। जिले में लगभग 12500 लोगो का ऑनलाईन टीकाकरण के लिए पंजीयन किया गया है। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से नीट की तैयारी कर रहे बच्चों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि संकल्प संस्था और एकलव्य के बच्चो का टेबलेट देने की जिला प्रशासन द्वारा कार्ययोजना तैयार की की गई है।

ताकि बच्चे ऑनलाइन के माध्यम से नीट की तैयारी अच्छे से कर सकें। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जशपुर जिले में लगभग 51 बच्चे नीट की तैयारी कर रहें है। उनको लाभान्वित किया जा सकता है।

## सुरक्षा जागरूकता माह के मेघा आयोजन



पायनियर संवाददाता ⮜ दुर्ग-भिलाई
www.dailypioneer.com

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र मे जनवरी माह सुरक्षा जागरूकता माह के रूप मे प्रतिवर्ष मनाया जाता हैं। जिसमे सुरक्षा से सम्बधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसी परिपेक्ष्य में 11 जन से 16.जन तक सड़क सुरक्षा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत संयंत्र के विभिन्न सड़कों एवं चौराहों पर सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा भारी वाहनो (ट्रेलर, हालपृक, डोजर, हाईवा आदि), क्रेश हेलमेट का उपयोग, चौपहिया वाहन चालक द्वारा सीट बेल्ट का उपयोग, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन इत्यादि की मानिटरिंग की जा रही है। इसी सन्दर्भ मे सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग एवं प्लांट गैरेज के संयुक्त तत्वावधान में 13.जन को प्रातः 8.30 से 10.00 बजे तक एम.आर.डी चौक पर भारी वाहनो से संभावित दुर्घटनाओ से बचाव हेतु जागरूकता पैदा करने के उद्धेश्य से प्ले कार्ड एवं रिकार्डेड आडियो सुरक्षा संदेश के माध्यम से सुरक्षा संदेश प्रसारित किया गया।

संयंत्र भवन के सभागार में आयोजित संगोष्ठी में कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राजीव सहगल ने महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्नि शमन सेवाएं) जी.पी.सिंह की अगुवाई में किये जा रहे सुरक्षा से संबंधित प्रयासों की सराहना की तथा सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग, प्लांट गैरेज विभाग एवं सेफ्टी वारियर्स टीम की हौसला अफजाई करते हुए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु किये जा रहे जागरूकता प्रयासों पर ध्यान केन्द्रित करने का आव्हान किया तथा उन्होंने विशेष रूप से सेफ्टी वारियर्स द्वारा अपनी नियमित डयूटी के साथ साथ सड़क सुरक्षा अभियान में किये जा रहे प्रयासों की भूरी भूरी सराहना की । संगोष्ठी में उपस्थित सेफ्टी वारियर्स द्वारा अपनी जिज्ञासा को प्रकट कर समाधान प्राप्त किया गया।

## प्रदर्शनी में झलक रही है जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की उपलब्धियां

पायनियर संवाददाता ⮜ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



सेक्टर 1 स्थित उद्यान में जन कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों से संबंधित प्रदर्शनी का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री ने 12 जनवरी को किया है इसके बाद से आम लोगों के लिए यह प्रदर्शनी अवलोकन के लिए आगामी कुछ दिनों तक रहेगी, जिसे दिन के अलावा रात्रि में भी देखा जा सकता है! सेक्टर 1 उद्यान में भ्रमण के साथ ही प्रदर्शनी का भी अवलोकन कर सकते हैं! नगर पालिक निगम, भिलाई के द्वारा जनहित के लिए लगातार कार्य किए जा रहे है। शिक्षा, खेलकूद, स्वच्छता का ध्यान रखते हुए मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति की जा रही है। सौंदर्यीकरण की दिशा में शहर के विभिन्न वार्डों में उद्यान, मुख्य मार्गों पर लाइट तो शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए इंग्लीश मीडियम स्कूल जैसे बड़े कार्य किए गए हैं। टाउनशिप तथा पटरीपार क्षेत्र में वृहद स्तर पर पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे है। बीते पांच साल में निगम प्रशासन द्वारा किए गए विकास कार्यों तथा आगामी योजना की जानकारी के साथ फोटो प्रदर्शनी लगाई गई है! नवनिर्मित सेक्टर 01 के गार्डन में लगी प्रदर्शनी आगामी कुछ दिनों तक आम लोगों के अवलोकन के लिए रखा गया है। महापौर देवेन्द्र यादव के कार्यकाल में भिलाई निगम प्रशासन ने कई उपलब्धियां हासिल किए है, सभी क्षेत्रों में निगम प्रशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है।

प्रदर्शनी के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को आम जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है! इंग्लिश मीडियम स्कूल, खेल के क्षेत्र में निगम द्वारा विभिन्न स्थानों पर खेल मैदान, एस्ट्रोग्रास युक्त फुटबॉल, बास्केट ग्राउंड, सेक्टर 09 में फुटबॉल मैदान, हाउसिंग बोर्ड में सर्वसुविधायुक्त क्रिकेट स्टेडियम, सेक्टर 05 में 6 प्रैक्टिस ग्राउंड, जवाहर नगर में स्पोर्ट्स कांपलेक्स, अमृत मिशन के तहत फिल्टर प्लांट, पानी टंकियों का निर्माण।

## बच्चों को खेल सामग्री का वितरण

पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com

शहर की सर्वथा पुरानी शिक्षण संस्था 'सतता सुंदरी कालीबाड़ी उच्चतर माध्यमिक शाला' के 1973-74 सत्र के छात्रों द्वारा गठित 'विद्या भारती प्रतिभा प्रोत्साहन' संस्था द्वारा आज ग्राम जोरा फुंडहर भवानी नगर के गरीब बच्चों को खेल सामग्री का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष ऐसे आयोजन कर संस्था के पदाधिकारियों द्वारा खेल सामग्री का वितरण किया जाता है। आज मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में इस ग्राम के गरीब बच्चों के बीच जाकर कालीबाड़ी के पूर्व छात्रों द्वारा खेल सामग्री दी गई। सामग्री वितरण के दौरान संस्था के प्रकाश लुनावत, अरुण लूथरा, सुनील गनोदवाले, सूर्यशेखर, जगदीश मोटवानी,



आशीष दत्ता, बाबा सोमवंशी, अमरजीत बक्शी, सुजीत सान्याल, नरेंद्र श्रीवास्तव उपस्थित थे। गांव के लगभग 20 बच्चों को बैडमिंटन, फुलबाल, क्रिकेट बैट, टेनिस बाल, टेनिक्वोट, जंपिंग रोप आदि वितरित किया गया। भवानी नगर के किन्नर समाज की ज्योति बाई ने संस्था के काम की सराहना की और किन्नर भवन में आमंत्रित कर स्तुत्य कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अवैध प्लाटिंग पर पालिका प्रशासन ने कसा शिकंजा, जेसीबी से किया ध्वस्त

पायनियर संवाददाता ⮜ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर पालिका कुम्हारी वार्ड 10 क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से प्लाटिंग किए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर मौके पर पहुंचकर पालिका प्रशासन ने कार्रवाई की। वार्ड क्रमांक 10 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले स्प्रिंग डेल्स स्कूल के पास स्थित कृषि भूमि पर अनाधिकृत रूप से नोहर प्रसाद कुर्रे पिता बुधराम कुर्रे द्वारा खसरा क्रमांक 202/1 पर अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था।

जिसे कुम्हारी पालिका द्वारा उक्त स्थान पर मुरूम से निर्माण किए गए मार्ग संरचना को पालिका की टीम द्वारा जेसीबी से ध्वस्त किया गया। पालिका सीएमओ जितेंद्र कुशवाहा द्वारा बताया कि वार्ड 10 शंकर नगर



जाने वाले रास्ते में अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिलने पर पालिका का अमला मौके पर पहुंचा और कार्यवाही की अधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त स्थान पर रेरा या किसी प्रकार से नगर पालिका या किसी अधिकारी से संवैधानिक अनुमति नही ली गई।

इस दौरान मौके पर कोई व्यक्ति सामने नहीं आया। बताया गया कि अवैध प्लाटिंग स्थल करीब 3 एकड़ जमीन पर ले आउट संरचना की गई थी जिसे जेसीबी से ध्वस्त करते हुए जमीन को मूल स्वरूप में तब्दील किया गया। इस कार्य में एक जेसीबी की मदद ली गई। उल्लेखनीय है कि पालिका प्रशासन अवैध निर्माण, अवैध रूप से प्लाटिंग पर लगाम कसने लगातार कार्यवाही करने के साथ ही इस संबंध में आने वाले शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही कर रही है।

## मछुआ बोर्ड अध्यक्ष ने किया हितग्राहियों को महाजाल एवं सामग्री का वितरण



**जशपुर।** जिले के प्रवास में दिनांक 13 जनवरी 2021 को आये छत्तीसगढ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एम.आर. निषाद की अध्यक्षता में मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बघिमा में मछुआ सम्मेलन एवं हितग्राहियों के सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने जिले के मछुआरों को उनके कल्याण एवं विकास हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए मछुआ समाज के समस्याओं, मछुआ कल्याण बोर्ड के उद्देश्यों सहित शासन के कल्याणकारी योजनाओं से लाभ एंव मछुआरा वर्ग के कल्याण तथा विकास के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि मछली पालन मछुआ समाज का पैतृक व्यवसाय है इसका लाभ मछुआ समाज को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मछुआरों के हित में जो नीति बना है उसे पूरा करने के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है एवं मछुआ वर्ग के हर व्यक्ति को इसका लाभ मिले इसका विशेष ध्यान में रखा जा रहा है। इस दौरान निषाद ने कार्यक्रम में जिले के 2 आदिवासी मछुआ सहकारी समिति एवं 5 स्वसहायता समूह के हितग्राहियो को महाजाल एवं आईस बॉक्स सहित अन्य सामग्री का वितरण किया। कलेक्टर महादेव कावरे के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मछुआ नीति का जिले में शत् प्रतिशत क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिससे हितग्राही निरंतर लाभान्वित हो रहें है। मछुआ सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान सहायक संचालक मछली पालन डी.के. ईजारदार, सहित मत्स्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी, मछुआ सहकारी समिति व समूह के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने सोनक्यारी, सन्ना, पण्डरापाठ के धान खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ⮜ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर महादेव कावरे ने 13 जनवरी को मनोरा विकास खण्ड के सोनक्यारी, बगीचा विकास खण्ड के सन्ना और पण्ड्रापाठ के धान खरीदी का आकस्मिक निरीक्षण किया और धान खरीदी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के दौरान किसानों से धान खरीदी करने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। इसका विशेष ध्यान रखें। खरीदी से पहले धान की नमी का भी अनिवार्य रूप से परीक्षण करने के लिए भी कहा गया है। उन्होंने कहा कि उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से फरवरी माह का भी राशन जनवरी में वितरण किया जाना है ताकि बारदाने खाली हो सके। खरीदी के दौरान उसका उपयोग किया जा सके। कलेक्टर कावरे ने सहायक पंजीयक को निर्देशित करते हुए कहा कि सोसायटी में रखे कटे-फटे पूराने बारदाने को समूह के माध्यम से सिलाई कराकर उपयोग करने को कहा। सन्ना के सोसायटी प्रबंधक ने बताया कि



अब तक किसानों से 21066.00 क्विंटल धान खरीदी की गई है और किसानो की खाता में 39676947.00 राशि भुगतान किया गया है। कुल 540 किसानों से धान खरीदी की गई है, सोसायटी में 3444 बारदाने उपलब्ध हैं। इसी प्रकार पण्ड्रापाठ के सोसायटी प्रबंधक ने बताया कि सोसायटी में अब तक 13577.20 क्विंटल धान खरीदी की गई है तथा किसानों के खाते में 21350828.42 राशि का भुगतान किया है। अब तक 292 किसानों से धान खरीदी की गई है तथा 5683 बारदाने सोसायटी में उपलब्ध है। सोनक्यारी सोसायटी में अब तक 7026.40 क्विंटल धान खरीदी की गई है तथा किसानों को 12298746.56 राशि का भुगतान किया गया है। अब तक 175 किसानों से धान खरीदी की गई है एवं सोसायटी में 732 बारदाने में उपलब्ध है। इस आवसर पर सहायक पंजीयक श्री बी.एक्का उपस्थित थे।

## महिला आयोग को प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई 22 को

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग को दुर्ग जिले से प्राप्त 25 प्रकरणों की सुनवाई 22 जनवरी को जिला पंचायत के सभाकक्ष में की जाएगी। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। संबंधित पक्षकारों को निर्धारित तिथि में सुनवाई हेतु उपस्थित होने कहा गया है।

## प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत निःशुल्क प्रशिक्षण आवेदन 30 तक

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत स्ट्राईव योजना के तहत् कौशल प्रशिक्षण हेतु 30 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। चयनित आवेदकों को दुर्ग जिले के शासकीय आई.टी.आई. दुर्ग में डोमेस्टिक डेटा एन्ट्री ऑपरेटर, फील्ड टेक्निशयन, कम्युटिंग एंड पेरिफेलर, इलेक्ट्रिकल वाइंडर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी प्रकार महिला आई.टी.आई भिलाई में सेविंग मशीन ऑपरेटर-निट, डोमेस्टिक डेटा एन्ट्री ऑपरेटर, डोमेस्टिक आई.टी. हेल्प डेस्क अटेंडेंट, आसोसिएट डेस्कटॉप, पब्लिसिंग-डी.टी.पी, सेल्फ इम्पलायड, टेलर, फील्ड टेक्निशियन, कम्युटिंग एंड पेरीफेलर का प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।


**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH,**
**WATER RESOURCE DEPARTMENT**
**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER,**
**MAHANADI PROJECT, RAIPUR (C.G.)**
**NATIONAL OPEN COMPETITIVE PROCUREMENT**
(Two-Envelope Bidding Process with e-Procurement)
e-PROCUREMENT REQUEST FOR BIDS
eProcurement Portal : https://eprocure.gov.in
**"TENDER CANCELLATION NOTICE"**
**in TENDER ID NO. 2020_WRCWB_605409/REB No. 13/SAC/20-21/Rudri/Drip-II. DATED 23.12.2020**

Online Tender for the Work Of Lighting Arrangement of Dam Top, Right & Left Guide Bund Garden Supply installation, Testing & Commissioning Of Led Street Light Fixture, Pole, Cable, AB Cable, Sky Lift/Light Elevator At RSP Gangrel Dam. is hereby cancelled due to Unavoidable reasons.

**Advertisement No. 85880**

Executive Engineer,
E & M H.E.M.M. Division Rudri
for Chief Engineer
Mahanadi Project Water Resources
Department Raipur

G-86323/8



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

**-: आम-सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा गुढ़ियारी कालोनी, रायपुर में निर्मित भाड़ाक्रय भवन योजना के अंतर्गत दुकानों/भूखण्डों /भवनों में भूखण्ड/भवन क्रमांक एल.आई.जी.-160 में **श्रीमती उषा पिल्लई पति स्व. श्री हरिशंकर पिल्लई** को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 20.05.1997 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 09.12.2020 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन (1) **श्री राकेश चन्द्र वर्मा पिता स्व. श्री मुखारबिन्द वर्मा, एवं (2) श्रीमती विनीता वर्मा पिता श्री गुलाब सिंह पति श्री राकेश चन्द्र वर्मा** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में लिखित रूप से प्रमाणित, दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01,कबीर नगर, रायपुर**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

**-: आम-सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा गुढ़ियारी कॉलोनी, रायपुर में निर्मित भाड़ाक्रय भवन योजना के अंतर्गत दुकानों/भूखण्डों /भवनों में भूखण्ड/भवन क्रमांक LIG-165 में **श्रीमती अंजली राय पति श्री स्व. एम.सी.राय** को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 21.05.2013 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन विक्रय हेतु दिनांक 7.01.2021 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्री शिबाशीष बनिक पिता श्री नक्षत्रा बनिक** के नाम से निष्पादित को विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में लिखित रूप से प्रमाणित, दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आ ा प ि त त

मुहर

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01,कबीर नगर, रायपुर**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

क्र./518/नि.आ.सू.क्र./2021 भिलाई-चरौदा, दिनांक 13.01.2021

**// ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा सूचना //**

इस कार्यालय हेतु निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर क्र. | लागत राशि (रु.लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Management Contract for Operation, maintenance and repairs of Existing Bhilai Charoda Water supply scheme consisting of three WTP of capecite 27 MLD from head work to distribution networks for maintenance of all the components of the scheme including cost of labour for maintaining and supplying regular water supply for One years. | 70801 | 87.02 | 05.02.2021 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

"घर में रहें, स्वस्थ रहें। हारेगा कोरोना, जीतेगा हिन्दूस्तान"

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा**



**कार्यालय नगर पंचायत शिवरीनारायण जिला-जांजगीर-चाँपा (छ.ग.)**

क्रमांक/935/न.पं./लो.नि.वि./टेण्डर/2020-21 शिवरीनारायण, दिनांक 14.01.2021

**// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पंचायत शिवरीनारायण में 14वें वित्त आयोग अंतर्गत निम्नानुसार कार्यों के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीयन ठेकेदार द्वारा त्रि-लिफाफा पद्धति में पंजीकृत डाक द्वारा मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है। त्रि-लिफाफा पद्धति के माध्यम से छोटे लिफाफे के अन्दर निविदा प्रपत्र मुल्य का डी.डी. व अमानत राशि का FDR/TDR, मध्यम लिफाफे के अन्दर पुर्ण रूप से भरा हुआ निविदा प्रपत्र तथा बड़े लिफाफे के भीतर अमानत राशि लिफाफा, निविदा प्रपत्र लिफाफा व मांगे गये दस्तावेज की सत्यापित प्रति तीनों पृथक-पृथक रखे जाने चाहिए। :-

1. निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय - 05.02.2021 समय 3.00 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि एवं समय - 05.02.2021 समय 4.00 बजे तक।

| स.क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित ला. (लाख में) | अमानत राशि (FDR TDR) | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01. | वार्ड क्र. 02 में आशिष मेडिकल के पास सीसी कार्य। | 4.62 | 4600.00 | 750.00 | 2 माह |
| 02. | वार्ड क्रमांक 01 बुधराम घर से स्कूल गेट-शिवशंकर घर तक नाली निर्माण कार्य। | 5.05 | 5300.00 | 750.00 | 2 माह |
| | वार्ड क्र. 01 संतोषी के घर से आँगनबाड़ी केन्द्र तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य। | 0.99 | | | |
| | वार्ड क्र. 01 रमेश के घर से जनकपुर रोड तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य। | 1.00 | | | |
| 03. | वार्ड क्र. 09 में मण्डी गेट से संजय गुप्ता घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 1.60 | 3700.00 | 750.00 | 2 माह |
| | वार्ड क्र. 09 में मण्डी गेट से संजय गुप्ता घर तक नाली निर्माण निर्माण कार्य। | 2.09 | | | |
| 04. | वार्ड क्र.11 छोटकू कर्ष घर से रमेश कहरा घर तक नाली निर्माण कार्य। | 2.73 | 5000.00 | 750.00 | 2 माह |
| | वार्ड क्र. 11 गणेश कहरा घर से छोटकू कर्ष घर तक नाली निर्माण कार्य। | 3.15 | | | |
| 05. | केरा रोड से चण्डी हास्पिटल रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 3.65 | 3700.00 | 750.00 | 2 माह |
| 06. | मांगलिक भवन पहुंच मार्ग रोड निर्माण कार्य। | 4.21 | 4300.00 | 750.00 | 2 माह |
| 07. | वार्ड क्र. 13 हनुमान मंदिर से मोहन घर तक सीमेन्ट कांक्रीट कार्य। | 5.17 | 5000.00 | 750.00 | 2 माह |
| 08. | जी टाईप आवास के पास सीमेन्ट कांक्रीट कार्य। | 4.86 | 5000.00 | 750.00 | 2 माह |
| 09. | वार्ड क्र. 06 शिवशंकर सोनी घर से खोमी सोनी दुकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य। | 5.87 | 5000.00 | 750.00 | 2 माह |

**नोटः-** (1) निविदा से संबंधित नियम एवं शर्थे नगर पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन अवधि निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत शिवरीनारायण**

संपादकीय

# किसानों की जिम्मेदारी स्वीकारें मध्यस्थता

**सर्वोच्च** न्यायालय ने कृषि विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने के लिए आंदोलनकारियों से नाम मांगे थे। ऐसे में किसानों को मध्यस्थता स्वीकार करते हुए अदालत को मौका देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने नए कृषि कानूनों पर किसानों के साथ वार्ता ठीक से न चलाने के कारण उसकी खिंचाई की और मध्यस्थता के लिए समिति गठित की, लेकिन अभी अनेक सवालों के जवाब नहीं मिले हैं। ये प्रयास किसानों को स्वीकार नहीं है क्योंकि वे इसे न्यायिक रास्ते से भटकाने का एक और तरीका मानते हैं। अदालत ने किसानों को आश्वस्त किया है कि 'किसी की जमीन नहीं बेची जाएगी' और इस प्रकार उसने गेंद उनके पाले में डाल दी है। उसने 'राजनीति और न्यायपालिका के बीच' अंतर स्पष्ट कर किसानों से अपनी पसंद निर्धारित करने को कहा है। लेकिन किसान लंबी लड़ाई के संकेत दे रहे हैं, जबकि उनको अदालत की मध्यस्थता स्वीकार करनी चाहिए थी। अदालत ने उनके समक्ष एक गंभीर मंच रखा था जिसमें वे अपने सरोकार सामने रख सकते थे। यह कृषि के कथित निगमीकरण के खिलाफअपनी भयानक आशंकाओं के खिलाफअपने विचार रखने का एक और अवसर था। हालांकि, किसानों की आशंकाओं को निराधार नहीं कहा जा सकता है क्योंकि वे अमेरिका में खेती के निगमीकरण से परिचित हैं जहां फैक्ट्री फार्मिंग ने 'फार्म टु फोर्क' की अबाधित श्रृंखला वाली खेती को जन्म दिया है। इससे ग्रामीण कृषि समुदायों, उनकी आर्गेनिक विधियों तथा उनके विशिष्ट उत्पादों पर संकट पैदा हो सकता है। इसकी शुरुआत 1970 के दशक में हुई जब औद्योगिक प्रक्रियाओं के माध्यम से दुनिया के खाद्य बाजार पर कब्जे का सपना देखा गया। लेकिन थोड़े ही समय में अति-उत्पादन के कारण सही दाम मिलने बंद हो गए और किसान कर्ज में डूब गए। ऐसे में उनके पास अपनी खेती बेचने के सिवा और कोई रास्ता नहीं था। लेकिन भारतीय कानूनों के विवादास्पद प्राविधान कुछ धाराओं तक सीमित हैं और राजनीतिक इच्छाशक्ति से उनका समाधान किया जा सकता है। सरकार का कहना है कि नए कानून 'एक देश एक बाजार' बनाने में सहायता कर व्यापार की बाधाएं दूर करेंगे, पर किसानों को खुले व प्रतियोगी बाजार से डर लगता है जिसमें उनको न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी न मिलने की आशंका है। उनको यह भी लगता है कि अनुबंध करने से कार्पोरेट को चाहे-अनचाहे अधिक शक्तियां मिल जाएंगी। हालांकि, पुरानी व्यवस्था बनी रहेगी, पर वह समानान्तर व्यवस्था से कमजोर पड़ सकती है तथा एकाधिकारी कंपनियों के सामने अंततः ध्वस्त हो सकती है। कृषि उत्पाद व्यापार एवं वाणिज्य कानून, 2020 में घोषित कृषि उत्पाद बाजार समिति-एपीएमसी मंडियों के बाहर खरीद और बिक्री की अनुमति दी गई है और इससे कार्टेलीकरण पर विराम लगाने का प्रयास किया गया है। इसमें राज्य सरकारों को एपीएमसी बाजारों के बाहर बाजार फीस, सेस या लेवी लेने पर रोक लगाई गई है। लेकिन किसानों ने वर्तमान कमीशन एजेंटों पर विश्वास प्रकट किया है क्योंकि उनके लाइसेंस विश्वसनीयता के प्रमाण हैं। कई दौर की बातचीत के बाद सरकार खरीदारों को परिभाषित करने तथा उनको प्रमाणपत्र देने पर तैयार हुई थी। जहां तक ठेका खेती का सवाल है, इसका विकास कुछ खास फसलों के संदर्भ में हुआ है जिनका प्रसंस्करण आसानी से किया जा सकता है या जो बड़ी खाद्य कंपनियों के उपयुक्त हैं। जहां तक एपीएमसी मंडियों के बाहर कृषि उत्पादों की खरीद व बिक्री का सवाल है, कृषि उत्पादों के लिए 'व्यापार' शब्द को इस शर्त के साथ जोड़ा जा सकता है कि किसान पहले अपने उत्पाद अपनी शर्तों पर मंडियों में बेचेंगे और व्यापारी उनको वहां से खरीद सकते हैं। आवश्यक वस्तु संशोधन कानून, 2020 का उद्देश्य अनाजों, दालों, तिलहनों, खाद्य तेलों, प्याज व आलू को नियंत्रित सूची से बाहर कर केवल आपातस्थितियों में हस्तक्षेप का प्राविधान किया गया है। भंडारण की यह सीमा केवल व्यापारियों पर लागू होती है तथा किसान इससे प्रभावित नहीं होंगे।

# व्यापार व आपूर्ति में नई तकनीक

## व्यापार व सप्लाई श्रृंखला में ब्लाकचेन टेक्नोलोजी ने प्रासांगिकता सिद्ध की है। हालांकि, यह सभी बिजनेसों के लिए समाधान नहीं है, पर यह अन्य उद्योगों में परिवर्तन ला सकती है।



**हिमा बिंदु कोटा**
(लेखिका एमिटी विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)




ब्लाकचेन एक नवीनतम तकनीक है जिसका प्रयोग बिजनेस की दुनिया में होता है। हालांकि, यह तकनीक 1990 के आसपास आई थी, पर इसे पिछले दशक में क्रिप्टोकरेंसी आने के बाद लोकप्रियता मिली। इसकी ओर बहुत से लोगों का ध्यान आकर्षित हो रहा है, पर बिजनेसों पर इसे लागू करने के लिए समग्र समझदारी जरूरी है क्योंकि इसके बिना इसे पूरी तरह लागू नहीं किया जा सकता है। दुनिया अभी इसे स्वीकार करने, परीक्षण तथा क्रियान्वयन के शुरुआती चरण में है और ब्लाकचेन तकनीक का मुख्यधारा में आना बाकी है। यह एक प्रकार का डेटाबेस है जहां डेटा ब्लाकों में संग्रहीत होता है जो परस्पर एक दूसरे से जुड़े होते हैं। इस प्रकार किसी ब्लाक में आने वाला नया डेटा वर्तमान डेटा से जुड़ जाता है। यह वर्तमान डेटाबेसों से अलग है जहां डेटा को टेबलों के रूप में संग्रहीत किया जाता है और उसका प्रयोग व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह कर सकते हैं। इस प्रकार के डेटा तक पहुंच आसान होती है क्योंकि उसका स्वामित्व व प्रबंधन बिजनेसों के पास होता है। वे आंकड़ों पर नियंत्रण रखते हैं तथा फर्म की जरूरतों के अनुसार उसमें परिवर्तन कर सकते हैं। ब्लाकचेन इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।

इस विशिष्ट तकनीक के चार आयाम हैं। यह सभी प्रासांगिक प्रयोगकर्ताओं के प्रति सचेतन होती है तथा सबके द्वारा लेनदेन वैध ठहराने पर ही लागू होती है। कोई लेनदेन अनुमति के बाद स्वतः सभी प्रयोगकर्ताओं के लेजरों में दर्ज हो जाता है। रिकार्ड स्थाई होता है अर्थात बलाक जोड़ने के बाद उसे हटाया नहीं जा सकता है। इस तकनीक का चौथा और मुख्य आयाम इसकी सुरक्षा है क्योंकि इसे डेटा ब्लाक का हर प्रयोगकर्ता अधिकृत करता है। हालांकि, यह मुख्यतः बिटक्काइन जैसी क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी है, पर समुचित स्वीकार्यता के बाद यह बिजनेसों के कामकाज में व्यापक परिवर्तन कर सकती है। नई प्रक्रियाओं का प्रयोग बिजनेसों को प्रतियोगी बनाने तथा उनमें नए आयाम शामिल करने के लिए हो सकता है। इससे बिजनेस समाज कल्याण के काम में भी योगदान कर सकते हैं। इसका प्रयोग खाद्य उद्योग में 'फूड फ्राम फार्म टु फोर्क' के रूप में हो सकता है। 2006 में अमेरिका में खासकर पालक में इस्ट्रेचिया कोलई की महामारी आई। सरकार को बैक्टीरिया का स्रोत पता लगाने में केवल दो सप्ताह का समय लगा तथा टनों पालक प्रदूषित होने के भय से अस्वीकार की गई।

ब्लाकचेन तकनीक से सप्लाई श्रृंखला में सभी कंपनियों व उनकी परिस्थितियों के बीच विश्वसनीयता पैदा होती है जिससे प्रदूषण का पता चल जाता है। वालमार्ट, नेस्ले व यूनीलीवर जैसी बड़ी कंपनियां इस तकनीक का प्रयोग कर कच्चे माल की गुणवत्ता पर नियंत्रण करती हैं। इस संबंध में वालमार्ट ने एक प्रयोग किया। वह 2.2 सेकेंड में इसके प्रयोग से आमों के बाग का पता लगाने में सफल हुई। पहले परंपरागत विधियों से कटे आमों के मूल का पता लगाने में लगभग सात दिन का समय लगता। अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन-एफडीए ने हाल ही में इस तकनीक का प्रयोग फूड लेबेलिंग के लिए शुरू किया ताकि ग्राहकों को उत्पादों में 'अतिरिक्त चीनी' की जानकारी दी जा सके। इससे कंपनियों को उत्पाद तैयार करने व उनमें अवयवों का पता लगाना आसान हो गया क्योंकि सूचना ब्लाकों में दर्ज होती है तथा उसे छांटने में समय और पैसे की बचत होती है। वर्तमान युग में सूचना का विशेष महत्व है और निजता की सुरक्षा ब्लाकचेन तकनीक प्रयोग का एक और महत्वपूर्ण आयाम है। पहचान, पासवर्ड, पता, स्थाई एकाउंट नंबर-पैन, बैंक का विवरण आदि इंटरनेट से सभी जगह फैल जाता है जिससे डेटा चोरी का खतरा पैदा होता है। अमेरिकी फेडरल व्यापार आयोग-एफटीसी द्वारा 2019 में पता लगाए 3.2 मिलियन धोखाधड़ी मामलों में से लगभग 20 प्रतिशत का संबंध डेटा व आइडेंटिटी की चोरी से था। 2019 की नार्टन लाइफलाक साइबर सेफ्टी इनसाइट रिपोर्ट के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत भारतीय उपभोक्ताओं ने साइबर अपराधों के कारण 2019 में आइडेंटिटी चोरी का सामना किया जिससे 1.2 ट्रिलियन का नुकसान हुआ।

ब्लाकचेन तकनीक का प्रयोग व्यक्तियों के डेटा की सुरक्षा में होता है तथा सूचना की निजता सुरक्षित रहती है। केन्द्रीय डेटाबेस के वर्तमान व्यवहार की तुलना में ब्लाकचेन लेजर एक डिजिटल अधिकार प्रबंधन व्यवस्था की तरह काम करती है जिस तक पहुंच के लिए उपयुक्त अनुमति जरूरी होती है। उदाहरण के लिए, यदि आयु संबंधी जानकारी चाहिए तो केवल उससे संबंधित आंकड़े ही जारी होंगे, जबकि पते आदि का अतिरिक्त डेटा अलग रहेगा। चूंकि डेटा किसी सेंट्रल डेटाबेस में नहीं रहता है, इसलिए इसकी चोरी का संकट बहुत घट जाता है। इस तकनीक से तीन स्तरीय सुरक्षा डेटा एक्सचेंज से डिजिटल सूचना का पता लगाना आसान नहीं होता है। इसमें डेटा मांगने वाला, डेटा देने वाला व नेटवर्क आपरेटर एक दूसरे को नहीं जानते हैं। यह उपभोक्ताओं का डेटा और उनकी निजता सुनिश्चित करने का एकमात्र रास्ता है। सप्लाई चेन का किसी बिजनेस पर भारी प्रभाव पड़ता है जहां कोई भी बाधा विनाशकारी हो सकती है। ब्लाकचेन तकनीक प्रतिभागियों को सप्लाई श्रृंखला की सभी गतिविधियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। इससे एक मजबूत व्यवस्था बनती है जो बिजनेस स्थितियों को पहले से परिभाषित करती है ताकि ये शर्तें पूरी होने पर अनुबंध स्वतः हो सकें।

इस तकनीक से बिजनेस में कोई सप्लायर या वेंडर आसानी से जोड़ा जा सकता है, जबकि परंपरागत रूप से इसमें काफी समय लगता था। इस प्रक्रिया में नए वेंडर के विस्तृत विवरण विश्वसनीय तरीके से कम समय में दर्ज हो जाते हैं। बैंकिंग व वित्तीय बाजारों, बीमा, जोखिम प्रबंधन, स्वास्थ्यरक्षा उद्योग, शोध एवं क्लीनिकल परीक्षण, वाणिज्य, खुदरा प्रबंधन, मीडिया व स्वचालन उद्योग, आदि में इस तकनीक का प्रयोग हो सकता है। आज की दुनिया में सीमाओं के पार से व्यापार और बिजनेस सामान्य बात हो गई है। लेकिन इस में विश्वास का संकट पैदा हो सकता है। परंपरागत बिजनेस माडलों में यह बड़ी बाधा है जहां प्रक्रिया का संबंध आमतौर से अनेक पक्षों के बीच होता है। ब्लाकचेन तकनीक विभिन्न पक्षों के बीच विश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान कर सकती है।

इसका प्रयोग उबर, एयरबीएनबी व नेटफ्लिक्स जैसी कंपनियां करती हैं। हालांकि, इसके प्रयोग में कुछ चुनौतियां भी हैं। इसके बारे में जानकारी अभी पूरी नहीं है और इसके विकास में कुछ समय लगेगा। यह इंटरनेट तकनीक की तरह है जिसका जन्म केवल चार दशक पहले हुआ था। बिजनेसों को यह तकनीक स्वीकार करने की क्षमता भी विकसित करनी होगी तथा समुचित प्रशासनिक ढांचा सुनिश्चित करना होगा।

ब्लाकचेन तकनीक की संभावना सरकारी नीतियों, बिजनेस परिवेश, कानूनों, विनियमनों व नौकरशाही पर भी निर्भर है। जटिल प्रशासनिक संरचना विरोधाभास, बाधाओं व अधिक खर्च का कारण बनती है। सार्वजनिक क्षेत्र में ब्लाकचेन तकनीक की स्वीकृति में विलंब हो रहा है, जबकि निजी क्षेत्र की तुलना में वहां अनेक प्रतिभागी होने के कारण खतरा भी अधिक है। ब्लाकचेन तकनीक सभी उद्योगों में अपनी प्रासांगिकता सिद्ध कर रही है जिनमें फाइनेंस, सीमाओं के पार व्यापार व सप्लाई श्रृखलायें शामिल हैं। हालांकि, इसमें भले ही हर बिजनेस लक्ष्य का समाधान न हो, पर इसमें अन्य उद्योगों को बदलने की क्षमता है। अनेक बिजनेसमैन ब्लाकचेन तकनीक के प्रयोग से अपनी बिक्री बढ़ाने तथा प्रतियोगी लाभ पाने में सफल हुए हैं। इस तकनीक से निरंतरता, पारदर्शिता तथा विश्वास बनता है, नई परिस्थितियां तैयार होती हैं तथा बिजनेस माडलों के विकास से राजस्व प्राप्ति के नए साधन बनते हैं।

# चिकित्सीय ज्ञान को संरक्षित करना आवश्यक

"नमूनों एवं कार्य प्रणालियों पर जानकारियां संरक्षित करने के लिए क्लाउड स्टोरेज का समुचित उपयोग महत्वपूर्ण होता है जो भविष्य में जीवन सुरक्षा में मददगार हो सकता है।"



**के एम चेरियन**
(लेखक पद्म श्री पुरस्कार विजेता एवं कार्डियोथौरैसिक सर्जन हैं)

हम रोमांचक दौर में जी रहे हैं जहां हम चिकित्सा क्षेत्र में प्रतिदिन नई चीजों की खोज कर रहे हैं। यह उन तकनीकी उन्नतियों कह बदौलत हुआ है जो हमने की हैं। उदाहरण के लिए, कोविड-19 वायरस को ही ले लीजिए। 2020 में इसकी उत्पत्ति के समय से ही, हम रोज इसके बारे में एक नए तथ्य की खोज करते रहे हैं। यह सब उन तकनीकी उच्चीकरणों की बदौलत हुआ है जो मनुष्य ने चिकित्या विज्ञान के क्षेत्र में किए हैं, खासकर शल्य क्रिया की शाखा में।

देश में भावी सर्जनों व स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों के लिए विविध कार्य प्रणालियों के इतिहास को समझना व उस पर आगे और विकसित करना महत्वपूर्ण है। लेकिन, चिकित्सा क्षेत्र में हुई सारी प्रगति को सही ढंग से दस्तावेजीकृत नहीं किया गया है। इसलिए, ताजा तकनीकी प्रक्रियाओं का उपयोग करने, संरक्षण करने एवं भावी चिकित्सा पेशेवरों की पीढ़ी को ज्ञान देने के लिए ईमानदारी से प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

इंटरनेट के माध्यम से ज्ञान के आदान-प्रदान के इस युग में, नमूनों एवं कार्य प्रणालियों पर जानकारियां संरक्षित करने के लिए क्लाउड स्टोरेज का समुचित उपयोग महत्वपूर्ण होता है जो भविष्य में बहुत से जीवन बचाने में मददगार हो सकता है। यद्यपि नालंदा दुनिया के पहले विश्वविद्यालयों में से एक था, उस समय विविध अध्ययनों के माध्यम से अर्जित ज्ञान को आगे बढ़ाते रहने के लिए संरक्षित नहीं किया जा सका। यह मानव प्रजाति के लिए बड़ा नुकसान था।

इसलिए, चिकित्सा विज्ञान में निरंतरता और विकास को सुनिश्चित करने के लिए, पहला काम जो किया जाना आवश्यक है वह है केस फाइलों एवं कार्य प्रणालियों का डिजिटलीकरण। यद्यपि बहुत से अस्पतालों एवं स्वास्थ्यरक्षा संगठनों ने अपने मरीजों की फाइलों को डिजिटलीकृत किया हे तथा उन्हें सरवर समर्थित चिकित्सा दस्तावेज प्रणालियों में संग्रहीत किया है, छोटे संगठनों को भी यही करना महत्वपूर्ण है।

शल्य क्रिया संचालन को बॉडी कैमरों अथवा सीसीटीवी कैमरों में कैद किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, इन फाइलों को उचित तरीके से एक सुरक्षित क्लाउड सर्वर में संग्रहीत किया जाना अनिवार्य है क्योंकि हार्ड डिस्क और ड्राइवरों के दोषग्रसित हो जाने, चुरा लिए जाने व उनमें छेड़छाड़ किए जाने की संभावना रहती है। इस तथ्य के चलते कि उनमें मरीजों गोपनीय आंकड़े सग्रहीत होते हैं मगर गलत हाथों में पड़ जाने पर उनके दुरुपयोग की संभावना होती है, इन फाइलों को सुरक्षित रखना व सुरक्षा बनाए रखना बेहद अहम होता है।

दूसरे, हमारे लिए उन आंकड़ों से अंतरदृष्टि प्राप्त करने की प्रबल आवश्यकता होती है जिनका इस्तेमाल हम उपचार, सर्जरी एवं शोध व विकास के लिए करते हैं। आंकड़े प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं लेकिन हमें बिग डाटा एवं एनेलिटिक्स जैसे उचित उपकरणों की आवश्यकता होती है जिससे कि दी गई जानकारियों से अंतरदृष्टि प्राप्त कर प्रभाव पैदा किया जा सके। ऐनालिटिक्स का इस्तेमाल कुछ चिकित्सीय स्थितियों में पैटर्न का पूर्वानुमान लगाने व उपचार करने में किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि हम किसी विशेष आयु वर्ग के लोगों की पिछले कुछ दशकों में अभी तक की गई बाइपास सर्जरियों के सभी मामले लेते हैं व एक साझा पैटर्न प्राप्त करते हैं, तो भविष्य के लिए यह बहुत उपयोगी हो सकता है।

इसी प्रकार, त्रिआयामी प्रिंटिंग एवं त्रिआयामी मॉडलिंग डाक्टरों, नर्सों एवं अन्य स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों को को प्रशिक्षित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण नई पहल है। त्रिआयामी प्रिंटिंग, अथवा एडिटिव विनिर्माण एक प्रक्रिया है जिसमें त्रिआयामी वस्तु का सृजन सामग्री की उत्तरोत्तर सतहों को निर्धारित करके किया जा सकता है, जिसमें से सभी प्रस्तावित वस्तु के पतले काटे गए सेक्शन होते हैं। फिर उस वस्तु को कम्प्यूटर समर्थित प्रारूपण साफ्टवेयर का इस्तेमाल कर प्रारूपित किया जाता है तथा त्रिआयामी प्रिंटिंग की आवश्यकताओं के उपयुक्त बनाया जाता है। चूंकि चिकित्सा छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए वास्तविक मॉडल, खासकर कोविड-19 के दौर में होना संभव नहीं होता है, जहां प्रत्येक अंग की दुर्बोधताओं का अन्वेषण किया जाता है, चलनशील हिस्सों के साथ त्रिआयामी मॉडलों का होना शल्य क्रिया प्रशिक्षण के लिए बहुत उपयोगी होता है।

सर्जनों व स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों के भावी प्रशिक्षण हेतु अगला महत्वपूर्ण कदम है ज्ञान को पहुंच के योग्य बनाना। इसका अर्थ है जानकारियों को माध्यमों एवं मंचों पर सभी के लिए उपलब्ध कराना। हमें धन संबंधी रुकावटें डालकर ज्ञान के प्रवाह को रोकना नहीं चाहिए। इसके बजाए, हमारा उद्देश्य दवा तथा सर्जरी के प्रत्येक क्षेत्र में आभासी ज्ञान केंद्र सृजित करने का होना चाहिए। दुनिया के जाने-माने विशेषज्ञ इस समूह का हिस्सा हो सकते हैं और आकांक्षी पेशेवरों की मार्गदर्शन के द्वारा समय-समय पर मदद कर सकते हैं।

नालंदा विश्वविद्यालय दुनिया के पहले विश्वविद्यालयों में से एक था, जिसकी स्थापना 5वीं सदी ईसा पूर्व हुई थी, और कहा जाता है कि भगवान बुद्ध अपने जीवनकाल के दौरान स्वयं वहां गए थे। अपने चरम पर, 7 वीं सदी में, नालंदा विश्वविद्यालय में 10,000 छात्र और 20,000 शिक्षक थे जब चीनी विद्वान ह्वेनसांग वहां पहुंचा था। लेकिन उस ज्ञान को संरक्षित करने की तकनीक के अभाव में सारा ज्ञान नष्ट हो गया।

प्राचीन काल की बुद्धिमत्ता को वर्तमान उन्नत एवं उच्चीकृत आधुनिक विज्ञान से जोड़ना महत्वपूर्ण है। इन प्रयासों का परिणाम भावी पीढ़ियों को शिक्षित करने में आंकड़ों के हस्तांतरण एवं

## फरमाया



**किसानों** को भ्रमित करने के सरकार के प्रयास निरर्थक हैं। किसान इरादा समझते हैं और उनकी मांगे स्पष्ट हैं कि कृषि कानून वापस लिए जाएं।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**समझदारी** भरी नीतियों एवं उचित निवेशों के द्वारा हम ऐसा रास्ता निर्धारित कर सकते हैं जो सभी के लिए स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्थाओं के पुनरोत्थान एवं जैव विविधता संरक्षण में सहायक हो।

– **एंटोनियो गुटरेस**
संयुक्त राष्ट्र महासचिवा



**वंशवाद** की राजनीति लोकतंत्र की सबसे बड़ी दुश्मन है। इसने एक नए प्रकार की तानाशाही को जन्म दिया और देश पर अदक्षता का बोझ लाद दिया।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## जरूरी है डब्लूएचओ

**ब्रिटेन** से आए नए स्ट्रेन के विश्व के कई अन्य देशों में फैलने के साथ ही अमेरिका की महामारी से हो रही दुर्गति चिंताजनक है।टीकाकरण की शुरुआत के बावजूद 1 दिन में 4000 से अधिक लोगों की मौत बताती है कि संक्रमण की गति कैसी है? लगातार बढ़ रहे आंकड़ों से दुनिया के अन्य देशों को भी सबक लेना चाहिए और कम से कम टीकाकरण के बाद भी सतर्क रहने की समझ रखनी चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन कोई पहल क्यों नहीं करता? कोराना लगातार दुनिया को आतंकित करता जा रहा है। ब्रिटेन से नए स्वरूप में आया कोरोना दुनिया के 22 देशों को संक्रमण की जद में ले चुका है। इससे भय बढ़ता जा रहा है। अमेरिका इस समय सबसे अधिक आहत है क्योंकि टीकाकरण और अन्य उपायों के बाद भी बड़ी संख्या में वहां मौतें प्रतिदिन हो रही है। 4000 लोगों का एक ही दिन बीमारी के आगोश में समा जाना इस बात का संकेत है कि वहां किस कदर संक्रमण फैल रहा है। बावजूद इसके सरकार क्या कर रही है? संक्रमण भले ही अमेरिका में बढ़ रहा हो पर इसका खामियाजा दुनिया को भी भुगतना पड़ सकता है। वुहान की लापरवाही किस कदर लोगों के गले पड़ी है यह समझाने की जरूरत नहीं है। डब्लूएचओ इस दिशा में ठोस पहल करे।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

## पर्यटन केंद्रों में स्वच्छता

**वर्तमान** में पर्यटन स्थलों पर और बेहतर सुविधाओं की आवश्यकता है। फिल्म निर्माताओं को भी म.प्र.के पर्यटन स्थलों का सोंदर्य व ऐतिहासिक धरोहरे काफी भा रही है विशेष कर मांडू ,महेश्वर में कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है , इंदौर, उज्जैन ,भोपाल, जबलपुर ,पंचमढ़ी आदि मप्र के कई क्षेत्रों में फिल्मो की शूटिंग भी की जा कर बड़े परदे पर देखी जा रही हैं। फिल्म निर्माताओं को लोकेशन हेतु विदेश जाकर दृश्य फिल्माने पर काफी लागत आती थी। मप्र में ही कई सुंदर स्थल उपलब्ध होने से फिल्म लागत निर्माण में फायदा हुआ है। लोगों को भी चाहिए की पर्यटन स्थलों पर गंदगी .कूड़ा-करकट ना फैलाएं ,दीवारों पर कुछ ना लिखें, क्योंकि सौंदर्य निहारने ऐतिहासिक महत्व को जानने, स्थानीय कला को पहचानने के लिए और दो पल सुकून पाने के लिए लोग आते हैं। स्वच्छ पर्यटन सभी जगह बना रहे ऐसा स्वच्छता का कार्य जागरूकता से करना होगा, ताकि पर्यटकों को व फिल्म निर्माताओं को पर्यटन स्थलों का आकर्षण दिलों में जगह बना सके। इसके अलावा और भी रमणीय स्थल चिन्हित करके पर्यटन क्षेत्र विकसित करने के लिए शासन का ध्यान आकर्षित कर क्षेत्र की सौन्दर्य और पहचान स्थापित करने में मदद की जाना चाहिए। – **संजय वर्मा,** मनावर, मप्र

## नकेल कसे सरकार

**स्वामी** विवेकानन्द, श्री राम, मोहम्मद पैगम्बर, गुरु गोविंद सिंह क्या सोचते होंगे?देश में महिलाओं के प्रति दिन प्रतिदिन बढ़ते अपराध, किसी देश को आखिर कैसे विकासशील बना सकते हैं?ये किसी एक धर्म या पंथ की बात नहीं है, बल्कि सभी को इस विषय के बारे में सोचने और समझने की जरूरत है। चूंकि बलात्कार जैसे घिनौने कुकर्म करने वाला आसमान से नहीं बल्कि हमारे और आपके बीच से ही होता है। ऐसे में हमसब की जिम्मेदारी बनती है कि ऐसे लोगों के खिलाफ सतर्क रहे और खुल के आवाज उठाए, तभी कुछ हो सकता है।ताजा सर्वे के अनुसार, राजस्थान में लगभग 5000, उत्तरप्रदेश में लगभग 3000 बलात्कार के केस है।जिस राज्य के मुखिया राम राज को बढ़ावा देते हैं, वहां ऐसे घटनाएं रोज हो रही, क्या यही राम राज है, जहां सीता सुरक्षित नहीं? इसके नकारात्मक प्रभाव के कारण, लड़कियों को अभिभावक शिक्षालय नहीं भेजते, असुरक्षा महसूस करते हैं। लगातार तूल पकड़ रहे मामलों का निस्तारण अत्यंत आवश्यक है।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम 15 फरवरी तक

**बालोद।** जिला क्षय अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम 15 फरवरी 2021 तक चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत टीबी सघन खोज अभियान ''टीबी हारेगा देश जीतेगा'' जिले के विभिन्न जगहों जिसमें उपजेल, खदान, स्लम क्षेत्र, वृद्धा आश्रम आदि स्थानों पर टीबी स्क्रीनिंग किया जा रहा हैं।

उन्होंने बताया कि उक्त अभियान अंतर्गत 12 जनवरी 2021 को उपजेल में 215 कैदियों का टीबी स्क्रीनिंग किया गया साथ ही स्क्रीनिंग के दौरान टीबी की सामान्य जानकारी व लक्षण, टीबी की रोकथाम की जानकारी व परामर्श दिया गया। उन्होंने बताया कि उक्त स्क्रीनिंग में 17 लोगों में टीबी के संदेहास्पद लक्षण मिले जिन्हें जिला क्षय नियंत्रण केन्द्र बालोद सीबीनॉट जांच हेतु रिफर किया गया। टीबी स्क्रीनिंग कार्यक्रम में जिला क्षय अधिकारी डॉ. संजीव ग्लेड, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ भूमिका वर्मा, सहायक जेल अधीक्षक आर.आर. मातलाम सहित अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# प्रकृति की गोद में बसा जिले का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सरोधा दादर में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुफ्त ले रहे पर्यटक

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की महिला समूह की छत्तीसगढ़ी पकवान बना आय का जरिया

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सरोधा दादर (चिल्फी में) के पर्यटन केन्द्र में गायत्री महिला स्व. सहायता समूह के द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को परोस कर पर्यटन के अनुभव को और जायकेदार बना रहीं है। छत्तीसगढ़ी पकवान चैसेला, खुर्मी-ठेठरी, चिला, मुगोड़ी, भजीया जैसे छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद देश के अलग-अलग कोने से आए पर्यटकों को सरोधा दादर के रिसॉर्ट में मिल रहा है। मैकल पर्वत श्रेणी के सतपुड़ा रेन्ज के जंगल और पहाड़ियों में बसा सरोधा दादर जिले का प्रसिद्ध पर्यटन केन्द्र है। जहां पर छत्तीसगढ़ से ही नहीं वरन देश के अलग-अलग कोने से पर्यटक आ कर रूकते है। इसका विशेष महत्व इसलिए भी बड़ जाता है क्योंकि सरोधा दादर राष्ट्रीय उद्यान कान्हा केसली के साथ भोरमदेव अभ्यारण के रेन्ज से लगा हुआ है। ऐसे स्थानों में हमेशा पर्यटकों का आना जाना लगा रहता है। जिनके सुविधाओं के लिए शासन द्वारा अनेकों प्रयास भी निरंतर किए जा रहे है। इसी क्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत गायत्री महिला स्व. सहायता समूह के द्वारा छत्तीसगढ़ व्यंजानों की सेवाएं पर्यटकों को दी जा रही है। इस काम से महिला स्व. सहायता समूह को बहुत ही बेहतर आमदनी होने लगा है। प्रति माह 12 से 15 हजार रूपए की आय इन्हें हो रही है। समूह की अध्यक्ष धर्मिन बाई ने बताया कि सरोधा दादर रिसोर्ट में छत्तीसगढ़ी व्यंजन की मांग बनी रहती है। पर्यटकों को उनके इच्छा अनुसार छत्तीसगढ़ी व्यंजन गरमा-गर्म परोसा जाता है, जिसमें विशेष रूप से चैसेला, चिला आदि रहता है। कभी-कभी पर्यटकों द्वारा छत्तीसगढ़ी भोजन की भी मांग की जाती है। ऐसे पर्यटकों को चना भाजी, लाल भाजी, दाल, चावल, आचार, पापड़ के साथ खाना भी हमारे समूह द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि सप्ताह के तीन दिन शुक्रवार, शनिवार, एवं रविवार को पर्यटकों की ज्यादा भीड़ होती है एवं अन्य दिन भीड़ थोड़ी कम होती है। लेकिन समूह कि दस सदस्यी महिलाएं काम को आपस में बाट ली है। कोई रसोई का काम देखती है तो कोई सामग्रियों का लाना ले जाना करती है। प्रत्येक माह 12 से 15 हजार रूपए की आमदनी होता है ज्यादातर कमाई छुट्टियों के दिनों में होती है। हम सभी समूह की महिलाएं खुश है की हम अपना काम कर रहें है।

हाथ में आपना व्यवसाय है और इससे अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए घर में पैसे आ रहें है। व्यवसाय खड़ा करने के लिए लगने वाले गैस चुल्हा, सिलेन्डर, कढ़ाई तवा जैसे अन्य आवश्यक सामग्री बिहान के तहत लोन लेकर पूरा किया है। अब इस लोन का ऋण भी समूह द्वारा चुकाया जा रहा है इस तरह हम महिलाएं होटल के व्यवसाय में आगे बढ़ रहीं है।



### पर्यटन स्थल में लोगों को मिला रहा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद : सीईओ

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय दयाराम के. ने बताया कि आजीविका मिशन के तहत कबीरधाम जिले के विभिन्न स्थानो में महिलाओं द्वारा स्वल्पाहार केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। सर्वप्रथम मॉडल गौठान बिरकोना में भोर कलेवा के नाम से स्वल्पाहार केन्द्र प्रारंभ किया गया था। इसके बाद जिला पंचायत परिसर, कलेक्ट्रेट परिसर, पोड़ी चौक, पण्डरिया के बाद अब जिले के पर्यटन केंद्र सरोधा दादर में महिला समूह द्वारा स्वल्पाहार केंद्र से जुड़कर कार्य कर रहीं है। सभी स्वल्पाहार केन्द्रों में महिला समूह द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजन परोसा जा रहा है और इससे महिला समूह की आजीविका संर्वधन का कार्य हो रहा है।

# बेमेतरा पहुंची कोरोना वैक्सीन, 16 से प्रारम्भ होगा टीकाकरण

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले में भी कोरोना वैक्सीन पहुंच गया है इसके साथ ही अब इसका टीकाकरण करने का कार्य 16 जनवरी से प्रारंभ होगा इस बात की जानकारी स्वयं कलेक्टर शिव अनंत आयल ने दिया है कलेक्टर ने बताया कि कोरोना वैक्सीन की 3300 डोज प्राप्त हो गयी हैं। 16 जनवरी से टीकाकरण 3 स्थान पर (बेमेतरा जिला अस्पताल, बेरला और नवागढ़) में प्राथमिकता अनुसार प्रारम्भ होगा सीएमएचओ डॉ. एसके शर्मा ने बताया, प्रथम चरण में 16 जनवरी को पहले दिन कोरोना वैक्सीन जिले में 3 अस्पतालों में दी जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग से मिले निर्देशों के अनुसार जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला व नवागढ़ में पंजीकृत स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगेगा। फिर हर दिन 100-100 हितग्राहियों को ही टीका लगाया जाएगा। प्रत्येक वैक्सीनेशन साइट पर पांच सदस्यीय टीम का गठन टीकाकरण के लिए किया गया। उन्होंने कहा कोरोना टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सतर्क और सजग है। लडॉ शर्मा ने बताया जिला और ब्लॉक सहित शहरी क्षेत्रों में चिह्नित स्थलों पर प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती की जाएगी। स्वास्थ्यकर्मियों को को-विन पोर्टल में पंजीकृत लाभार्थियों को वैक्सीनेशन केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार करने का निर्देश दिया गया है।

### प्रथम चरण में टीकाकरण के लिए तैयारियां

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ शरद कोहाड़े ने बताया 'कोरोना वायरस को मात देने के लिए प्रथम चरण में 5,126 सरकारी व प्राइवेट हेल्थ वर्करों को वैक्सीन दी जाएगी। जिले में टीकाकरण के लिए 26 वैक्सीन कोल्ड चैन पाइंट बनाए गए हैं। वैक्सीन लगाने के लिए 20 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एक जिला व सिविल अस्पताल सहित कुल 26 वैक्सीनेशन साइट बनाए हैं। वैक्सीनेशन के लिए रजिस्टर्ड फोन नंबर पर एसएमएस के जरिए जानकारी दे दी जाएगी कि आपको किस समय वैक्सीन बूथ पर पहुंचना है।

# कोरोना काल में प्राइवेट स्कूल वसूल रहे पूरी फीस

## पालकों ने जिलाधीश से की शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रदेशभर में कोरोना संकट के चलते स्कूल कॉलेज अभी तक चालू नहीं हुआ है। लेकिन बच्चों और छात्रों के पढ़ाई में किसी प्रकार का अवरोध न हो इसके लिए ऑनलाइन पढ़ाई चल रही है। लेकिन प्राइवेट संस्थानों द्वारा मोटी फीस वसूली का मामला लगातार सामने आता रहा है। इसी प्रकार बेमेतरा जिला में भी प्राइवेट स्कूलों द्वारा ट्यूशन फीस के नाम से मोटी फीस लेने का मामला सामने आया है।

जिला पंचायत सभापति एवं अंकुर समाज सेवी संस्था के प्रदेश संयोजक राहुल योगराज टिकरिहा के नेतृत्व में प्राईवेट स्कूलों में अध्यनरत बच्चों के पालको ने बेमेतरा जिलाधीश शिव अनंत तायल से मुलाकात कर बेमेतरा में संचालित पब्लिक स्कूल एवं बेमेतरा जिला में संचालित सभी प्राइवेट स्कूलों के फीस के संदर्भ में ज्ञापन सौपाकर स्कूलों को उचित दिशा निर्देश देने का निवेदन किया गया।



एलॉन्स इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालकों ने स्कूल प्रशासन द्वारा फीस के लिए मोटी रकम मांगने व फीस के लिए दबाव बनाने की शिकायत सभापति राहुल योगराज टिकरिहा से किया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए सभापति टिकरिहा ने पालकों से मुलाकात कर जानकारी दी साथ ही जिलों में संचालित अन्य सभी प्राइवेट स्कूलों के लिए भी फीस निर्धारित करने का निवेदन जिलाधीश बेमेतरा से किया।

जिलाधीश बेमेतरा को सौंपे गए ज्ञापन में सभापति टिकरिहा एवं पालकों ने लिखा है कि बेमेतरा में संचालित पब्लिक स्कूल द्वारा अध्यनरत विद्यार्थियों के पालको से ट्यूशन फीस के नाम से फीस मंगाई जा रही है और फीस के लिए स्कूल प्रशासन द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। बच्चे अभी अपने घरों में रहकर ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे है। जिससे स्कूल की बहुत सारे खर्चे(जैसे - पानी, बिजली, रोजाना सफाई, मेंटेनेंस) के पैसे बच ही रहे है। जबकि ऑनलाइन पढ़ाई के लिए पालकों को बच्चों के लिए मोबाईल और हर महीने नेट पैक डलाने की आवश्यकता पड़ती है। नेट पैक भी कम से कम रोजना 3 जीबी मिले इतना पैक का रिचार्ज कराना पड़ रहा है ताकि बच्चों के पढ़ाई में किसी प्रकार का रुकावट न आएं।

कोरोना का यह संकट सभी के ऊपर आया है। अतः पालकों की पीड़ा को समझते हुए और स्कूल प्रशासन की बजट सुविधा को देखते हुए एक उचित रास्ता निकालने की कृपा करें।

## राज्य महिला आयोग 23 को प्रकरणों की सुनवाई करेगी

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक द्वारा राज्य महिला आयोग में महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित प्राप्त बालोद जिले के प्रकरणों की सुनवाई 23 जनवरी 2021 को प्रातः 11 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में की जाएगी।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के सचिव ने बताया कि सुनवाई हेतु सभी पक्षकार अपने निर्धारित समय में बारी-बारी से उपस्थित होंगे। सुनवाई के दौरान सोशल डिस्टेंस और मास्क का पालन अनिवार्य होगा।

# भूपेश सरकार गांव-गांव में बहा रही शराब की नदियां

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

प्रदेश सरकार के वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए और किसान विरोधी सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर गुंडरदेही विधानसभा के अर्जुन्दा, खेरथा और गुंडरदेही भाजपा मंडल के सभी पदाधिकारी, नेता व कार्यकर्ताओं ने गुंडरदेही मुख्यालय के हृदय स्थल धमतरी चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर भूपेश सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर हल्ला बोल प्रदर्शन किया। इस दौरान गुंडरदेही विधानसभा के पूर्व विधायक व भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र साहू ने भूपेश सरकार को आड़े हाथों लिया। वीरेंद्र साहू ने अपने सम्बोधन में कहा कि भूपेश बघेल ने चुनावी घोषणा पत्र में शराब बंदी करने का निर्णय लिया था। लेकिन आज तक शराब बंदी तो दूर गांव-गांव में शराब की नदिया भूपेश बघेल की सरकार द्वारा बहाई जा रही है। साहू ने आगे कहा की गांव में डिस्पोजल, पानी पाउच व शराब की बोतल दिखाई देती हैं। ये पहली सरकार है, जहाँ सरकारी शराब दुकान में अवैध शराब की बिक्री होती है। शराब के नाम पर खुलेआम डकैती सरकार कर रही हैं। वही मीडिया से रूबरू होते हुए पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने दावा करते हुए कहा कि प्रदेश की सरकारी शराब दुकानों में अवैध शराब बिक रही हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और मंत्री के निर्देश पर अवैध शराब की बिक्री हो रही है। यह पहली सरकार है, जहां सरकारी शराब दुकानों में अवैध शराब की बिक्री हो रही हैं।




# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फॉर यूथ में अंजलि निर्मलकर का चयन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा विश्व के प्रसिद्ध सॉफ्टवेयर कंपनी इंटेल के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम एआई फॉर यूथ में देश के केवल सरकारी स्कूलों के छात्रों को नवीनतम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से रूबरू कराने तथा उनके द्वारा समाज के समस्याओं का एआई के उपयोग से समधान ढूंढने के लिए यह कार्यक्रम चलाया गया। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एआई फॉर यूथ प्रोग्राम के लिए कुल पंजीकृत 52 हजार 628 विधार्थियों में से प्रथम स्तर में 11 हजार 466 छात्रों ने प्रशिक्षण लिया। देश के 35 राज्य से 2 हजार 536 शिक्षकों ने प्रशिक्षण लिया। देश भर में 2 हजार 441 छात्रों से 2 हजार 704 आइडियाज जमा किए गए। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने यह भी बताया कि स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के अवसर पर विभाग के एमडी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सिंह ने फेस 2 के लिए टॉप 100 छात्रों के परिणाम जारी किए। इनमे छत्तीसगढ़ से कुल 9 छात्रों का चयन हुआ है। जिसमे बेमेतरा जिले से कु. अंजलि निर्मलकर पिता गुमान निर्मलकर कक्षा 12वी (गणित) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेंजवारा विकासखंड बेरला में अध्ययनरत है का चयन हुआ। फेस 2 के लिए चयनित छात्रों को इंटेल के इंजीनियर प्रशिक्षण देंगे उनकी कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जिनमें चयनित छात्रों के आइडिया को वर्किंग प्रोटोटाइप में ढाला जाएगा तथा उनमें से टॉप 30 को अंतिम रूप से चयनित किया जाएगा। कु. अंजलि निर्मलकर के इस उपलब्धि के लिए बेमेतरा जिले के जिलाधीश एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने शुभकामनाएं दी।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर विवेकानंद का जन्म दिवस मनाया गया




**कुम्हारी।** विचक्षण जैन विद्यापीठ के सेमीनार हाल में राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद जी का जन्म दिवस मनाया गया। स्वामी जी के चित्र पर संस्था की प्राचार्य नंदिनी चतुर्वेदी उपप्राचार्य मिनी कुरुप ने माल्यार्पण किया। संस्था की शिक्षिका ममता शर्मा ने स्वामी जी का नाम आचार्य नरेन्द्र से विवेकानंद क्यों हुआ, इस घटनाक्रम को स्मरण करते हुए विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सभी शिक्षक, शिक्षिकायें, एडमिशन विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित थे। विदित हो कि सीबीएसई ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर सभी संबंधित शिक्षण संस्थानों को कार्यक्रम आयोजित किए जाने मार्गदर्शित भी किया था।

# गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस का समारोह

### कोरोना वारियर्स डॉक्टरों, पुलिसकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों और स्वच्छताकर्मियों को किया जाएगा सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी 2021 को गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन की तैयारी के संबंध में आयोजित बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय में मुख्य समारोह का आयोजन कलेक्टोरेट के समीप पुलिस लाइन में किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए विशेष सावधानी बरतनी होगी। भारत सरकार गृह मंत्रालय एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कोविड-19 से बचाव हेतु जारी सभी निर्देशों का पालन एवं उपाय करने होंगे। कलेक्टर ने बताया कि जिला स्तर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण उपरांत पुलिस एवं नगर सैनिक की टुकड़ियों के द्वारा सलामी (गार्ड आफ ऑनर) दी जाएगी। मुख्य अतिथि के द्वारा मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम में कोरोना वारियर्स डॉक्टरों, पुलिसकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं स्वच्छताकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में मास्क पहनना, सामाजिक दूरी आदि का पालन अनिवार्यतः किया जाए। कलेक्टर ने मुख्य समारोह स्थल पर बेरिकेटिंग कार्य, शामियाना, कुर्सियॉ आदि की व्यवस्था, पेयजल हेतु पानी टैंकर की व्यवस्था, बिजली एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था आदि के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की। कलेक्टर ने बताया कि तहसील व जनपद स्तर पर सार्वजनिक समारोह आयोजित नहीं होगे। जनपद पंचायत कार्यालयों में जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं नगरीय निकायों में नगरीय निकाय अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचायत मुख्यालयों में सरपंच द्वारा एवं बड़े गांवों में गांवों के मुखिया द्वारा ध्वजारोहण कर, सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी (जिला, ब्लाक, पंचायत) स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में किसी भी स्थिति में स्कूली छात्र-छात्राओं को एकत्रित नहीं किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाएगा। विभागों द्वारा झांकियों का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। बैठक व्यवस्था में भी सामाजिक व व्यक्तिगत दूरी का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने कहा कि सभी शासकीय, सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए।

## चर्म रोग निदान शिविर

**दुर्ग।** जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा पाटन विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में चर्म रोग निदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज 14 जनवरी को ग्राम पंदर, जामगॉव (एम) एवं मोरिद में व 15 जनवरी को तेलीगुंडरा एवं अरसनारा में निःशुल्क चर्मरोग निदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## निधन

### पद्मा गुप्ता

**भिलाई नगर।** सेक्टर-1, ए मार्केट निवासी प्रेम नारायण गुप्ता (प्रेम इंडस्ट्रीज, भिलाई) की धर्मपत्नी पद्मा गुप्ता (60) का आकस्मिक निधन 12 जनवरी की रात एम्स रायपुर में हो गया. उनका अंतिम संस्कार 13 जनवरी, बुधवार को पूरे विधि विधान से रामनगर मुक्तिधाम में किया गया. वे योगेश गुप्ता (संपादक- राज प्रकाश), शैलेष गुप्ता, सुदेश गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, सोमेश गुप्ता एवं सौरभ गुप्ता की चाची थीं।



## किसान नेता ने एस डी एम के हाथों राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

# कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का किसानों ने लिया संकल्प

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेरला में प्रदेश भाजपा पूरे राज्य भर में 13 जनवरी को पूरे 90 विधानसभा में किसानों के समस्याओं बारदाना की व्यवस्था तुरंत करने, बकाया राशि की जल्द भुगतान करने, एकमुश्त 2500 रु प्रति क्विंटल के हिसाब से दिया जाय, गिरदावरी में काटे रकबा तुरंत जोड़ने, धान खरीदी 1 माह को बढ़ाने, धान की राशि 3 दिन में भुगतान करने के लिए बेमेतरा विधानसभा के कार्यकर्ता व किसान 1 दिवसीय विसाल धरना प्रदर्शन कर नींद भांजती प्रदेश सरकार को जगा रही है।

जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कहा प्रदेश सरकार और कांग्रेस नेता किसानों के नाम पर खाली राजनीति कर रही है केंद्र सरकार से भाजपा को पत्र लिखने को कहना इनका दिवालिया पन इंगित हो रहा है इन लोग कितने भी मिथ्या प्रलाप कर अपने नाकारा पन पर पर्दा डालने का शर्मनाक उपक्रम कर रहे है लेकिन भाजपा कांग्रेस सरकार के किसान विरोधी चरित्र को बेनकाब करके किसानों ल् साथ न्याय करने के लिए प्रदेश सरकार को बाध्य करने में कोई कसर बाकी नही रखेगी आज विधानसभा स्तरीय तो 22 को जिला मुख्यालय में किसान के आवज को बुलंद करेंगे। अब वह चाहे जितना अभियान चलाकर झूठ व नफरत की सियासत का रायता फैला ले लोग अब इनके झांसे में नही आने वाले। पूर्व विधायक अवधेश चंदेल आंदोलन प्रभारी ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि ये सरकार को जनता 2 साल में समझ चुकी है अभी तीन साल बाकी है लेकिन ये सरकार के झूठ और छलावा को एक एक किसान जान चुका है ।प्रदेश सरकार पिछले दो वर्ष के धान खरीदी से बचने की अपनी साजिशाना सियासी फितरत का प्रदर्शन करके किसानों को केवल खून के आंसू रुलाने का काम ही किया है अपने नाकामियों का ठीकरा केंद्र सरकार पर फोड़ रहे है और प्रदेश के किसानों को गुमराह करने में लगे है सबसे बड़ा बारदाना संकट प्रदेश सरकार की नाकामी का सबसे बड़ा नमूना है जिसके लिए वह केंद्र सरकार के खिलाफ एक नया कपट भरा सियासी प्रलाप कर रही है। भाजपा प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा ने संबोधित करते हुए कहा अभी एक कांग्रेस के राजकुमार का वीडियो वायरल हो रहा है उनको याद दिलाया विधानसभा चुनाव के समय छत्तीसगढ़ में घूम घूम कर धान एमएसपी2500 रुपया देने का वादा किया था,प्रति एकड़ 15 क्विंटल की लिमिट को खत्म करने का वादा किया था और ये कहा कि बकाया बोनस हम देंगे हर जिले और ब्लॉक में कांग्रेस सरकार बनने के बाद किसानों के खेत के पास फूड प्रोसेसिंग का कारखाना लगा देगी छत्तीसगढ़ का किसान सीधे जाकर इन कारखाना में अपनी उपज बेचेगा और इसे इसका सही दाम मिलेगा इन कारखानों में किसान के बच्चो को रोजगार देने की बात कहा था।



# चार दिवसीय सदगुरु कबीर सत्संग समारोह आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

सदगुरु कबीर सत्संग समारोह का चार दिवसीय आयोजन ग्राम उरला बीएमवाई कबीर कुटी ग्राम में पूरे उत्साह श्रद्धा पूर्वक किया गया कथा वाचक महंत बिसेसर दास मानिकपुरी ग्राम मोपर वाले साहेब ने सद्गुरु साहब के आदर्श उपदेशों, महिमा तथा चरित्र का अपने भजनों के माध्यम से गुणगान करते हुए जनमानस को उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने की सीख दी। इस चार दिवसीय सत्संग समारोह में आसपास के ग्रामीण जन एवं शहरी क्षेत्र के रहवासी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और महंत के श्रीमुख से निकले अमृतवाणी को ध्यानपूर्वक सुनते हुए सत्संग सरिता में डूबकर श्रवण पान किया।

कार्यक्रम का आयोजन प्रतिमा लाल साहू, संतोष साहू एवं पेखन साहू ने किया। समापन दिवस पर अंचल के कवियों को आमंत्रित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिंतामणि साहू, विशेष अतिथि हेमलाल साहू निर्मोही तथा कार्य म की अध्यक्षता रितंभरा साहित्य समिति कुम्हारी के अध्यक्ष नारायण वर्मा ने किया। मंच पर नारायण वर्मा, हेमलाल साहू निर्मोही चिंतामणि साहू, सूर्य प्रकाश कुशवाहा, जगन्नाथ निषाद, बिसरू राम कुर्रे, रज्जाक अहमद, लखन लाल साहू, ओमवीर करण, श्रीनाथ जायसवाल, सुरेश वाहने, डॉक्टर नौशाद सिद्दीकी, रवींद्र कुमार थापा तथा नरेश विश्वकर्मा आदि कवियों ने अपनी कविताएं गीत आदि छत्तीसगढ़ी तथा हिंदी भाषा में पठन कर सभी वर्ग के श्रोताओं को भाव विभोर करते हुए आयोजन को सार्थकता प्रदान किया।

## क्विक न्यूज

### प्रयोगिक परीक्षक के पंजीयन हेतु आवेदन 15 तक आमंत्रित

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में काफ्टसमेन टेऊनिंग स्कीम के तहत अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा. एनसीव्हीटी हेतु प्रायोगिक परीक्षा लेने के लिए प्रयोगिक परीक्षक के ऑनलाइन पंजीयन हेतु इच्छुक आवेदक वेबसाईट में व्यवसाय जिले की प्राथमिकता एवं अन्य आवश्यक विवरण देकर 15 जनवरी 2021 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। पंजीकृत बाह्य परीक्षकों को पात्रता एवं आवश्यकता अनुसार परीक्षक नियुक्त किया जाएगा। परीक्षक नियुक्त किये जाने पर 75 रूपये प्रति प्रशिक्षणार्थी के दर से मानदेय देय होगा। आवेदन करने के लिए आवश्यक योग्यता प्रायोगिक परीक्षा के मूल्यांकन हेतु नियुक्त किए जाने वाले परीक्षक की न्यूनतम तकनीकी योग्यता संबंधित इंजीनियरिंग नॉन इंजीनियरिंग क्षेत्र में डिप्लोमा होना चाहिए। पर्याप्त संख्या में डिप्लोमाधारी उपलब्ध न होने की स्थिति में न्यूनतम 3 वर्ष षिक्षकीय अनुभव के साथ एनटीसी योग्यता वाले इंस्ट्रक्टर को भी परीक्षक न्यूक्त किया जा सकता है।

### मुखबिर की सूचना पर बाइक चोर पकड़ाए

**रायगढ़।** पूरे जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में चोरों को पकड़ने के लिए विशेष टीम बनाया गया है। जिसमें सारंगढ़ के एसडीओपी जितेन्द्र खूंटे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गौरीशंकर दुबे के नेतृत्व में वाहन व अन्य कई प्रकार के चोरों को गिरफ्तार करने सर्चिंग किया जा रहा था। पुलिस को सूचना मिली की सारंगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मकरी में एक व्यक्ति बाईक बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा जिस पर पुलिस ने तत्काल प्रभाव से ग्राम मकरी पहुंचकर घेराबंदी करके खगेश पटेल पिता साहेबलाल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम बगराईल थाना डभरा जिला जाजंगीर चाम्पा को धर दबोचा। तथा उससे कड़ाई से पूछताछ करने पर एक स्कूटी सारंगढ़ के प्रतापगंज तथा अन्य अपने गृह ग्राम मे रखना स्वीकार किया।

# सत्ता में आने के बाद कांग्रेस हमेशा की तरह वादों सें मुकर गई : मोहले

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने पवित्र गंगा जल की कसम खाकर प्रदेश के अन्नदाता किसानों से उनका दाना-दाना धान खरीदने समेत अनेक वादे किये थे। परंतु सत्ता में आने के बाद कांग्रेस हमेशा की तरह अपने लगभग सभी वादो सें मुकर गयी है। किसान व जनता स्वयं को ठगा एवं असहाय महसूस कर रहा है,धान खरीदी के नाम पर प्रताड़ित होकर आत्महत्या करने विवश है। भूपेश बघेल सरकार को किसानों को उनका हक देना होगा । ये बाते विधायक एवं पूर्व खाद्यमंत्री पुन्नूलाल मोहले ने रेस्टहाउस परिसर में आयोजित विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कही। धरना स्थल से बैलगाड़ी,टेक्टर,मोटर सायकल,में रैली की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर पी.एस.एल्मा को ज्ञापन सौपकर किसानों के हित में कार्य करने की बात कही । छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के आहवान पर पूरे 90 विधानसभा में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया । मुंगेली विधानसभा स्थानीय रेस्टहाउस परिशर में आयोजित मुंगेली विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन में विधायक पुन्नूलाल मोहले ने आगे कहा कि किसानों के धान के रकबा गिरदावरी के नाम पर काटा गया । किसानों के 2 लाख एकड़ भूमि इस बहाने कम कर दिये गये । रकबा कम होने से निराष किसान आत्महत्या कर रहे है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार ने बारदाना खरीदी हेतु सही समय पर कदम नही उठाया इसके कारण किसान परेषान है बारदाने की कमी का बहाना बनाकर सरकार धान खरीदी से बच रही है और किसानों को गुमराह कर रही है। बहाने बाजी बंदकर बारदाने की आपूर्ति को सुनिश्चित करे। कम पंजीयन,बारदाने की कमी,जमीन की कटौती,के कारण जिन किसानों का धान नहीं खरीदा गया है। उनका एक-एक दाना धान खरीदा जावे और तत्काल भुगतान किया जावे । 2500 सौ रूपये प्रति क्विंटल धान खरीदने का वादा किया था परंतु जिन किसानों ने धान बेचा था उन्हे आज तक पूरी राशि नहीं मिली है। 3 सौ रूपया प्रति क्विंटल की दर से पिछले 2 वर्षो का बोनस राशि दिया जावे । कांग्रेस सरकार आदिवासी क्षेत्र के वनाधिकार पट्टा प्राप्त किसानों से वादे के अनुसार धान खरीदी नहीं कर रही है,यह खरीदी भी किया जावे । प्रदेश के किसान लगातार आत्महत्या करने को विवश है ऐसे किसाने के परिवार को 25-25 लाख रूपये की अनुग्रह राशि प्रदान किया जावे। धरना प्रदर्षन को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद लखनलाल साहू ने कहा की बारदाना खरीदी हेतु अनुमानित संख्या 4.45 लाख गठान (500 बारदाना प्रति गठान) खरीदने हेतु कांग्रेस सरकार ने दूरदर्शिता नहीं दिखायी जबकी उसने सदन में स्वीकार किया था कि उसके पास 1 लाख 15 हजार गठान बारदाना की कमी है। यह कांग्रेस सरकार केवल बहाने बाजी कर रही है। पूर्व विधायक चोवादास खाण्डेकर ने कहा की भूपेश बघेल सरकार ने न तो किसानों,न बेरोजगारों,और न महिलाओं के उत्थान लिए कोई प्रयास किया है। गोबर बेचने से किसी को कोई लाभ नहीं मिला । नरवा,घुरूवा,गरूवा,बाड़ी,यह एक केवल जुमला बनकर रह गया । मुख्यमंत्री जगह-जगह जाकर कभी गिल्ली डण्डा,कभी गेड़ी,भवरा,बांटी,बैड्मिंटन खेलकर किसानों व जनता को बहला रहे है । जिला भाजपा अध्यक्ष षैलेष पाठक ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने सभी वादे से मुकर कर जनता व किसानों को दूविधा में डाल दी है किसान प्रताड़ित होकर आत्महत्या तक कर रहे है। इन सभी विसंगतियों पर भारतीय जनता पार्टी शासन का ध्यान आकृष्ट करने की कोषिष करती रही है। प्रदेश में लगातार आंदोलनों और प्रदर्शनों का क्रम भी जारी है। बावजूद इसके षासन इन तमाम मुद्दो से मुंह मोड़े खड़ी है।

## भाजपा चंद्रपुर ने किसान विरोधी नीतियों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस की सरकार द्वारा धान खरीदी के दौरान बारदानों की कमी बता कर धान खरीदी में आनाकानी की जा रही है, तथा कांग्रेस सरकार की इन्हीं अव्यवस्थाओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी विधानसभा-चंद्रपुर द्वारा 13 जनवरी 2021 दिन- गुरुवार को सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक अटल चौक डभरा में धरना, प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें कार्यक्रम का उद्घाटन सक्ती के पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू जी ने किए उन्होंने प्रदेश सरकार के विफलताओं को किसानों के समक्ष रखा, इनके बाद कोटमी मंडल के अध्यक्ष पीताम्बर पटेल ने किसानों के दर्द को बयां किया और कांग्रेस सरकार को घेरा, भारतीय जनता पार्टी जांजगीर के जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा जी कार्यकर्ताओ और किसानों को संबोधित करते हुवे कहा कि किसानों के दुर्दशा के लिए कांग्रेस सरकार की नीति जिम्मेदार है और किसानों की आय दोगुना करने की पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी जी के सपनो को साकार करने के लिए यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों के लिए उनका धन्यवाद किया एवं नए कृषि बिल के फायदे है बताए, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कांग्रेस के किसान विरोधी सरकार को जानकर कोसा, कार्यक्रम को मुरारी दुबे किसान संघ जिलाध्यक्ष, रूप सिंह चंद्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष, चंद्रकुमार चंद्रा मंडल अध्यक्ष मालखरौदा, कवि वर्मा कार्यक्रम सह प्रभारी, रणजीत अज् गल्ले, चक्रधर साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष, आलोक पटेल, हेमंत पटेल, लालू गवेल सहित अनेक लोगों ने संबोधित किया, कार्यक्रम का आभार गोविन्द अग्रवाल प्रभारी ने किया और मंच का संचालन दिनेश बरेठ ने किया।

## जनहित के विभिन्न मांगों को लेकर शिवसेना का 15 को आंदोलन

पायनियर संवाददाता ➤ मालखरौदा
www.dailypioneer.com

शिवसेना ब्लॉक इकाई मालखरौदा द्वारा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर 15 जनवरी को जनपद पंचायत मालखरौदा के सामने एक दिवसीय धरना आंदोलन किया जाएगा। शिवसेना जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह गहलौत जी के नेतृत्व तथा ब्लाक प्रभारी मालखरौदा वेदप्रकाश पटेल की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया जावेगा। जनहित के मांगों में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में हुए भ्रष्टाचार की जांच, क्षेत्र के किसानों की रकबा में कटौती तथा धान खरीदी केंद्र में बरदानों की कमी को दूर किये जाना, विभिन्न ग्रामों में पेंशन की राशि समय अनुसार दिया जाना, शौचालय हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान करना, ग्राम पंचायतों में 13 वें व 14 वें वित्त की राशि में सरपंच व सचिव द्वारा फर्जी तरीके से राशि का आहरण की जांच सहित क्षेत्र के विभिन्न जनहित समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना आंदोलन किया जाएगा।

## दो बाइक चोरों से दो लाख के बाइक, स्कूटी मोपेड बरामद

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जूटमिल चौकी प्रभारी निरीक्षक अमित शुक्ला के नेतृत्व में जूटमिल स्टाफ द्वारा बुधवार को चमड़ा गोदाम क्षेत्र में रहने वाले दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया गया है । जिनसे कुल सात दुपहिया कीमत 1,95,000 का बरामद किया गया है। आरोपियों पर इस्तगासा धारा 41(1+4) 379,34 की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शहर में बाइक चोरी को लेकर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियों को बाइक चोरी में संलिप्त व्यक्तियों की पतासाजी कर अधिक से अधिक चोरी की बाइकों की बरामदगी करने के निर्देश दिए गए हैं। जिस पर प्रभारियों द्वारा स्टाफ एवं मुखबिर लगाकर ऐसे बाइक चोरों को पकड़ा जा रहा है। पिछले दिनों कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा पुसौर क्षेत्र के दो बाइक चोरों से तीन दुपहिया वाहन बरामद किया गया था।

इसी क्रम में बुधवार की सुबह जूटमिल पेट्रोलिंग को सूचना मिली कि ट्रांसपोर्टनगर में दो लड़के पल्सर मोटरसाइकिल में संदिग्ध हालत में घूमकर मोटरसाइकिल बिक्री के लिए ग्राहक तलाक रहे हैं। सूचना पर जूटमिल स्टाफ द्वारा दोनों संदिग्ध लड़कों को बजाज पल्सर मोटर सायकल समेत पुलिस सहायता केंद्र ट्रांसपोर्टनगर लाकर पूछताछ किए। एक युवक ने अपना नाम विश्वा सारथी एवं शनि वैष्णव निवासी आदर्शनगर चमड़ा गोदाम जूटमिल का होना बताए। दोनों से कड़ी पूछताछ पर अलग-अलग स्थानों से सात नग दुपहिया वाहनों की चोरी करना स्वीकार किए तथा उनमें से एक मोटरसाइकिल बजाज पल्सर को बेचने के लिए ग्राहक तलाश करते हुए पकड़े गए। आरोपी विश्वा सारथी पिता मनीराम सारथी 27 वर्ष, शनि वैष्णव पिता हरेश वैष्णव उम्र 22 वर्ष निवासी आदर्शनगर चमड़ा गोदाम चौकी जूटमिल के मेमोरेंडम पर सात दुपहिया वाहन बजाज पल्सर, होंडा एक्टिवा सीडी डॉन, हीरो ड्येट स्कूटी बिना नम्बर हीरो होण्डा सीडी डिलक्स कीमती 1,95,000 रुपए बरामद किया गया है। आरोपियों पर धारा 41(1+4) /379,34 की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

## भाजपा जैजैपुर विस क्षेत्र का धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार 13 जनवरी को जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत कार्यालय के सामने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस नित भूपेश बघेल सरकार की किसान विरोधी नीतियों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम के प्रभारी गगन जयपुरिया, सह प्रभारी गोपी सिंह ठाकुर,सोनसाय देवांगन के मार्गदर्शन में सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 12 सौ की संख्या में विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों के पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे, कार्यक्रम को पूर्व मंत्री मेधाराम साहू एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य निर्मल सिन्हा सहित अनेकों वक्ताओं ने संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार द्वारा किसानों से किए गए वायदों से मुकरने एवं राज्य सरकार को किसान विरोधी सरकार बताया, कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य एवं जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने भी संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में किसान परेशान है, तथा किसानों की समस्याओं को सुनने के लिए राज्य सरकार के पास समय नहीं है, एवं राज्य सरकार सिर्फ वाहवाही लूटना चाहती है।

# मकर सक्रंति पर श्रध्दालुओं ने त्रिवेणी संगम में डूबकी लगाकर पुण्य कमाया

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



मकर सक्रंति के अवसर पर श्रध्दालुओं ने त्रिवेणी संगम में डूबकी लगाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया । इस वर्ष मकर सक्रांति का महापर्व 14 जनवरी गुरुवार को मनाया गया सूर्य का मकर राशि में प्रवेश करना मकर सक्रांति कहलाता है इसी दिन से सूर्य उतरायण हो जाते हैं शास्त्रों में उत्तरायण की अवधि को देवताओं का दिन तथा दक्षिणायन को देवताओं की रात्रि कहा गया है।

इस तरह मकर सक्रांति एक प्रकार से देवताओं का प्रभात काल है मकर सक्रांति के दिन स्नान दान जप तप श्राद्ध तथा अनुष्ठान आदि का अत्यधिक महत्व होता है शास्त्रों के अनुसार इस दिन किया गया दान सौ गुना होकर प्राप्त होता है इसी मान्यता और आस्था को लेकर नगर और आस पास के श्रध्दालुओं ने महानदी , शिवनाथ और जोक नदी के संगम शिवरीनारायण में डूबकी लगाई और भगवान शिवरीनारायण का दर्शन कर गरीबों को तिल , अन्न ,कंबल ,द्रब्य आदि का दान कर पूण्य लाभ प्राप्त किया।

आज प्रात; काल से ही नदी एवं मंदिरों में श्रध्दातुओं की तांता लगना प्रारंभ हो गया था जो शाम तक जारी रहा । भारतीय ज्योतिष के अनुसार मकर सक्रांति के दिन सूर्य की एक राशि से दूसरी राशि में हुए परिवर्तन को अंधकार से प्रकाश की ओर हुआ परिवर्तन माना जाता है मकर सक्रांति से दिन बड़े होने लगते हैं और रात्रि की अवधि कम होती जाती है स्पष्ट है कि दिन बड़ा होने से प्रकाश अधिक होगा और रात्रि छोटी होने से अंधकार की अवधि कम होगी सूर्य ऊर्जा का अजस्त्र स्त्रोत है ।

## पंचायत सचिव संघ व रोजगार सहायक संघ को समर्थन देने पहुंचे शिवसेना के पदाधिकारी



पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

शिवसेना जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह गहलौत के नेतृत्व में शिवसेना जिला पदाधिकारी जनपद पंचायत अकलतरा धरना स्थल में पहुंच कर उनके जायज मांगों का समर्थन किये। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ अकलतरा ब्लाक के द्वारा 26 दिसंबर से काम बंद कलम बंद कर अनिश्चित कालीन हडताल पर बैठे हैं। तो वहीं रोजगार सहायक संघ द्वारा दिनांक 30 दिसंबर से अनिश्चित कालीन धरना आंदोलन किया जा रहा है। उनके मांगों का समर्थन शिवसेना जिला कार्यालय के निर्देशानुसार ब्लाक इकाई अकलतरा द्वारा किया गया। शिवसेना जांजगीर-चांपा जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह गहलौत सहित चंदन धीवर जिला महासचिव, शुभम सिंह राजपूत जिला महासचिव, अश्वनी साहू जिलासचिव,दिलेश्वर विश्वकर्मा जिला सचिव, ईश्वर साहू जिला सचिव, दिलीप साहू जिला उपाध्यक्ष, नीलाम्बर पटेल जिला प्रवक्ता, रमेश साहू जिला कार्यकारिणी, गौरीशंकर पाढी जिला कार्यकारिणी, देवनारायण साहू ब्लाक प्रभारी अकलतरा, अभिनय सिंह ब्लॉक प्रभारी नवागढ, केदारनाथ बरेठ ब्लॉक प्रभारी बम्हनीडीह व अन्य पदाधिकारी तथा शिवसैनिक पंचायत सचिव संघ व रोजगार सहायक संघ की मांग को जायज मानते हुए उनका समर्थन करने धरना स्थल पहुंचे।

# किसानों के साथ अन्याय, अत्याचार छत्तीसगढ़ में बंद हो : चंदेल

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेष व्यापी कार्यक्रम के तहत जांजगीर-चाम्पा विधान सभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय विषाल धरना-प्रदर्षन नवागढ़ में आयोजित किया गया था। धरना में मुख्य वक्ता के रूप में बड़ी संख्या में आये किसानों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेष महामंत्री, जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र के विधायक नारायण चंदेल ने कहा कि छ.ग. प्रदेष के मुख्यमंत्री भूपेष बघेल के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस सरकार किसानों की विरोधी सरकार है। जब से यह सरकार आई है किसानों का जीवन दूभर हो गया है। छ.ग. में लगातार किसानों के साथ अन्याय, अत्याचार इस सरकार द्वारा किया जा रहा है। यहां के भूमिपुत्र अन्दाता किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे है। प्रदेष की कांग्रेस सरकार ने किसानों के साथ वादा खिलाफी व विष्वासघात किया है। राज्य सरकार को स्मरण होगा कि जो किसान बोना जानता है वह काटना भी जानता है। आज पूरे प्रदेष के धान खरीदी केन्द्रों में भारी अव्यवस्था का आलम है, गिरदावरी के नाम से किसानों का रकबा सुनियोजित ढंग से कम किया जा रहा है, पिछले दो साल का बोनस किसानों को नहीं मिला है, धान खरीदी केन्द्रों में बारदाने (बोरे) की कमी बताकर खरीदी से सरकार बचना चाहती है, टोकन कटवाने के लिए किसानों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। हमारी मांग है कि धान खरीदी 15 दिन ब?ाया जाय, प्रति एकड़ 20 क्विंटल की दर से किसानों का धान खरीदा जाय, किसानों के धान का पिछला बकाया राषि का किस्त षीघ्र प्रदान किया जाय। धान खरीदी की व्यवस्था को पुनः सुचारू रूप से किया जाय।

# काली पतंग उड़ाकर कांग्रेसियों ने किया केन्द्र सरकार का विरोध

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



देश के अन्नदाता किसानों के द्वारा देश की राजधानी दिगी में आंदोलन किया जा रहा है। जहां किसानों को कांग्रेस के द्वारा लगातार समर्थन दिया जा रहा है। वहीं आज शहर के नटवर स्कूल मैदान में केन्द्र सरकार के विरोध में अनोखा प्रदर्शन किया गया। यहां कांग्रेसियों ने काली पतंग उड़ा कर काला कानून वापस लेने के लिए नारेबाजी भी किया और कहा कि किसानों के हित में कांग्रेस लगातार विरोध प्रदर्शन करेगी। गुरूवार की सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे काफी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी व कार्यकर्ता नटवर स्कूल मैदान में उपस्थित हुए। यहां उन्होंने केन्द्र की बीजेपी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए काले रंग की पतंग को उड़ा कर अपना अनोख विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी शहर के पूर्व अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी ने कहा कि किसान केन्द्र सरकार के नए कृषि निति, कानून को लेकर काफी परेशान हैं। किसान अपनी फसल काटने के बाद लोहड़ी व मकरसंक्राति का पर्व काफी उत्साह से मनाते हैं, लेकिन आज यह स्थिति है कि इतने ठंड में सड़कों पर कई दिनों से जमे हुए हैं और इस तरह से उन्हें त्यौहर मनाना पड़ रहा है। इस कृषि कानून को प्रधानमंत्री ने बिना किसानों के सहमति से बिना किसानों से कोई चर्चा किए केवल अपने उद्योगपति साथियों के हित के लिए जो कानून लाए हैं उसे तत्काल वापस लेना चाहिए। इसका विरोध करने के लिए आज हम मोदी जी के विरोध में काला पतंग उड़ा कर प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं पूर्व महापौर जेठूराम मनहर का कहना था कि किसान दिगी में डेरा डाले हुए हैं और इस कानून को वापस लेने के लिए बरांबर मोदी सरकार को प्रार्थना कर रहे हैं उसके बाद भी केन्द्र सरकार की आंखे नहीं खुल रही है और हम काली पतंग उड़ा कर इस कानून को वापस लेने के लिए विरोध कर रहे हैं।

## एनटीपीसी लारा संयंत्र से प्रभावित गांवों के विकास के लिए किए जा रहे हर संभव प्रयास : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर भीम सिंह की अध्यक्षता में एनटीपीसी लारा प्रबंधन व विस्थापित गांवों के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। जिसमें विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक भी शामिल हुए। इस बैठक में केसापाली, रेंगालपाली, लारा, देवलसुर्रा, लोहाखान सहित अन्य प्रभावित ग्रामों के लोग शामिल हुये। कलेक्टर भीम सिंह द्वारा ग्रामीणों की मांग पर बिन्दुवार चर्चा कर उसका समाधान निकाला गया। ग्रामीणों की सीएसआर के तहत उनके गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य व सुपोषण की दिशा पर काम किए जाने की मांग रखी गई। कलेक्टर भीम सिंह ने बताया कि इस दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। प्रभावित गांवों में विशेष रूप से स्मार्ट क्लास, स्कूलों में फर्नीचर, आदर्श आंगनबाड़ी भवन, धान खरीदी केन्द्र बनाने उसमें टीवी व आरओ की सुविधा देने जैसे कार्य किए जा रहे हैं। 2.5 करोड़ की लागत से पुसौर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तैयार हो रहा है। सड़कों के निर्माण कार्य भी इसमें शामिल किए गए हैं। उन्होंने सरपंचों से उनके क्षेत्र में सड़क सुधार के साथ अन्य कार्यों की प्राथमिकता के आधार पर सूची तैयार कर जमा करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने प्लांट से जुड़े नान स्पेशलाईज्ड श्रेणी के सिविल व मेंटनेंस कार्य स्थानीय प्रभावितों को देने की मांग की। कलेक्टर ने एनटीपीसी प्रबंधन को कहा कि इसके लिये एक संयुक्त समिति गठित की जायेगी जो कार्यों को आंकलन करेगी। जिसके आधार पर स्थानीय पीएपी वेंडरी को रोटेशन में यह कार्य दिए जाएंगे। जिससे सभी को रोजगार मिलता रहे। उन्होंने एनटीपीसी प्रबंधन को साफ तौर पर कहा कि जो कार्य स्थानीय व्यक्तियों द्वारा किये जा सकते है।


**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग**
**बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर (छत्तीसगढ़)**

**नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बलरामपुर वनमण्डल के अंतर्गत काष्ठागार वाड्रफनगर में रखी इमारती/जलाऊ लकड़ी को निम्नलिखित तिथि व समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा नीलाम किया जावेगा। इच्छुक पंजीकृत व्यापारियों एवं अन्य क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि नीलाम में भाग लेने के पूर्व काष्ठागार में रखी काष्ठ का भलीभांति अवलोकन कर लेवें। नीलाम में संबंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी काष्ठागार वाड्रफनगर से प्राप्त की जा सकती है। नीलाम में रखी काष्ठ की वास्तविक मात्रा अधिसूचित मात्रा से भिन्न हो सकती है-

**नीलाम स्थान-काष्ठागार वाड्रफनगर**
**नीलाम दिनांक व समय - 25.01.2021 प्रातः 09.30 बजे से**

| क्र. | वनोपज का विवरण | नया काष्ठ | | पुराना काष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) | लट्ठा (घ.मी.) | बल्ली (नग) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | इमारती काष्ठ | | | | |
| 1. | सागौन | 2.412 | 3 | 279.863 | 3241 |
| 2. | साल | 57.881 | - | 512.321 | 746 |
| 3. | साजा | - | - | 13.458 | 75 |
| 4. | बीजा, शीशम, खम्हार | - | - | 0.198 | - |
| 5. | हल्दु, मुडी, बांसा | - | - | 2.408 | - |
| 6. | धावड़ा | - | - | 4.429 | - |
| 7. | अन्य मिश्रित | - | - | 0.309 | 62 |
| 8. | नीलगिरी | - | - | - | 70 |
| 9. | सलया | - | - | - | - |
| 10. | खैर काष्ठ | - | - | - | - |
| | योग | 60.293 | 3 | 812.986 | 4194 |
| B. | जलाऊ चट्टा मिश्रित प्रजाति पुराना | साईज 2.00X 1.25X 0.80 मी. | | 600 चट्टा | वाड्रफनगर |
| C. | सागौन जलाऊ चट्टा पुराना | साईज 2.00X1.25X 0.80 मी. | | 45 चट्टा | निस्तार डिपो राजपुर |

**टीपः**-क्रेता को पैन एवं टिन नम्बर तथा रजिस्ट्रेशन वर्ष 2021 एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नम्बर की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**वन मण्डलाधिकारी**
**बलरामपुर, वनमण्डल बलरामपुर**

**जी-86322/5**

## क्विक न्यूज

### श्री राम मंदिर में 51 विप्रों को अग्रवाल सभा ने भोजन करवाया

**सरायपाली।** मकर संक्रांति के पावन शुभ अवसर पर स्थानीय थाना चौक पर स्थित श्री राम मंदिर में 51 विप्र बंधुओं को भोजन करवाकर आशीर्वाद प्राप्त करने का शुभ अवसर मिला। कार्यक्रम अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय सावड़िया, सचिव मनोज अग्रवाल एवं वरिष्ठ सदस्य घासीराम अग्रवाल रामबिलास अग्रवाल जी, प्रदीप मित्तल के दिशा निर्देश में एवम साथी अशोक अग्रवाल, सेवाशंकर अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, सुनील अग्रवाल एवं धर्म प्रेमी बंधुओं द्वारा सम्पन्न हुआ।

### सुन्नी हनिफिकच्छी मस्जिद के जमातियों ने चुनाव को रद्द करने की मांग की

**मुंगेली।** सुन्नी मुस्लिम जमात चुनाव कमेटी मुंगेली के द्वारा 14 अक्टुबर 20 को कराये गये चुनाव को सुन्नी हनिफि कच्छी मस्जिद के जमातियों द्वारा चुनाव को रद्द करने की मांग जिला प्रशासन से की गई है, मिली जानकारी के अनुसार जमातियों का कहना है कि चुनाव की पूरी प्रक्रिया अवैधानिक थी। आरोप लगाया कि समाज के कुछ असामाजिक तत्वों ने जिला प्रशासन को गुमराह कर चुनाव करा लिया है। इसमें चुनावी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है।

# जिले में पहली खेप में मिली 7700 कोरोना वैक्सीन पत्थलगांव, कुनकुरी और जशपुर में लगेगा प्रथम टीका

## पहले चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानीनों को लगेगा टीका

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कोविड-19 कोरोना वायरस की वैक्सीन रायपुर पहुंचने के बाद उसे जिलों में पहुंचाया जा रहा है। जशपुर जिले में भी वैक्सीन पहुंच चुका है। इस संबंध में कलेक्टर महादेव कावरे से मिली जानकारी के मुताबिक प्रथम किस्त में जिले को 7700 वैक्सीन दिया गया है। जिसे स्वास्थ्य विभाग की टीम और मैदानी अमला को लगाया जाना है।

कलेक्टर महादेव कावरे ने गुरूवार को अपने कक्ष में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैंठक ली।

उन्होंने वनमण्डलाधिकारी को हाथी प्रभावित क्षेत्रों में लोगो को हाथी से सुरक्षित रहने के लिए जागरूक करने के लिए कहा गया। साथ ही प्रभावित लोगो को वन विभाग के तहत् पात्रता की श्रेणी में मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं।






### कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचा वैक्सीन

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कोरोना वैक्सीन के संबंध में भी जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी पी.सुधार ने बताया कि जशपुर जिले के लिए कोरोन वैक्सीन-टीकाकरण के लिए 7700 वैक्सीन भेजा गया है। रायपुर के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी उप संचालक एन.आर. बेक और डॉ. अमर सिंह ठाकुर के द्वारा वैक्सीन को सुरक्षा के साथ लाया गया है।

### यहां होगा प्रथम टीकाकरण

जशपुर जिले में 16 जनवरी को 03 जगह वैक्सीन-टीकारण लगाया जाएगा। नर्सिग प्रशिक्षण केन्द्र जशपुर, सी.एस.सी. कुनकुरी एवं पत्थलगांव सिविल अस्पताल में लगाया जायेगा। इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, श्री आर.एस.पैंकरा जशपुर विकास खण्ड के लिए श्री आर.टोप्पो कुनकुरी विकास खण्ड के लिए एवं डी.पी.एम. श्री गणपत नायक को पत्थलगांव के लिए प्रभारी होंगे।

### 12500 ने कराया है पंजीयन

जशपुर जिले में फ्रंटलाईन में टीकाकरण किया जाना है जिसमें चिकित्सा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, मितानीन, पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी को शामिल किया गया है। इसी प्रकार 18 जनवरी से जशपुर जिले के 08 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला चिकित्सालय में प्रारंभ किया जायेगा। जिले में लगभग 12500 लोगो का ऑनलाईन टीकाकरण के लिए पंजीयन किया गया है।

### 28 दिन मिलेगा दूसरा डोज

टीकाकरण के प्रथम डोज के बाद द्वितीय डोज 28 दिनों के बाद दिया जाना है। कोविड-19 टीकारण के लिए कंट्रोल रूम का नम्बर 8103435261 दिया गया है जिसमें संपर्क किया जा सकता है।

जशपुर जिला के लिए 7700 वैक्सीन दिया गया है। इसे स्वास्थ्य विभाग की टीम को पहले लगाया जाना है। टीकाकरण के सारे इंतजाम कर लिए गए हैं।

**महादेव कावरे,** कलेक्टर जशपुर

# जिला स्तरीय बैटमिटंन प्रतियोगिता में खिलाड़ी दिखा रहे अपना हुनर



पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिला बैटमिटंन संघ व चक्रधर क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय बैटमिटंन प्रतियोगिता ओपन टुर्नामेंट का आयोजन किया गया है। चक्रधर क्लब में गुरूवार से शुरू हुई इस बैटमिटंन प्रतियोगिता में 52 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है, जो अपना हर मैच को जीतने के लिए भरपूर प्रयास कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता का फायनल मैच 17 जनवरी को खेला जाएगा।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अडंर 11, 13, 15, 17, 19 वर्ष के 52 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है। इसमें हर खिलाड़ी फायनल तक पहुंचने और विजेता बनने के लिए हर मैच में अपना बेहतर खेल प्रदर्शन दिखा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस टुर्नामेंट में नेशनल खेल चुके खिलाड़ी भी शामिल हैं। इसमें अमान खान, साईं आदित्य, रूद्र यादव, अनुभव अग्रवाल, आयुष थवाईत शामिल हैं। इसके अलावा उभरते खिलाड़ियों में अहन राठिया, रिंकी पटेल, मेघा राठिया सहित अन्य जुनियर खिलाड़ी मैच में अपने खेल का हुनर दिखा रहे हैं। बताया जा रहा है कि सभी खिलाड़ी विभिन्न क्लब में अभ्यासरत हैं।

इस ओपन टुर्नामेंट का फायनल 17 जनवरी को खेला जाएगा। जिला बैटमिटंन संघ के अकरम खान ने बताया कि हमारी कोशिश रहेगी कि हर दो माह में इस तरह का टुर्नामेंट हो, ताकि यहां के खिलाड़ी अपने जिले का नाम रोशन कर सके। इसके अलावा उन्होंने बताया कि कोरोना काल के कारण राज्य स्तर का मैच अभी नहीं हो रहा है।

# कलेक्टर एल्मा ने किया धान उपार्जन केंद्र पीपलोड़, हथकेरा, लौदा और सरगांव का निरीक्षण



वाहिद खान ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पी.एस एल्मा ने आज विकास खण्ड पथरिया के धान उपार्जन केंद्र पीपरलोड़, हथकेरा और सरगांव का औंचक निरीक्षण किया। उन्होंने धान खरीदी केंद्र के प्रभारी अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही और उदासीनता बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शासन के आदेशों का अक्षरशः पालन करते हुए ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ खरीफविपणन वर्ष 2020-21 के अंतर्गत पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होंने धान की गुणवत्ता, मात्रा, तौल उपकरण, नमी मापक यंत्र, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, यूपीएस, किसानों के लिए की गई व्यवस्था आदि का जायजा लिया और धान उपार्जन केंद्रो में बारदाने की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होने ग्राम पीपरलोड और लौदा में स्थापित गोठान का भ्रमण करते हुए वहां गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने की विधि, वर्मी कम्पोस्ट खाद की वि य, पशुधन के लिए निर्मित जल पात्र (कोटना), शेड निर्माण, फेसिंग आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा ने किया विवेकानंद जयंती पर सम्मान

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी विवेकानंद जी के जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा सुबह जिला अस्पताल में पदस्थ युवा डाक्टरों डा. नितेश चौबे, डॉ. बोधेश्वर वर्मा, डॉ. आनन्द निर्मलकर, डॉ. कुंदन लाल स्वर्णकार, डॉ. अरविन्द साहू, डॉ. प्रवीण प्रतीक प्रधान का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं करोना महामारी के दौरान कठिन परिस्थितियो मे भी जनहित के कार्य करने के लिये आभार व्यक्त किया। दोपहर 1 बजे जिला भाजपा कार्यालय में स्वामी विवेकानंद जी पर केंद्रित विचार गोष्ठी का कार्य म किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के तैलचित्र की पुजा अर्चना करके किया गया ।अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए भाजयूमो जिलाध्यक्ष विकास घरडे ने कार्य म मे आये सभी छात्र छात्राओं का अभिवादन किया और स्वामी विवेकानंद जी के प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से अपने विचारो को रखा और कहा की स्वामी विवेकानन्द जी ने पुरे विश्व में भारतीय संस्कृति के वैभव को फैलाया और उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी जो आज अपना काम कर रही है। कार्यक्रम में पुर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, भाजपा प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा, भाजपा जिला महामंत्री विकासधर दीवान, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष मोतीलाल (मोंटी) साहु, भाजपा अनुसूचित जाती मोर्चा प्रदेश महामंत्री दयावन्त बांधे, प्रदेश सदस्य मधु राय, टोप सिंह टंडन, निशा चौबे, आशीष सोनी, प्रवीण नीलु राजपुत, नीतू कोठारी ने भी स्वामी विवेकानंद जी पर केन्द्रित अपने विचार व्यक्त किये। 10वी - 12वी में जिले में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र - छात्राओं अमन कुमार यादव, कु. प्रशंसा राजपूत ,कु. पूनम साहू, वरुण साहू एवं जिले के उभरते युवा जुडे कराटे खिलाड़ी कु. स्वारन्गी दुबे , कु. नहा वर्मा , दीपांकर मिर्झा, शशांक जाटव एवं अच्छे विचार व्यक्त करने के लिये खुशबु अग्रवाल , रौनक चावला , वासुदेव साहु , पंकज शर्मा , अभिषेक शर्मा , ओमान साहू , मनोज वैष्णव , नरेन्द्र वर्मा का सम्मान किया गया।

# आदतन चोर चढ़े पुलिस के हत्थे, दुकान में की थी चोरी

## दिन दहाड़े कर रहे थे डीजल चोरी

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के तमनार थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही थी। बीते दिनों तमनार के गीता ज्वेलर्स में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर तकरीबन पांच लाख रुपए के सोने-चांदी पर हाथ साफ कर दिया। वहीं बढ़ती अपराधिक घटनाओं को देखते हुए जिला पुलिस कप्तान संतोष कुमार सिंह ने चोरो की धरपकड़ कर कार्रवाई के निर्देश दिए। जहां एसडीओपी धर्मजयगढ़ सुशील कुमार नायक के नेतृत्व में थाना प्रभारी किरण गुप्ता की टीम बीते चार दिनों से तमनार थाना क्षेत्र के आदतन बदमाश, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों, संदिग्धों को उठाकर थाना में कड़ाई से पूछताछ करने पर कुछ लोगों पुराने चोरियों में शामिल होना बताया। वहीं बीते 14 अक्टूबर को सराईडीपा निवासी नवीन शर्मा पिता प्रमोद शर्मा के किराना



दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा दुकान में चोरी की गई थी। जिसकी लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसे चोरों ने चोरी करना स्वीकार किया आरोपी कैलाश दास महंत पिता पुनि दास महंत 24 वर्ष चितवाही, जनक राम चौहान पिता जेठूराम चौहान 20 वर्ष बजरमुड़ा, वरुण सिदार पिता खेल सिंह 28 वर्षीय चितवाही के खिलाफ भदावी 379/20 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### डीजल चोरी करने वाले सरगना भी तमनार पुलिस के हत्थे चढ़े

बुधवार को दिनदहाड़े डीजल चोरी कर ले जाते रंगे हाथ पकड़ाए आरोपी राहुल कुशवाहा पिता गोरखपुर कुशवाहा 22 वर्ष जनकपुर मोहगा तमनार, घासीराम पटेल पिता अर्जुन पटेल 28 वर्ष डोलेसरा, दामोदर साहू पिता परमानंद साहू को धारा 41(1-4),379 के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई में एसआई एसके दुबे, एएसआई डीसी साहू, प्रधान आरक्षक आकाश शर्मा, प्रधान आरक्षक उदय सिंह सिदार, आरक्षक बलराम साहु,अमृत गुप्ता, रामेश्वर भैना, कमलश राठिया की अहम भूमिका रही। तमनार पुलिस अन्य चोरों की भी तलाश कर ही रही है।

# मनमोहन बने कांग्रेस के जशपुर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष, सांसद प्रत्याशी से सम्मानित

**जशपुरनगर।** कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता और जशपुर विधायक विनय भगत के बेहद करीबी मनमोहन



भगत को जशपुर ग्रामीण का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी की ओर से दी गई इस बड़ी जिम्मेदारी का उन्होंने आभार जताया है और कहा कि पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरूंगा और युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ने के लिए जी जान से मेहनत करूंगा। मनमोहन भगत को राहुल गांधी से कार्यकर्ताओं को सीधा जोड़ने के लिए बनाया गया शक्ति एप्पलिकेशन में युवाओं को अधिक से अधिक जोड़े जाने को लेकर पूर्व सांसद प्रत्याशी लालजीत राठिया और पूर्व जिलाध्यक्ष पवन अग्रवाल ने माला पहनाकर सम्मानित किया है। मनमोहन भगत को मिली नई जिम्मेदारी को लेकर विधायक विनय भगत ने उन्हें बधाई दी है और उनके उज्जवल राजनीति भविष्य की कामना की है।

# सरकार के 2 साल पूरे होने पर केवाछि में रंगारंग कार्यक्रम

## संसदीय सचिव गुरुदयाल पहुंचे

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नवागढ़ विधानसभा में पिछले 15 वर्षो में उपेक्षित रहे ग्राम पंचायत केवाछि में भूपेश सरकार के 2 साल पूरे होने पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन पंचायत द्वारा किया गया, संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे के स्वागत के लिए पूरा गांव उमड़ पड़ा, दरअसल नवागढ़ विधायक का संसदीय सचिव बनने के बाद प्रथम ग्राम आगमन था, पूरे विधानसभा के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का जमघट केवाछि में लगा हुआ था, इस दौरान चुने हुए जनप्रतिनिधियों के सम्मान पंचायत के सदस्यों द्वारा किया गया जिसमें जनपद अध्यक्ष कुमारी बाई जायसवल, क्षेत्र की जिला पंचायत की सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी,जनपद सदस्य ध्रुव तिवारी प्रमुख थे, ग्राम पंचायत द्वारा शिवकुमार तिवारी के सांस्कृतिक कार्यक्रमो का भी आयोजन रखा गया था, विधायक बंजारे ने इस अवसर पर बड़े उदार भाव से पंचायत प्रतिनिधियों की मांगों को स्वीकार करते हुए पूरा करने की घोषणा की, किसानो के खिलाफ लाये गए कृषि बिल पर उन्होंने भाजपा सरकार की जम कर खिंचाई की, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने अपने उद्बोधन के दौरान केवाछि में विकास के लिए विधायक के समक्ष मांग पत्र रखा, उन्होंने कहा कि जब वह जनपद अध्यक्ष थी तब जीप से फिर मोटर सायकिल और आखिरी में पैदल चलकर केवाछि पहुंचना पड़ा था, अभी स्थिति में सुधार हुआ है और सुधार की बहुत सारी गुंजाइश है जिसे क्षेत्र के यशस्वी ऊर्जावान विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे पूरा कर देंगे, उन्होंने पानी के टंकी की मांग पूरी कर दी, गलियों के सीमेंटीकरण की मांग पूरी कर दी,आप बताते जाइये काम होगा रुकेगा नही, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए लोकतंत्र में पंचयत की आत्मा ग्राम सभा मे बसती है, जब ग्राम सभा का आयोजन होगा तब केवाछि उपस्थित रहने का आश्वासन भी दिया।

जनपद अध्यक्ष कुमारी बाई जायसवाल ने किसानों और महिलाओं के लोकहित में जनपद द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं से अवगत कराया, और कहा हमारी सरकार गोबर के बदले भी पैसा दे कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुधार रही है। कार्यक्रम को बालकुमारी ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, दत्त जैन पूरी, अयोध्या चंद्राकर, मोंटू तिवारी,संजय तिवारी,नरोत्तम जायसवल, कन्हैया नेताम, ज्ञानेंद्र वर्मा,जोगी साहू, देवकुमार बेनर्जी,अनिल दुबे, भगवान सिंह वर्मा,कोमल वर्मा, संतोष साहू,ध्रुव वर्मा,शम्भू ध्रुव ,नारायण वर्मा,तिलक रजक, राजू रजक, कृपा वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे, कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन लोमीन प्रेमु वर्मा और स्वागत भाषण उपसरपंच हेमंत वर्मा ने किया।

# कोरोना वैक्सीन उम्मीद की एक किरण- सैयद मोहम्मद अशरफ

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना वैक्सीन उम्मीद की एक किरण ऐसे वक्त में जब दुनिया करोना महामारी से जूझ रही है और लाखों लोग इस बीमारी के शिकार हो चुके हैं, इसके इलाज के लिए रिकॉर्ड वक्त के भीतर वैक्सीन तैयार होने से लोगों को उम्मीद की एक किरण नजर आई है।

हालांकि यह दुर्भाग्य की बात है कि समाज के कुछ जिम्मेदार लोक एक ब्रांड की वैक्सीन को यह कहकर हराम बता रहे हैं कि इसमें सूअर की जिलेटिन का इस्तेमाल हुआ है जो कि महज एक अफवाह है और इसमें कोई सच्चाई नहीं है क्योंकि हिंदुस्तान में अभी किसी भी कंपनी से करोना वैक्सीन खरीदने का आर्डर नहीं दिया है तो ऐसे में वैक्सीन पर सवाल उठाना वाजिब नहीं है। दूसरी बात ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (D.G.C.I) ने भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा इजाद की गई 2 वैक्सीन को कोविड-19 में इस्तेमाल करने के लिए मंजूरी दे दी है जिस पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। यह भी साफ तौर पर बता दिया गया है कि भारतीय वैक्सीन में किसी भी जानवर की चर्बी का इस्तेमाल नहीं किया गया है। सैयद मोहम्मद अशरफ (चेयरमैन, ऑल इंडिया उलेमा एंड मसाइख बोर्ड) ने अपने बयान में लोगों को अफवाहों से बचने की गुजारिश की और कहा कि डाक्टरों ने भरोसा दिलाया है कि वैक्सीन में सूअर के किसी भी हिस्से का इस्तेमाल नहीं हुआ है। कोरोना वैक्सीन के खिलाफ अफवाह फैलाने से लोगों मे गलतफहमियां ही पैदा होंगी जिससे उन लोगों की जान जोखिम में पड़ी रहेगी जो वैक्सीन नहीं लगवायेगा। सभी से गुजारिश है कि वे किसी भी झूठी अफवाहों के बहकावे में ना आए और आगे जाकर वैक्सीन लगवाएं ताकि करोना महामारी को खत्म किया जा सके।

## अभियान चलाकर अलग-अलग स्थानों से पकड़े गए सात आरोपी

# सटोरियों पर कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहरी क्षेत्र में चल रहे सट्टा के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए नगर कोतवाल ने सख्ती बरतते हुए अलग-अलग क्षेत्रों में अभियान चलाकर सात सटोरियों को पकड़ा है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक कृष्णकांत सिंह, शहर में क्राइम कन्ट्रोल के लिए एक सिर से असमाजिक तत्वों पर कार्यवाही किया जा रहा है।

थाने के सभी स्टाफ की मीटिंग लेकर जुआ-सट्टा, अवैध शराब, अवैध कबाड़ पर निगरानी रखने निर्देशित किया गया। उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार लगातार माइनर एक्ट की कार्यवाही करने विवेचकों को कहा गया है जिससे अपराधों पर अंकुश लगाया



जा सके। इसी क्रम में पिछले दो दिनों से शहर में अलग-अलग विवेचकों की टीम द्वारा सट्टा-पट्टी लिखने वालों पर अभियान चलाकर कार्यवाही किया गया है। इन दो दिनों में ढिमरापुर चौक, संजय काम्प्लेक्स, राजापारा रायगढ, डेली मार्केट रायगढ, इंदिरानगर, धांगरडिपा में मुखबिर सूचना पर रेड कार्यवाही कर सात लोगों को सट्टा-पट्टी व नगदी रकम 8,450 के साथ पकड़ा गया है। आरोपियों पर 4(क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही दौरान ढिमरापुर चौक रायगढ में संतोष रात्रे पिता स्व जनक राम रात्रे उम्र 32 साल निवासी ढिमरापुर ,संजय कामप्लेक्स रायगढ़ में बशीर खान पिता बदरू हुसैन उम्र 32 साल निवासी छैयाभुईंया होटल संजय काम्पलेक्स, राजापारा रायगढ़ में बाबा दुबे पिता केशव दुबे उम्र 42 साल निवासी राजापारा, डेली मार्केट रायगढ़ में मोह. कलिम पिता मोह शरीफ उम्र 48 साल निवासी बाजीराव पारा चौकी जुटमिल, इंदिरानगर में आकाश बरेठ, धांगरडिपा में बैजू यादव एवं इंदिरानगर में रीना राव सट्टा-पट्टी लिखते पकड़े गए। सट्टा छापेमारी कार्यवाही में प्रधान आरक्षक श्यामदेव साहू, नंदू सारथी, समुंद रनकर, आरक्षक हेमन पात्रे एवं लखेश्वर पुरसेठ शामिल थे।

### चेम्बर अध्यक्ष प्रकाश रोहरा ने मकर संक्राति पर वृध्दजनों को बांटे फल, कम्बल और तिल्ली लड्डू



**गरियाबंद।** गुरूवार को मकर संक्राति के अवसर पर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स के जिलाध्यक्ष प्रकाशचंद रोहरा के नेतृत्व भिलाई स्थित सियान सेवा सदन में निवासरत वृध्दजनो को निशुक्ल फल और कम्बल व तिल्ली के लड्डू बांटे गए। इस अवसर पर उनके साथ चेम्बर के उपाध्यक्ष विनय दासवानी, युवा चेम्बर अध्यक्ष रिजवान मेमन व प्रतिक सिंह भी उपस्थित थे। मौके पर चेम्बर पदाधिकारियो ने वृध्दजनो से आत्मीय चर्चा करते हुए उनका कुशलक्षेम भी जाना। चेम्बर अध्यक्ष ने कहा कि सेवा सदन में रहे सभी वृध्दजनों के सहयोग के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। यहां किसी भी चीज की जरूरत होतो निश्चित होकर उनसे कह सकते है। वही वृध्दजनो ने भी चेम्बर पदाधिकारियो को आत्मीयता से श्रवण पुत्र कह कर अपना आर्शीवाद दिया, उनके सुखद जीवन की कामना की। ज्ञात हो कि ग्राम भिलाई में बीते दो वर्षो से सियान सेवा सदन संचालित है।

# आदित्य रेड्डी ड्रामा बावरा दिल में किंजल धमेचा के साथ शिव की भूमिका निभाने के लिए तैयार

## सिद्धि और शिव की प्यार और नफरत से भरी असामान्य कहानी आगामी प्रेम कहानी बावरा दिल से रंग ला रही है

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

एक लंबे अंतराल के बाद, अभिनेता आदित्य रेड्डी शिव लश्कर की भूमिका निभाने के लिए टेलीविजन पर वापस आएंगे। प्राकृतिक शक्तियों के अनुसार शिव का व्यक्तित्व मजबूत है और वह हमेशा गुस्से में युवा की तरह व्यवहार करते हैं। वह दिल में शुद्ध है लेकिन अपने तुच्छ व्यवहार से गलतफहमी फैलाता है, वह समाज द्वारा लगाए गए नियमों और परंपराओं का पालन किए बिना अपने स्वयं के नियमों का पालन कर रहा है।

शिव की भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए, आदित्य ने कहा,



मैं विशेष रूप से कलर्स पर अपने नए शो का इंतजार कर रहा हूं, क्योंकि मैं एक विद्रोही 26 वर्षीय स्व-धर्मी व्यक्ति शिव की तरह एक किरदार निभाने के लिए उत्सुक था, जो बाहर से कठोर है लेकिन एक छोटा बच्चा अंदर छिपा है। कलर्स के साथ मेरा पिछला प्रदर्शन भी अच्छा था और मुझे यकीन है कि यह अद्भुत काम करेगा। मुझे उम्मीद है कि मेरे दर्शक मेरे प्रदर्शन को पसंद करेंगे जब वे मुझे बावरा दिल में शिव की भूमिका निभाते हुए देखेंगे। किंजल धमेचा ने सिद्धि की भूमिका के बारे में बात करते हुए कहा, मैं बावरा दिल में भाग लेने से अभिभूत हूं। यह कलर्स के साथ मेरा पहला शो है, एक सपना सच हो रहा है जो मैंने हमेशा देखा है। सिद्धि की भूमिका मेरे लिए बहुत खास है क्योंकि वह मजबूत है और वह किरदार विशेष है। वह वह है जो कीमत की परवाह किए बिना सही है। वह उग्र, दृढ़ निश्चयी और एक ही समय में ईमानदार है।

# ढब्बा से सम्बलपुर तक 7 गांवों में 25 अन्य मुखबिर माफी मांगे वर्ना मौत की सजा : आरकेबी डिवीजन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव/मानपुर
www.dailypioneer.com

13 जनवरी की शाम मानपुर थाना से लगभग 7 किमी दूर ग्राम पंचायत परदोनी में करीब 20-25 वर्दीधारी हथियारबंद नक्सलियों ने सरपंच पति की गला रेतकर हत्या कर दी। नक्सलियों ने मौके पर पर्चे छोड़े हैं जिनमें उन्होंने मृतक मैनूराम सलामे पर मुखबिरी का आरोप लगाया है। इस पर्चे ने इलाके में दहशत और फैला दी है क्यूंकि नक्सलियों ने क्षेत्र में 25 मुखबिरों को सजा देने का ऐलान किया है। उन्होंने लिखा है कि या तो वे माफी मांगे या फिर उन्हें सजा दी जाएगी। गौरतलब है कि पीएलजीए यानी पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी इस बार पीएलजीए वर्ष मना रहा है। आशंका है कि माह भर की भीतर हुई दूसरी नक्सल हत्या इसके तहत ही की गई है। हालांकि पुलिस का पक्ष कुछ और है। पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण कहते हैं यहां नक्सलियों द्वारा पीसीओसी सप्ताह के दौरान यह वारदात हुई है। साल भर में दो बार माओवादी पीसीओसी सप्ताह मनाते हैं।

नक्सलियों के हाथों मारे गए मैनूराम की पत्नी सोनारो सलामे ग्राम पंचायत परदोनी की सरपंच है। मानपुर थाना प्रभारी लक्ष्मण केंवट ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार मैनूराम को कुछ वर्ष पहले भी नक्सलियों ने मुखबिरी के ही आरोप में पीटा था। उस दौरान उसे छोड़ दिया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बुधवार की देर शाम करीब दर्जनभर हथियार बंद नक्सली मैनूराम के घर पहुंचे। नक्सलियों ने मैनूराम को घसीटते हुए बाहर निकाला और पीटने लगे। इस दौरान मैनूराम की पत्नी और बच्चों ने उसे छोड़ देने की गुहार लगाई बावजूद इसके नक्सलियों ने उसे नहीं छोड़ा। आखिर में मैनूराम ने दम तोड़ दिया। माओवादियों ने घटना स्थल पर पर्चे भी छोड़े हैं।

नक्सलियों के राजनांदगांव-कांकेर-बालाघाट (आरकेबी) डिवीजन ने मैनूराम पर मई 2020 में पुरदौनी गांव में हुए पुलिस मुठभेड़ में 4 नक्सलियों के मारे जाने के लिए मुखबिरी का आरोप लगाया है। नक्सली-पुलिस मुठभेड़ में फोर्स ने 4 हार्डकोर नक्सलियों को ढेर कर दिया था। इस मुठभेड़ में मदनवाड़ा के तत्कालिन थाना प्रभारी श्यामकिशोर शर्मा शहीद हुए थे। घटनास्थल पर छोड़े गए पर्चे में नक्सलियों ने एक स्थानीय नेता से भी माफी मांगने का उल्लेख किया है।

### ट्रैक्टर में लगा दी आग, धान लदा था ट्रैक्टर में, बेचने जाने की थी तैयारी

घटना के दौरान मृतक के घर के बाहर उसकी धान से लदी ट्रैक्टर खड़ी थी जिसके इंजन हिस्से को आग भी लाल सेना ने लगा दी। हालांकि ट्रैक्टर पूरी तरह नही जल सकी। जिस हिसाब से धान लदी थी ये कहना लाजमी होगा कि अगली सुबह वह अपनी धान बेचने मंडी जाने वाला था। इससे पहले की वह अपनी अनाज बेच पाता, लाल हिंसा ने उसे ही अपना ग्रास बना डाला।



### खात्मे से झुंझलाए माओवादी, दहशत बनाने की कोशिश

पीएलजीए वर्ष मनाने की माओवादियों की रणनीति के कई कारण है। इनमें से एक है लगातार नक्सल कैडेट का खात्मा। पिछले वर्ष पुलिस ने कई हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया है। इसके बाद कई रेड जोन में नक्सलियों की मौजूदगी न के बराबर रह गई है। पुलिस की रणनीति ने बीते कुछ समय में नक्सलियों को पीछे धकेल दिया है। इसे लेकर ही सीएमसी ने नक्सल गतिविधियां बढ़ाने और प्रभावित इलाकों में दहशत बढ़ाने पर जोर दिया है। पूरे वर्ष चलने वाले इनके मिशन से काफी नुकसान की आशंका है। अपने स्थापना दिवस के मौके पर ही नक्सलियों ने उन लोगों की सूची तैयार कर रखी है जो कि उनके निशाने पर हैं। ऐसे हमले शुरु भी हो गए हैं। मानपुर इलाके में ही 29 दिसंबर 2020 को महेश कचलाम की हत्या की थी। भाकपा माओवादी आरकेबी डिवीजन कमेटी द्वारा फेंके गए पर्चे में उस पर भी मुखबिरी का आरोप लगाया था। 13 जनवरी 2021 को यह घटना दोहराते हुए नक्सलियों ने मैनूराम को निशाना बनाया और उसे भी मुखबिर करार देते हुए मौत के घाट उतार दिया।

### शव में छोड़ा पर्चा, गांव में चस्पा किये पोस्टर, 25 अन्य कथित मुखबिरों को चेतावनी

माओवादियों ने गांव में पत्थरों पर पेड़ों में व लाश के पास कई पर्चे भी फेंक रखे हैं। आरकेबी डिवीजन के हवाले से जारी उक्त पर्चों में इलाके में ढब्बा गांव से लेकर सम्बलपुर तक कुल 7 गांवों में 25 अन्य तथाकथित मुखबिरों को चेतावनी देते हुए जनता से माफी मांग लेने अन्यथा मौत की सजा देने की बातें लिखी हुई है। वहीं क्षेत्र के एक भाजपा नेता को जनविरोधी तथा आर एस एस नेता करार देते हुए जनता से माफी मांगने का फरमान पर्चों के जरिये सुनाया गया है।

### सीएमसी के फरमान के बाद बढ़ रही वारदात

बीते दिसंबर में सीपीआई (माओवादी) संगठन के पीएलजीए ने अपने गठन के बीस वर्ष पूरे किए हैं। हर साल पीएलजीए की स्थापना के मौके पर माओवादी पीएलजीए सप्ताह मनाते रहे हैं। इस सप्ताह के दौरान नक्सली कई बड़ी-छोटी वारदातों को अंजाम भी देते आएं हैं। इस वर्ष माओवादी संगठन की सेंट्रल मिलिट्री कमिशन (सीएमसी) ने नया फरमान जारी किया है। इसके तहत पीएलजीए इस वर्ष सिर्फ सप्ताह भर नहीं बल्कि स्थापन वर्ष मनाएगी। इस फरमान के मायने काफी खतरनाक हैं। इसके चलते पूरे वर्ष नक्सल अपने प्रभाव वाले क्षेत्र और उस रेड जोन में जहां उनकी उपस्थिति कम हुई है वहां नई भर्तियां करेंगे और उन्हें निशाना बनाएंगे जिनके नाम उनकी सूची में है। इस पूरी जद्दोजहद के बीच ग्रामीण इलाकों में दहशत बढ़ना लाजिमी है। माओवादी भी यही चाहते हैं और इसके चलते ही वे लगातार स्मॉल एक्शन टीम के सहारे वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

### एमएमसी जोन पर नज़र, लक्ष्मण हैं निशाने पर

नक्सलियों पर नकेल कसने संयुक्त सुरक्षा बल कई तरह के ऑपरेशन चला रहे हैं। एमएमसी जोन के खात्मे को लेकर केंद्रीय सुरक्षा सलाहकार के. विजय कुमार पुलिस अधिकारियों के साथ कई बैठकें कर चुके हैं। गौरतलब है कि एमएमसी जोन में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, कवर्धा, मध्यप्रदेश के बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, महाराष्ट्र के भंडारा, गोंदिया, नागपुर और गढ़चिरौली जिलों की सीमाएं शामिल हैं। गौरतलब है कि वर्तमान में निरीक्षक लक्ष्मण केंवट को मानपुर थाने की कमान मिली हुई है। निरीक्षक लक्ष्मण नकसलियों से कई मोर्चों पर लोहा ले चुके हैं। उन्होंने कई नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। एमएमसी जोन ने निरीक्षक लक्ष्मण को अपने निशाने पर भी लिया हुआ है। बीते 15 दिसंबर को एमएमसी जोन के नक्सल प्रवक्ता ने निरीक्षक लक्ष्मण के निशाने पर होने की चेतावनी जारी की थी।

नक्सलियों ने बुधवार को मानपुर के ग्राम परदौनी में सरपंच पति मैनूराम सलामे की हत्या की है। यह पीएलजीए वर्ष नहीं, बल्कि पीसीओसी सप्ताह के चलते की गई नक्सलियों की वारदात मालूम पड़ती है। इस दौरान नक्सली इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं।

**-डी श्रवण,** पुलिस अधीक्षक

नक्सल भय बनाने की कोशिशों में है। हमने उन्हें पीछे धकेला है जिसके चलते वह ऐसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। नक्सलियों के विरुद्ध हम अपनी रणनीति के तहत ही आगे बढ़ेंगे।

**-जय प्रकाश बढ़ई,** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

## 12 मवेशियों की मौत, गंज चौक में लोगों ने किया चक्काजाम, प्रदूषित कचरा खाने के चलते हुई मौत

- निगम की लापरवाही को लेकर भड़के लोग

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर के गंज चौक स्थित बालाजी मंदिर के समीप बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात 12 मवेशियों की मौत हो गई। सुबह जब वार्डवासियों की नज़र इस पर पड़ी तो यहां नगर पालिक निगम के खिलाफ प्रदर्शन शुरु हो गया। दरअसल, जहां मवेशियों की मौत हुई है वहां कई-कई दिनों तक कचरा पड़ा रहता है। मवेशियों की मौत को लेकर आशंका है कि दूषित कचरे को खाने से ही उनकी मौत हुई है। वार्डवासियों और गौ सेवा संगठन के लोगों ने निगम पर सफाई को लेकर लापरवाही बरतने और मवेशियों की मौत का जिम्मेदार होने का आरोप लगाया और गंज चौक में ही प्रदर्शन शुरु कर दिया।

मवेशियों की मौत को लेकर काफी देर तक गंज चौक में काफी हो-हल्ला मचा। मौके पर कोतवाली थाना प्रभारी वीरेंद्र चतुर्वेदी दल बल के साथ व्यवस्था संभालने और प्रदर्शनकारियों को समझाने पहुंचे थे। यहां प्रशासनिक अमला पहुंचकर भी मामले को संभालने की कोशिश कर रहा था। बावजूद इसके गौ सेवा संगठन व वार्ड वासी निगम आयुक्त को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े हुए थे। इस दौरान काफी देर तक गंज चौक से आवागमन बाधित होता रहा। करीब आधे घंटे यहां चक्काजाम की स्थिति रही।

प्रदर्शनकारियों की मांग को देखते हुए अंततः निगम आयुक्त चंद्रकांत कौशिक मौके पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने उन्हें घेर लिया और शिकायतें सामने रखी। वार्डवासियों ने बताया कि यहां हाट-बाजार है, सब्जियों की दुकानें लगती हैं। वे भी अपना कचरा यहीं फेंक जाते हैं। कचरा कई-कई दिनों तक यहीं जमा रहता है। सफाई व्यवस्था बदहाल है और इसका ही नतीजा है कि आज दर्जनभर मवेशियों की इस तरह मौत हो गई। प्रदर्शनकारियों ने अपनी विभिन्न मांगे रखी जिसे लेकर आयुक्त कौशिक ने उन्हें आश्वासन दिया है। उनके आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। दूसरी ओर मृत मवेशियों को दफनाया गया है।

## मातेखेडा सरपंच के खिलाफ आर्थिक अनियमितता की शिकायत

- टेंट लगाने के नाम पर सरपंच पति को फायदा पहुंचाने का आरोप
- पंचों ने जनपद सीईओ से की जांच की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत मातेखेडा में सरपंच एवं सचिव की सांठगांठ से फर्जी बिल वाउचर लगाकर शासकीय मद की राशि का दुरुपयोग करते हुए राशि गबन किए जाने का मामला उजागर हुआ है। ग्राम पंचायत के 9 पंचों सहित ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जनपद सीईओ से कर मामले की जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मातेखेडा में वैश्विक कोरोना महामारी के संक्रमण से बचाव के लिए आंगतुक प्रवासी मजदूरों को शासकीय क्वारंटाइन सेंटर मे 28 से 14 दिनों तक रखना था। इसके लिए शासकीय भवनों का उपयोग किया जाना था। इसके विपरित सरपंच, सचिव की मिलीभगत से टेंट लगवाकर अस्थाई क्वारंटाइन सेंटर बनाया गया। सरपंच चंपीबाई साहू द्वारा अपने पति का टेंट एवं साउंड लगवाया गया जिसका एक लाख छियालीस हजार नौ सौ रूपये का भुगतान किया गया है। इस तरह अपने पति को आर्थिक रुप से लाभ दिलाने हेतु राशि का दुरुपयोग किया गया। इसके अलावा प्रवासी मजदूरों को भोजन व्यवस्था के नाम पर 32 हजार 650 रूपये का खर्च किया गया। जबकि प्रवासी मजदूरों को क्वारंटाइन सेंटर मे सिर्फ चाय नाश्ता की ही व्यवस्था कराई गई थी। उपसरपंच मनोज यादव, पंचगण प्यारे लाल साहू , कुंवारिया बाई, भानमती, नंदकुवर, धनेश्वरी बाई, खेमिन बाई, लीलू राम सैनी सहित ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जनपद सीईओ प्रतीक प्रधान से की है। इसकी गहन जांच कर कार्यवाही की मांग की गई है।

### सैनिटाइजर एवं साबुन खरीदी में भी गड़बड़ी ?

मातेखेड़ा पंचायत में कोरोना काल में सैनिटाइजर एवं साबुन खरीदने के नाम पर तीन लाख 48 हजार 800 रुपए रुपये का समाग्री क्रय किया गया है। इसके विपरीत ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इतनी मात्रा में सैनिटाइजर का वितरण नहीं किया गया है। वहीं इसके अलावा नाली निर्माण, नल जल योजना, गली लाइट कार्य में भी सरपंच सचिव द्वारा अनियमितता की गई है।

शिकायत मिली है जांच दल का गठन किया गया है ।

**-प्रतीक प्रधान,** सीईओ जनपद पंचायत, छुरिया

## विवेकानंद जयंती पर प्रेरक व्याख्यान एवं मार्गदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

युवा दिवस 12 जनवरी के मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डोंगरगांव ईकाई ने मोटिवेशनल प्रेरक व्याख्यान व सम्मान समारोह आयोजित किया। आयोजन के मुख्य वक्ता शिक्षक गोकुल निषाद थे। कार्ययोजना, सोच प्रक्रिया व चरित्र के महत्व को विभिन्न उदाहरणों के जरिए प्रेरणात्मक ढंग से समझाया।

वक्ता श्रीनिषाद ने कहा कि युवा एक उम्र नहीं सोच है, दुनिया के अधिकांश नवाचार कंपनियों एप्पल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, माइक्रोसाफ्ट आदि कंपनियों के कर्ताधर्ता 40 वर्ष से ऊपर के हैं लेकिन अपने में सर्वश्रेष्ठ है। इस अवसर पर रक्तवीर समूह डोंगरगांव को लगातार रक्तदान सेवाएं देते रहने व कोरोनाकाल में निःशुल्क शिक्षा देने के कारण तरूणा देवांगन को सम्मानित किया गया। आभार प्रकट नगर अध्यक्ष प्रेमचंद साहू ने किया। इस मौके पर जिला संयोजक दिग्विजय मिश्रा, आशीष कामडे, गुलाब पटेल, कैलाश देवांगन, जीतेंद्र वर्मा, राजेश्वरी देसमुख, दानेश्वर साहू, राजू प्रसाद, रूपेश कुमार, छन्नू पटेल, अमन ठाकुर ,प्रवीण तिवारी, नसीब रात्रे,रितेश, प्रशांत, ठुम्मन घरेंद्र, हमीरचंद, एकलव्य आदि अनेक छात्र उपस्थित थे।




## किसान हितैषी का ढोंग कर रही कांग्रेस सरकार : पूर्व सांसद अभिषेक सिंह

- कहा, 36 वायदों के जाल में फांसा, नाकामी छिपाने केंद्र पर लगा रहे आरोप

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com



भाजपा के विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में किसान धान खरीदी केन्द्रों में टोकन, बारदाना एवं परिवहन की समस्या से जूझ रहे हैं। हालात यह है कि कई सोसाईटियों में बारदाना नहीं होने से धान खरीदी बंद है। किसानों की समस्याओं का निराकरण करने की बजाय प्रदेश के मुख्यमंत्री अपने पूरे मंत्रीमंडल एवं विधायक के साथ वर्धा में महात्मा गांधी की विचारधारा को समझने की कोशिश कर रहे हैं। पूरे देश में 70 साल तक राज करने वाले कांग्रेसी महात्मा गांधी द्वारा कहे गए उद्देश्य को भूल बैठे हैं।

खुज्जी विधानसभा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन पुराने बस स्टैण्ड में किया गया था। इस आयोजन में क्षेत्र से बड़ी संख्या में किसान सम्मिलित हुए थे। सभा में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व मंत्री रजिन्दरपाल सिंह भाटिया, एमडी ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, हिरेन्द्र साहू महामंत्री जिला भाजपा जनपद अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद उपाध्यक्ष एकांत चंद्राकर, कैलाश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य अरूण यादव, भाजपा मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र वैष्णव, राधेश्याम शर्मा, मंडल महामंत्री भाजयुमो अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, नपं उपाध्यक्ष सलमान खान, सहित क्षेत्र के किसान सम्मिलित हुए। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में किसान, मजदूर, गरीब, बेरोजगार एवं सभी वर्गों को ठगा गया। चुनाव के समय कांग्रेस द्वारा किए गए 36 वायदों में से एक भी वायदा पूरा नहीं हुआ है। छत्तीसगढ़ राज्य की कांग्रेस सरकार अपनी नाकामी को छुपाने के लिए केन्द्र सरकार पर झूठा आरोप लगा रहे हैं। पूर्व मंत्री रजिन्दरपाल सिंह भाटिया, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव, रविन्द्र वैष्णव, आत्माराम चंद्रवंशी, एकांत चंद्राकर, ललिता कंवर ने भी सभा को संबोधित किया।

### अंगद साहू के खिलाफ पुलिस ने की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, श्रम अधिनियमों के विपरित चल रही खरीदी केंद्रों में ठेकेदारी

## पूर्व ठेकेदार के हुड़दंग के बाद खरीदी केंद्र में लंबी कतारें

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

धान खरीदी केंद्र पटेवा में धान की तौलाई, स्टैग और हमाली में लगे मजदूरों को काम से रोकने जैसे समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी के महत्वपूर्ण शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर सोसायटी में उपद्रव मचा रहे पूर्व ठेकेदार के हरकतों से दो दिन से पटेवा में धान खरीदी पूरी तरह बाधित हो गई है। धान भरी गाड़ियों की फड़ के बाहर लम्बी कतार लगी हुई है। टोकनधारी किसानअपनी बारी का दो दिन से इंतजार करते परेशान हो रहे हैं।

बुधवार दोपहर समिति में काम कर चुके लेबर ठेकेदार अंगद साहू ने मजदूरों को काम से मना कर नोडल अधिकारी आनन्द जंघेल और फड़ प्रभारी लातु राम यादव से भी दुर्व्यवहार करते हुए जमकर हंगामा मचाया। इसके चलते धान खरीदी पूरी तरह प्रभावित हुई। हंगामे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार राजू पटेल ने स्थिति को नियंत्रित करने घुमका पुलिस को सूचित किया। यहां पुलिस ने उपद्रवी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। बुधवार की देर शाम समिति के एक कर्मचारी के जिम्मे उक्त लेबर ठेकेदार को गुरुवार सुबह फिर तलब किया गया।

**षड़यंत्र की आशंका :** सूत्रों के अनुसार पूरी प्रक्रिया को बाधित करने में समिति के कुछ पूर्व पदाधिकारियों और एक निलंबित कर्मचारी का षड्यंत्र बताया जा रहा है जो घटना के कुछ समय पूर्व फड़ में मौजूद भी रहे हैं। धान खरीदी के शुरुआती दिनों से ही पटेवा समिति में व्यवस्था बुरी तरह पटरी से उतर जाने की खबर है। बीते 11 दिसंबर को ग्रेडिंग के नाम से पैसा देने से इंकार करने पर शहीद जवान की विधवा से इसी फड़ के प्रभारी सुरेश शर्मा और लेबर ठेकेदार अंगद साहू ने अभद्रता कर शहीद की विधवा को अपमानित किया था। इसकी शिकायत पर तहसीलदार के जांच प्रतिवेदन के आधार पर फड़ प्रभारी सुरेश शर्मा के निलंबन समेत बाकी दोषियों पर हुई कार्यवाही के तरीके को लेकर प्रशासन समेत सहकारिता विभाग की जमकर किरकिरी हुई थी।



### दोबारा रिश्तेदार को ही दिया ठेका

चौतरफा विरोध के बाद प्रशासन और सहकारिता विभाग ने लेबर ठेकेदार अंगद साहू को हटाने का दावा किया था। जबकि इसी ठेकेदार के नजदीकी रिश्तेदार के नाम पर आरोपी की पटेवा समिति में गुपचुप चल रही ठेकेदारी का भांडा बुधवार को हंगामे के बाद खुलते ही पूरा सच सामने आ गया। विभाग समेत जिम्मेदारों की बुरी तरह भद्द पीट गई जबकि पूर्व में उक्त दोषी ठेकेदार पर कार्यवाही का दिखावा कर हटाने का दावा कर किसानों और तमाम संगठनों के कड़े विरोध को शांत करने की कोशिश समझा जा रहा है।

### कोई टेंडर नहीं, चहेतों को मिला काम

समितियों में तौल से लेकर हमाली और स्टैग लगाने के काम को ठेकेदारों को सौंपने के विगत वर्षो से चल रहे इस खेल को लेकर घुमका और पटेवा में किसानों के साथ हुई घटनाओं के बाद मुख्य विपक्षी भाजपा के नेताओं ने कड़ा विरोध कर मामले जांच की मांग रखी थी। सूत्रों के अनुसार क्षेत्र की किसी भी समिति ने मजदूरी कार्य को ठेके पर देने कोई विधिवत कार्यवाही और टेंडर प्रक्रिया नहीं अपनाया और अपने चहेतों को वैधानिक प्र या के बिना ठेकेदारी में सौंपा गया है। जबकि किसी भी ठेकेदार के पास जिला श्रम अधिकारी से जारी वैध लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र तक नहीं है और न ही श्रम अधिनियमों का पालन किया जा रहा है।

**श्रम अधिनियम ताक पर**

खुलेआम श्रम अधिनियमों को ताक पर रखकर उक्त आरोपी ठेकेदार सरकारी धान खरीदी योजना में शासन के लिए चुनौती बन जाने के बाद भी कार्यवाही के नाम पर औपचारिकताओं के चलते मेहनतकश किसानों को अपनी उपज बेचने अभद्रता और परेशानी झेलनी पड़ रही है। बहरहाल धान खरीदी केंद्र में मजदूरों को उकसाने और बाधा उत्पन्न करने के मामले में शिकायत के बाद उपद्रवी आरोपी लेबर ठेकेदार अंगद साहू निवासी ग्राम चीचा थाना बोरी जिला दुर्ग के खिलाफ प्रतिबंधात्मक मामले में धारा 151 के तहत कार्यवाही की गई है।

**मसौदा**

यह सूचनार्थ अधिसूचित किया जाता है कि CBSE द्वारा जारी मुख्य उच्चतर माध्यमिक परीक्षा वर्ष 2020 एवं अनुक्रमांक 12197502 उत्तीर्ण करने से संबंधित मेरा मुल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

छात्रा का नाम - रेशमा तारम एवं स्थाई पता - ग्राम + पोस्ट-सरखेड़ा, तहसील - मानपुर, जिला - राजनांदगांव.

जिस किसी सज्जन को उक्त प्रमाण पत्र (मार्कशीट) मिले कृपया उक्त पते पर सम्पर्क करें।

मो. - 9407781912

# अवैध प्लाटिंग के खिलाफ नगर निगम ने की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बिलासपुर नगर निगम की कार्यवाही जारी है। गुरुवार को नगर निगम अतिक्रमण का दस्ता अशोक नगर पहुंच गया। यहां लाला शुक्ला नाम के बिल्डर द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग की गई है। बताया जा रहा है कि कृषि कार्य के लिए मिले सरकारी जमीन के पट्टे का राजस्व विभाग के साथ मिलीभगत कर डायवर्सन भी करा लिया गया। जिसके बाद लाला शुक्ला द्वारा 12 सौ से लेकर 15 सौ रुपए प्रति वर्ग फुट की दर से सारे प्लॉट बेच दिए गए। डेवलपमेंट के नाम पर यहां उसके द्वारा सीसी रोड बनाया गया था। गुरुवार को नगर निगम के अधिकारी तीन जेसीबी, काऊ केचर के साथ यहां पहुंचे और यहां अवैध तरीके से बनाए गए सीसी रोड को उखाड़ फेंका। नगर निगम के अधिकारी जीएस ताम्रकार ,सुरेश शर्मा , प्रमिल शर्मा के साथ बड़ी संख्या में अतिक्रमण दस्ता के कर्मचारी शामिल रहे।

बिरकोना में रहने वाले लाला शुक्ला पर अवैध तरीके से प्लाटिंग करने का आरोप है। बताया जा रहा है कि नियमानुसार प्लॉटिंग करने पर मुनाफा की जगह उल्टा बिल्डर को घाटा ही होगा। क्योंकि डेवलपमेंट के नाम पर बड़ा हिस्सा छोड़ना पड़ता है। वही पानी टंकी से लेकर सड़क, नाली और अन्य सुविधाएं भी देनी होती है। जिसके बाद बिल्डर के हाथ कुछ नहीं बचता। यही कारण है कि शहर में 99 प्रतिशत अवैध प्लाटिंग किए गए हैं लेकिन कार्यवाही की गाज कुछेक पर ही गिर रही है। इससे भी कार्यवाही को लेकर संदेह जताया जाता है। कहा जाता है कि जो बिल्डर अधिकारियों की सेवा नहीं करते उन्हीं के खिलाफ कार्यवाही हो रही है। तो वहीं जिन भू माफियाओं को नेताओं और पुलिस का संरक्षण हासिल है वे भी ऐसी कार्यवाहियों से साफ बच निकलते हैं। एक ही जैसी गलती के लिए किसी पर कार्यवाही तो किसी से नजरें चुराना समझ से परे है। बिरकोना जाने वाली सड़क पर पत्रकार कॉलोनी के ठीक सामने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ की गई इस कार्यवाही के बाद उम्मीद की जानी चाहिए कि इसी इलाके में और भी बड़े पैमाने पर हुए अवैध प्लाटिंग पर भी निगम का बुलडोजर चलेगा। वैसे देखने वाली बात यह है कि ऐसा कर नगर निगम किस का नुकसान कर रहा है, क्योंकि बिल्डर और भूमाफिया करीब पौने 3 एकड़ का प्लॉट ग्राहकों को पहले ही बेच चुके हैं। अब इस कार्यवाही से यहां प्लॉट खरीदने वाले ग्राहक सकते में हैं। उन्हें लग रहा है कि उनकी पूरी पूंजी डूब गई या फिर वे ठगे गए। बिलासपुर शहर के बाहर सभी स्थानों पर बोर्ड या कैनोपी लगाकर या फिर बाकायदा कार्यालय खोलकर प्लाटिंग करने वाले खुलेआम जमीन के धंधे में उतर रहे हैं। लेकिन निगम कार्यवाही तब करती है जब चिड़ि‍या खेत चुग चुकी होती है। ऐसे में घाटा केवट ग्राहकों को होता है । बिल्डर तो अपना मुनाफा कमाकर तब तक जा चुके होते हैं। वहीं जांच का विषय यह भी है कि अगर यह प्लॉट अवैध है तो फिर राजस्व विभाग ने कैसे इसका डायवर्सन कर दिया और कैसे इसकी रजिस्ट्री हो गई। विभागों में आपसी तालमेल ना होने का फायदा ही भूमाफिया उठा रहा है, लिहाजा ऐसे नुमाइशी कार्रवाइयों से शहर का भला होने से रहा।

## क्विक न्यूज

### पुरी-जोधपुर-पुरी सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन की सुविधा 20 जनवरी से



**बिलासपुर।** रेल यात्रियां की सुविधाओ एवं मांग को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा पूरी एवं जोधपुर के मध्य 02093/02094 पुरी-जोधपुर-पुरी साप्ताहिक सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है । यह स्पेशल ट्रेन पूरी से 20 जनवरी, 2021 एवं जोधपुर से 23 जनवरी, 2021 से ट्रेन चलेगी । रेल प्रशासन के आगामी निर्देश तक यह गाड़ी चलती रहेगी। यह गाड़ी पूरी से जोधपुर के लिए 02093 नंबर के साथ (प्रत्येक बुधवार ) को चलेगी एवं जोधपुर से पूरी के लिए 02094 नंबर के साथ (प्रत्येक शनिवार ) को चलेगी । इस गाड़ी में 05 एसी थ्री, 01 एसी टू, 01 एसी प्रथम, 09 स्लीपर, 04 सामान्य, 01 पेंट्रीकार तथा 02 एसएलआर सहित कुल 23 कोचों के साथ चलेगी । इस गाड़ी में कनफर्म टिकट यात्रियो को ही यात्रा करने की अनुमति दी जायेगी।

# मोहल्ला क्लास के बच्चों ने उड़ाई पतंग



- स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा मकर संक्रांति का उत्सव बच्चों के साथ मनाया

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

चाइल्ड लाइन शिखर युवा मंच बिलासपुर एवं मार्मिक चेतना वेलफेयर सोसायटी बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में जोगी आवास ईमलीभाटा में मोहल्ला क्लास के बच्चों के साथ मकर संक्रांति के अवसर पर कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने हुये कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को हाथ धोने का चरणबद्ध तरीका बताया गया एवं बाल यौन शोषण संबंध में सुरक्षित स्पर्श एवं असुरक्षित के विषय मे विषतार से जानकारी दी गई और चाइल्ड लाइन 1098 नम्बर के कार्य एवं महत्व को बताया गया। कोरोना महामारी के कारण बच्चों के मन में इसका गहरा असर हुआ है जो चिंता का विषय है, इस कारण स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा मकर संक्रांति के उत्सव में बच्चों के साथ मनाया गया जिसमें बच्चों के द्वारा पतंग उड़ाया गया, मास्क, तिल का लड्डू, रेवड़ी एवं पतंग का वितरण किया गया खेल खेल के माध्यम से बच्चों को पढ़ाया गया जिससे बच्चों के मन मे सकारात्मक प्रभाव पड़े। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्याम साहू चाइल्ड लाइन से समन्कायक संदीप राव मोहिते मार्मिक चेतना की संस्था प्रमुख अंकिता पाण्डेय शुक्ला एंव जनक यादव, सोमालिया पटेल, नीरज गेमनानी, अनुभव शुक्ला, कु नेहा तिवारी, कु भावया शुक्ला, शुभम पाण्डेय एवं शिक्षक निशा अवस्थी, सीमा तिवारी रचना नागवंशी उपस्थित रहे।

# अतिथि प्राध्यापकों की मांग को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का दुबे ने दिया आश्वासन

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



रायपुर नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे ने अतिथि प्राध्यापकों की सुना पीड़ा और उनकी मांग को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का आश्वासन । नवंबर से अतिथि व्याख्याता महासंघ की ओर से महाविद्यालयों में पढ़ाने वाले अतिथि व्याख्याताओं को अपनी शीघ्र नियुक्ति की मांग को लेकर राजधानी रायपुर बूढ़ा तालाब के पास अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए 68 दिन हो चुके हैं लेकिन शासन की ओर से उनकी अभी तक न तो किसी ने कोई सुध ली है और न ही उनकी नियुक्ति आदेश जारी हुआ है । अतिथि प्राध्यापकों को मार्च 2020 से सेवा से पृथक कर दिये हैं, वे 10 माह से बेरोगार है और उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है । धरना में बैठे अतिथि प्राध्यापकों का कहना है कि हमारे कई अतिथि प्राध्यापकों की उम्र 50 वर्ष से भी अधिक हो गए हैं जो अपनी जीवन की युवा अवस्था शासन की व्यवस्था के तहत महाविघालयों में अध्यापन कार्य में लगा दिये ,आज 10 महीनों से बेरोजगार होने के कारण उनकी आर्थिक व मानसिक स्थिति बहुत ही खराब हो चुकी है फिर भी शासन को हमारी कोई सुध नहीं है शासन की ऑनलाइन पढ़ाई की व्यवस्था भी पूरी तरह से ठप हो चुकी हैं।

# 11480 कोविशिल्ड का पहला डोज पहुंचा

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



जिले में 11480 कोविशिल्ड का पहला डोज पहुंच गया है आज विधायक शैलेश पांडेय सीएमओ कार्यालय पहुंच, कोविशिल्ड का जायजा लिया। कहा पहला डोज कोरोना वारियर्स को लगेगा फिर आम नागरिकों के लिए उपलब्ध कराई जायेगी। बीता वर्ष देश के हर नागरिक के लिए जंग की तरह रहा है , नवर्ष 2021 लोगों के लिए एक नई उम्मीद की किरण लेकर आया । कोविशिल्ड एवं कोवैक्सिन की ईजाद होने के बाद अब आम नागरिक राहत महसूस कर रहे हैं । जिन्हें भरोसा है की कोरोना का टीका लगने के बाद , कोरोना वायरस संक्रमण से निजात मिलेगी और वह पहले की सुरक्षित रह सकेंगे । किन्तु केंद्र शासन द्वारा सप्लाई की जाने वाली यह कोविशिल्ड कोरोना को मात देने में कितना कारगर साबित होगा इसका अभी अंदाज नही है । वहीं अन्य राज्यों में कोविशिल्ड का टीका लगने के बावजूद लोगो कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं । कल देर रात स्वास्थ्य विभाग की टीम 11480 कोविशिल्ड वैक्सीन का डोज लेकर बिलासपुर पहुंची । इन वैक्सिनो को सरकंडा सीएमओ कार्यालय में कड़ी सुरक्षा में रखा गया है । 16 जनवरी से टीका लगाने का कार्य बिलासपुर के 6 स्थानो से किया जायेगा। आज नगर विधायक शैलेश पाण्डेय ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ जायजा लिया।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा की भयावह कोरोना काल के दौरान फ्रंट लाइन में ख? रहकर जो योगदान स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग के कर्मचारियों ने दी है वह सराहनीय हैं , इस दौरान कई लोग अपने जिम्मेदारियों को निभाते हुए कोरोना के गिरफ्त आकर ठीक हुए , कुछ लोगों की मौत भी हो गई । शासन के गाइडलाइंस के मुताबिक सबसे पहले कोविशिल्ड का पहला डोज कोरोना वारियर्स को लगेगा फिर आम नागरिकों को टीका लगाया जाएगा । विधायक के इस निरीक्षण में पंकज सिंह मोनू अवस्थी स्वस्थ्य विभाग के प्रमुख डॉ. प्रमोद महाजन अन्य अधिकारी उपस्तिथ थे।

भारत में ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ़ इंडिया (डीसीजीआई) ने कोविड-19 के इलाज के लिए दो वैक्सीन के आपातकालीन इस्तेमाल की अनुमति दी है. ये दो वैक्सीन हैं - कोविशील्ड और कोवैक्सीन कोविशील्ड जहां असल में ऑक्सफ़ोर्ड-एस्ट्राज़ेनेका का संस्करण है वहीं कोवैक्सीन पूरी तरह भारत की अपनी वैक्सीन है जिसे 'स्वदेशी वैक्सीन' भी कहा जा रहा है। कोविशील्ड को भारत में सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया कंपनी बना रही है।

# नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने वाला गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



फास्टरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोधीपारा निवासी अगरमन बंजारा द्वारा 2 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया गया था जिसमें उसकी नाबालिग लड़की को 24 नवंबर की रात्रि 10 बजे बहलाफुसला कर भगाकर ले गया है, प्रार्थी की रिपोर्ट पर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिक्षक ने संज्ञान में लिया जिसके उपरांत थाना प्रभारी संजीव कुमार ठाकुर को दिशा निर्देश देने पर सउनि आर एस ठाकुर, आर 296 पृथ्वीराज सिंह, म आर 295 मनीषा पटेल को भोपाल पतासाजी हेतु भेजने पर पतासाजी कर बरामद कर थाना फास्टरपुर लाया गया आरोपी दिलीप कुमार पात्रे उर्फ भकला पिता नरेश कुमार पात्रे उम्र 22 साल साकिन फुलझर फुलवारी चौकी चिल्फी थाना लोरमी जिला मुंगेली के कब्जे से पीड़िता को बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया जहां से आरोपी का जमानत नहीं होने पर जेल दाखिल किया गया। इस कार्य मे थाना प्रभारी संजीव ठाकुर, सउनि आर एस ठाकुर , आर 296 पृथ्वीराज सिंह आर 86 अब्दुल रियाज , आर 76 कुमान भगत एवं म आर 295 मनीषा पटेल का महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

# धान खरीदी केंद्रों में नहीं हो रहा धान का उठाव, खरीदी केंद्र प्रभारी परेशान

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश में धान खरीदी प्रारंभ होने के बाद से नित नई-नई परेशानियों के चलते जहां किसान परेशान हैं, तो वहीं धान खरीदी केंद्र के प्रभारी भी काफी परेशान दिख रहे हैं, वर्तमान में धान खरीदी केंद्रों में बफर लिमिट पार होने के बावजूद धान का समय पर उठाव नहीं हो रहा है, जिसके चलते खरीदी केंद्र प्रभारियों को जहां किसानों की खरी-खोटी सुनने को मिल रही है, तो वहीं खरीदी केंद्र प्रभारी धान की सुरक्षा को लेकर भी चिंता में हैं, किंतु इसके बावजूद न जाने क्यों संबंधित विभाग का जिला एवं उच्च स्तरीय प्रशासन इस व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु सक्रिय नजर नहीं आ रहा है, तथा वर्तमान में 2 दिनों से बादलों पर छाई काली घटाओं से भी खरीदी केंद्र प्रभारी चिंता में है, तथा उनका कहना है कि यदि धान का खरीदी केंद्रों से समय पर उठाव नहीं हुआ और यदि बेमौसम बारिश हो गई तो इसका खामियाजा सीधे-सीधे उनको भुगतना होगा, किंतु प्रशासन को चाहिए कि धान के उठाव की समुचित व्यवस्था करें जिससे कि खरीदी केंद्रों में अन्य किसानों का धान खरीदी किया जा सके इस वर्ष धान खरीदी की अव्यवस्था को लेकर चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है एक ओर जहां राज्य की विपक्षी राजनीतिक पार्टी भाजपा धान खरीदी में अव्यवस्था को लेकर आंदोलन कर रही है, तो वही किसानों की जबान पर भी कहीं न कहीं इस वर्ष की व्यवस्था के चलते नाराजगी देखी जा रही है,चाहे मामला बारदानों की कमी का हो या की खरीदी केंद्रों में बेहतर सुविधाओं का, ज्ञात हो कि धान खरीदी केंद्रों में आवक धान में कमी पाए जाने पर खरीदी केंद्र प्रभारियों को अनेकों मर्तबा इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है।

# मूनलाइट फुटबॉल क्लब का रात्रिकालीन प्रतियोगिता आयोजित

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



नगर के जवाहर लाल नेहरू कॉलेज प्रांगण में मूनलाईट फुटबाल क्लब सक्ती के द्वारा 7 साईड रात्रिकालिन फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसका फाईनल मैच न्यु स्पोर्टिंग क्लब राजापारा विरूध्द फुटबाल क्लब रगजा के मध्य 12 जनवरी को खेला गया फुटबाल मैच समापन समारोह के मुख्य अतिथि त्रिलोकचंद जायसवाल , अध्यक्षता श्याम सुन्दर अग्रवाल विशिष्ट अतिथि ईश्वर लोधी , भाई महबूब खान, दिगम्बर प्रसाद चौबे, शिव नारायण अग्रवाल, कमलेश सिंह श्याम, रामापाति देवांगन, गिरधर जायसवाल , शम्सतमरेज खान , पिन्टु ठाकुर , सक्ती थाना प्रभारी श्री रविन्द्र अनंत जी मंचस्थ थें मूनलाईट फुटबाल क्लब सक्ती के द्वारा नगर के फुटबाल खेल प्रेमियों के मनोरंजन हेतु बहुत ही उम्दा आयोजन किया गया था।

जिसके प्रशंसा के हकदार है सक्ती शहर में फुटबाल खेल का इतिहास बहुत ही पुराना है सक्ती में इस तरह के भव्य फुटबाल प्रतियोंगिता में हमेशा राजापारा फुटबाल टीम एवं पुरेन्हापारा फुटबाल टीम फाईनल मे पहुंचती थी जिसका खेल देखने के लिए नगर सहित आसपास के अंचल से खेल प्रेमी बड़ी तादाद में पहुंचते थें ठीक उसी प्रकार फाईनल मैच राजापारा एवं रगजा की टीम के फुटबाल प्रतिभा देखने हजारों की संख्या में खेल प्रेमी पहुंचे हुए थें। 11 जनवरी को सेमीफाईनल मैच मुनलाईट फुटबाल क्लब सक्ती एवं न्यु स्पोर्टिंग क्लब राजापारा के मध्य खेला गया जिसमें 1-0 की बढ़त के साथ राजापारा ने जीत दर्ज की तथा दूसरा सेमीफाईनल रगजा विरूध्द फ्लोरा क्लब सक्ती के मध्य खेला गया।

# कलेक्टर एल्मा ने किया धान उपार्जन केंद्र पीपलोड़, हथकेरा, लौदा और सरगांव का औंचक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पी.एस एल्मा ने आज विकास खण्ड पथरिया के धान उपार्जन केंद्र पीपरलोड़, हथकेरा और सरगांव का औंचक निरीक्षण किया। उन्होने धान खरीदी केंद्र के प्रभारी अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही और उदासीनता बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होने शासन के आदेशों का अक्षरशः पालन करते हुए ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ खरीफविपणन वर्ष 2020-21 के अंतर्गत पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होने धान की गुणवत्ता, मात्रा, तौल उपकरण, नमी मापक यंत्र, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, यूपीएस, किसानों के लिए की गई व्यवस्था आदि का जायजा लिया और धान उपार्जन केंद्रो में बारदाने की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होने ग्राम पीपरलोड और लौदा में स्थापित गोठान का भ्रमण करते हुए वहां गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने की विधि, वर्मी कम्पोस्ट खाद की विक्रय, पशुधन के लिए निर्मित जल पात्र (कोटना), शेड निर्माण, फेसिंग आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

## वर्चुअल अवार्ड समारोह 2019-20 में स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारियों को दी गई बधाई

# कायाकल्प-स्वच्छ अस्पताल योजना के अंतर्गत जिले को मिला प्रथम स्थान

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पी.एस एल्मा के मार्गदर्षन में कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में ''कायाकल्प-स्वच्छ अस्पताल योजना'' अंतर्गत वर्चुअल समारोह का आयोजन किया गया। वर्चुअल समारोह में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कायाकल्प-स्वच्छ अस्पताल योजना अंतर्गत प्रतिवर्ष राज्य के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों का त्रिस्तरीय मूल्यांकन किया जाता है। जिसमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, नई दिल्ली द्वारा राज्य स्तर पर आने वाले प्रथम विजेताओं को पुरूस्कृत कर सम्मानित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2019-20 में जिला-मुंगेली के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में कायाकल्प-स्वच्छ अस्पताल योजना अंतर्गत मूल्यांकन किया गया था, जिसमें राज्य स्तर पर जिला चिकित्सालय-मुंगेली, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-लोरमी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र-पण्डरभट्ठा एवं हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर उप स्वास्थ्य केन्द्र-टेमरी को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर स्वास्थ्य एवं परिवार मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा आज 12 जनवरी को वर्चुअल समारोह आयोजित कर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन द्वारा राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त होने पर स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सकीय अधिकारी व कर्मचारियों को बधाई दी गई। ''कायाकल्प-स्वच्छ अस्पताल योजना'' का स्वास्थ्य अधिकारियों एवं पूरे स्टाफके बेहतर तालमेल एवं कार्यकुशलता से जिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। विदित हो कि 12 जनवरी को जिला-मुंगेली का गठन किया गया था। कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने कहा कि जिला-मुंगेली के वर्षगांठ के अवसर पर राज्य स्तर पर मुंगेली जिले को स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किये जाने पर प्रथम स्थान प्राप्त करना गौरव की बात है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम.डी. तेंदवे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक-राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्कर्ष तिवारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर.के. भूआर्य, जिला प्रबंधक-अस्पताल सुरभि केशरवानी, जिला आर.एम.एन.सी.एच. सलाहकार डॉ. सोनाली मेश्राम, जिला प्रबंधक-लेखा कल्याणी पटेल, जिला चिकित्सालय डॉ. राजेश बेलदार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी-लोरमी डॉ. जी.एस. दाऊ, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश बघेल, ए.एन.एम कु. उषा साहू, ए.एन.एम. महेश्वरी बंजारे सहित अन्य पैरामेडिकल स्टाफव राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



# स्वामी विवेकानंद जयंती पर रक्तदान शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



12 जनवरी को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मुंगेली इकाई द्वारा युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर मुंगेली के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वेच्छा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थी परिषद के 70 से 80 कार्यकर्ता सम्मिलित हुए तथा 50 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया तथा विद्यार्थी परिषद ने युवाओं को एकजुट करने के लिए मुंगेली के हृदय स्थल पड़ाव चौक में स्वामी विवेकानंद जी और भारत माता के छायाचित्र में माल्यार्पण कर भारत माता की भव्य आरती की जिसमे लगभग 150 की संख्या में नगर के युवा तथा विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित थे भारत माता की आरती के बाद बिलासपुर विभाग के विभाग संयोजक योगानंद साहू जी के द्वारा 2 मिनट का उद्बोधन दिया गया तथा कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गजेंद्र साहू नगर मंत्री ऋतुराज सिंह धर्मेंद्र चतुर्वेदी रिंकू गोस्वामी विमल नमन आयुष अंशुमान विवेक सोमनाथ यशराज कुलमित्र सौरभ रजक प्रकाश दुबे तरुण साहू राजेश सत्य प्रकाश अनंत संस्कार वासु पांडे अमन जयसवाल लोकनाथ साहू विक्की आकाश यशपाल तथा अन्य दायित्वमान कार्यकर्ताओं के साथ नगर कार्यकारिणी के सदस्य तथा युवा साथी उपस्थित थे तथा कार्यक्रम के अंतिम में विद्यार्थी परिषद के पूर्व नगर मंत्री कमल देवांगन के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# गुंडों से है सरकार की यारी, लेकिन न केस, न गिरफ्तारी : रमन सिंह

## पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कांग्रेसी पार्षद के द्वारा आदिवासी युवक की पिटाई पर सरकार को घेरा









पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेसी पार्षद के द्वारा आदिवासी युवक की पीटाई का मामला अब तूल पकडने लगा है पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह ने ट्वीट करते हुए कहा कि गुडों से है सरकार की यारी , लेकिन न केस, न गिरफ्तारी। रमन सिंह ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि राज का पर्यायवाची होता है गुंडाराज। रमन सिंह यही नहीं रूके उन्होंने एक समाचार पत्र की कतरन को अपलोड करते हुए अरोप लगाया कि कांग्रसी पत्रकारों से मारपीट कर रहे हैं। पुलिसकर्मियो से मारपीट कर रहे हैं। कांग्रेसी आमजन से मारपीट कर रहे हैं। गाली-गलौज, धमकी-चमकी तो आम बात है।

तो वहीं कल प्रदेश के बडे आदिवासी नेता राम विचार नेताम ने पीसीसी चीफ मोहन मरकार को पत्र लिखकर उक्ट घटना में दलगत रुप से उपर उठकर कार्यवाही करने की बात कही है। दूसरे ओर कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने रमन सिंह के टवीट पर पलटवार करते हुए कहा कि उमर बढने के कारण रमन सिंह अपने 15 सालों के अत्याचारों को भूल गये हैं। तिवारी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के इन दो सालों में जो अपराधी ने अपराध किया वह जेल के सलाखों के पीछे रहा रहा है।

घनश्याम राजू तिवारी ने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कानून और प्रशासन का राज है असंवैधानिक असामाजिक कार्यों के लिए कोई कितना भी बड़ा हो उसे बख्शा नहीं जाएगा, कानून अपना काम कर रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने कहा कि, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह इन दिनों ट्वीट नेता हो चले हैं, मुद्दों से जूझती भाजपा लगातार झूठ, बेबुनियाद आरोप लगाकर शसक्त विपक्ष होने का झूठा प्रयास कर रही हैं, जिस घटना को लेकर जनहितकारी भूपेश सरकार पर गुंडाराज का आरोप लगाया जा रहा है वह ठीक उसी तरह झूठे आरोप है जिस तरह गोबर खरीदी योजना पर हास्य परिहास और भ्रष्टाचार होने का झूठा आरोप लगाया जा रहा था, आज उसी गोबर योजना को राष्ट्रीय स्तर पर नयी पहचान मिलने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने कहा रमन सिंह जी को शायद याद हो, तखतपुर पूर्व विधायक राजू सिंह छतरी संसदीय मंत्री के पुत्र द्वारा थाने में घुसकर थानेदार की पिटाई। सरगुजा भाजपा सांसद कमलभान सिंह के पुत्र देवेंद्र प्रताप द्वारा पत्रकार राकेश गुप्ता के माता-पिता से मारपीट एवं थाने में तोड़फोड़, राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी क्षेत्र में कांग्रेस के कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में भाजपाई गुंडों के द्वारा पथराव और कार्यक्रम में बाधा उत्पन्न, जिसमें प्रदेश कांग्रेस महामंत्री गिरीश देवांगन के पैरों में गंभीर चोटें आई थी।

# लाखों खर्च करने के बावजूद जिले के 4 संग्रहण केंद्रों में 68 हजार क्विंटल धान शॉर्टेज, मचा हड़कंप



रवि भूतड़ा < बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के 4 संग्रहण केंद्र जगतरा, धोबनपूरी, फुंडा और मालीघोरी में प्रशासन की लापरवाही के चलते बीते सत्र 2019-20 के स्टॉक में 68 हजार क्विंटल धान का शॉर्टेज हुआ हैं। जिससे 13 करोड़ रुपये से अधिक नुकसान शासन को होने की सम्भावना बन गई हैं। जिले में बीते सत्र 2019-20 में चार संग्रहण केंद्र जगतरा, धोबनपूरी, फुंडा और मालीघोरी में 23 लाख 68 हजार क्विंटल धान का संग्रहण किया गया था। लेकिन रिकार्ड में अभी भी उक्त चारो केंद्रों में धान का उठाव होना शेष बताया जा रहा है। लेकिन इन संग्रहण केंद्रों में धान नही है। अर्थात यह कि इन संग्रहण केंद्रों में धान का शॉर्टेज हो चुका है। मामले में अभी तक संग्रहण केंद्रों के प्रभारियो के ऊपर कार्यवाही नही हुई हैं। हालांकि कलेक्टर द्वारा केंद्रों के प्रभारियो को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। वही मामले में जिला विपणन अधिकारी भी जिम्मेदार नजर आ रहे है। क्योकि बीते 2019-20 सत्र में कछुआ गति से धीमे धान के उठाव के चलते व संग्रहण केंद्रों में अव्यवस्था का आलम पसरे रहने की वजह से ही इतने बड़े पैमाने में धान का शॉर्टेज हुआ है।

### अब तलक कोई कार्यवाही नही

आपको बता दे कि संग्रहण केंद्र में धान की सुरक्षा के लिए लाखों रुपये खर्च किये गए है। ऐसे में भारी मात्रा में शॉर्टेज कैसे हुआ, ये जांच के विषय है..? लेकिन अब तलक जिम्मेदारों पर कोई कार्यवाही नही की गई है। वही जब सत्र 2019-20 में धान खरीदी केंद्रों में शॉर्टेज हुआ था, तो प्रशासन ने समितियों को प्रतिपूर्ति करने कहा था। जब समितियां नही मानी तो प्रशासन ने संबंधित समिति के प्रबंधक व अध्यक्ष पर अपराध भी कायम किया था। लेकिन अब जब संग्रहण केंद्रों में 65 हजार से अधिक धान का शॉर्टेज हुआ तो प्रशासन ने अब तलक कोई नही कार्यवाही नहीं की है।

### लंबे समय से भंडारण होने की वजह से धान का हुआ शॉर्टेज- शशांक सिंह

जिला विपणन अधिकारी शशांक सिंह ने बताया कि खरीफ वर्ष 2019-20 में जिले के संग्रहण केंद्रों में 23 लाख 68 हजार क्विंटल का भंडारण किया गया था। जिसमें निराकरण अब तलक शेष है। 32 हजार क्विंटल धान अभी भी संग्रहण केंद्रों में शेष है। जिला विपणन अधिकारी शशांक सिंह ने आगे बताया कि चारो संग्रहण केंद्रों में 65 हजार क्विंटल से अधिक धान शॉर्टेज है। जिसका अनुमानित मूल्य 13 करोड़ रुपये से अधिक है। आपको बता दे की नए सत्र 2020-21 की शुरुआत और धान खरीदी प्रारम्भ हुए डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी आज तलक संग्रहण केंद्रों से बीते वर्ष 2019-20 के धान का उठाव नही हो सका है। सबसे बड़ी बात यह कि जिला विपणन अधिकारी खुद इस बात को स्वीकार कर रहे है कि लंबे समय से भंडारण होने की वजह से धान का शॉर्टेज हुआ।

# 'दू पईडील सुपोषण बर'- कुपोषण के दानव को हराने के लिए लोगों ने कसी कमर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कुपोषण के दानव को हराने और जन-जन को जागरूक करने के लिए 'दू पईडील सुपोषण बर' के नाम से अभिनव पहल की गई है। बस्तर जिले में विभिन्न स्तरों पर संचालित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवकों को जोड़ते हुए जिले में कुपोषण के स्तर में कमी लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत जिले के रमणीय स्थानों में सायकल रैली के आयोजन के साथ ही एंडवेंचर स्पोर्टस के तहत् रॉक क्लाईबिंग, वॉटर वेप्लिंग, घने जंगलों के बीच ऑफरोडिंग, ट्रैकिंग, कैम्पींग के साथ बोनफायर का भी आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान आदिवासी संस्कृति, स्थानीय व्यंजन का प्रदर्शन किया जाएगा। जिसका आंगतुक और सायकलिस्ट लुफ्त उठा सकेंगे। ''दू पईडील सुपोषण बर'' कार्यक्रम में प्रदेश एवं देश-विदेश से कई सायकल सवार सम्मिलित होगें। इस अभियान का उद्देश्य जिले को कुपोषण से शत-प्रतिशत मुक्त कराने के लिए कुपोषण अभियान को जनआंदोलन में बदलना है। अभियान के तहत 10 जनवरी से शुरू हुए विभिन्न आयोजन 17 जनवरी तक चलेंगे। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम को सभी वर्गो का व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। यह कार्यक्रम युवोदय के स्वयं सेवक, मितानिन, आंगनबाडी कार्यकर्ता, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। अभियान के अंतिम दिन 17 जनवरी को कुपोषित बच्चों के अभिभावक समेत ग्रामवासियों द्वारा भी अपने-अपने ग्राम में सायकल चालन का कार्य किया जाएगा तथा ग्राम स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। कलेक्टर रजत बंसल के मार्गदर्शन में कोलेंग से लेकर ककनार तक चल रहे कार्यक्रम की तस्वीरें कुपोषण को हराने का सपना संजोने वालों के मन में उत्साह भर रही हैं। कार्यक्रम के तहत स्वैच्छिक अनुदान को बढ़ावा देते हुए कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर पोषण पुनर्वास केंद्रों के माध्यम से भी लाभान्वित किया जाएगा। सायकल रैली 17 जनवरी को सुबह 6 बजे से प्रारंभ होगी जो चित्रकोट से मेंद्री घुमर-तामड़ा घुमर होते हुए मिचनार तक 45 किमी. तक की दूरी तय करेगी।

### राज्य के 17.77 लाख किसानों ने बेचा धान

# प्रदेश में 14 जनवरी तक 73.56 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में 14 जनवरी 2021 तक 73 लाख 56 हजार 305 मीट्रिक धान की खरीदी की गई है। अब तक राज्य के 17 लाख 77 हजार किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा। राज्य के मिलरों को 24 लाख 55 हजार 727 मीट्रिक टन धान का डी.ओ. जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध मिलरों द्वारा अब तक 20 लाख 86 हजार 352 मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।

खरीफ वर्ष 2020-21 में 14 जनवरी 2021 तक राज्य के बस्तर जिले में 99 हजार 212 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। इसी प्रकार बीजापुर जिले में 48 हजार 856 मीट्रिक टन, दंतेवाड़ा जिले में 10 हजार 928 मीट्रिक टन, कांकेर जिले में 2 लाख 28 हजार 764 मीट्रिक टन, कोण्डागांव जिले में एक लाख 8 हजार 305 मीट्रिक टन, नारायणपुर जिले में 14 हजार 608 मीट्रिक टन, सुकमा जिले में 28 हजार 663 मीट्रिक टन, बिलासपुर जिले में 3 लाख 85 हजार 827 मीट्रिक टन, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 56 हजार 221 मीट्रिक टन, जांजगीर-चांपा जिले में 6 लाख 98 हजार 279 मीट्रिक टन, कोरबा जिले में 95 हजार 863 मीट्रिक टन, मुंगेली जिले में 3 लाख 4 हजार 937 मीट्रिक टन खरीदी की गई है। इसी तरह रायगढ़ जिले में 4 लाख 36 हजार 282 मीट्रिक टन, बालोद जिले में 4 लाख 43 हजार 39 मीट्रिक टन, बेमेतरा जिले में 5 लाख 13 हजार 182 मीट्रिक टन, दुर्ग जिले में 3 लाख 37 हजार 950 मीट्रिक टन, कवर्धा जिले में 3 लाख 52 हजार 630 मीट्रिक टन, राजनांदगांव जिले में 6 लाख 11 हजार 452 मीट्रिक टन, बलौदाबाजार जिले में 5 लाख 6 हजार 480 मीट्रिक टन, धमतरी जिले में 3 लाख 57 हजार 846 मीट्रिक टन, गरियाबंद जिले में 2 लाख 59 हजार 506 मीट्रिक टन, महासमुंद जिले में 5 लाख 15 हजार 908 मीट्रिक टन, रायपुर जिले में 4 लाख 9 हजार 601 मीट्रिक टन, बलरामपुर जिले में एक लाख 14 हजार 608 मीट्रिक टन, जशपुर जिले में 83 हजार 537 मीट्रिक टन, कोरिया जिले में 88 हजार 817 मीट्रिक टन, सरगुजा जिले में एक लाख 14 हजार 100 मीट्रिक टन और सूरजपुर जिले में एक लाख 31 हजार 202 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है।

# अविनाश ग्रुप की शानदार पेशकश संतोषहॉल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मैग्नेटो द मॉल स्थित संतोषहॉल अविनाशग्रुप की एक और शानदार पेशकश है। 25 जनवरी को संतोष हॉल की पहली सालगिरह है। यह चैरिटी इवेंट्स के लिए एक मात्र प्रमुख संस्थान है। संतोष हॉल में शिक्षा, व्यक्तित्व, विकास, राष्ट्रीयता, जनजागरण, कला, साहित्य जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है अथवा इनके हेतु समाजसेवी संस्थाओं को कॉन्फ्रेंस हॉल प्रदान किया जाता है। यहाँ सभी चैरिटी इवेंट्स मुफ्त रूप से आयोजित किये जाते है और केवल नाममात्र रजिस्ट्रेशन फीस चार्ज की जाती है। संतोषहॉल में कई तकनिकी सुविधाएं मौजूद है जैसे की प्रोजेक्टर एंव स्क्रीन, माइक-स्पीकर, एयर कंडीशनर इत्यादि। मैग्नेटोमॉल में स्थित होने से अनेक फायदों का लाभ भी उठाया जा सकता है जैसे की शहर का प्रमुख स्थान, पार्किंग सुविधाएं, लिफ्ट, कैब सर्विसेज इत्यादि। संतोष हॉल का प्रमुख उद्देश्य समाज सेवकों को बढ़ावा देना है और इस प्रकार अविनाश ग्रुप एक छोटा सा योगदान इस क्षेत्र में समर्पित कर रहा है।

### रेस्टोरेन्ट के सामने बाइक खड़ी करने पर पिटाई मामला दर्ज

**रायपुर।** रेस्टोन्ट के सामने बाईक खड़ी करने की बात पर विवाद कर कमरे में बंद कर मारपीट करने की रिपोर्ट राजेन्द्रनगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार आशदीप अस्पताल के पास न्यू राजेन्द्रनगर रायपुर निवासी भानू प्रताप रावटे 19 वर्ष पिता अवधकुमार रावटे ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी 11 जनवरी को शाम 06 बजे शब्जी खरीदने अमलीडीह न्यू राजेन्द्रनगर गया था। सब्जी खरीदने के दौरान आनंद रेस्टोरेन्ट के सामने अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर दिया था। जब वापस आया तब रेस्टोरेन्ट के दो कर्मचारियों ने बाईक खड़ी करने की बात पर विवाद कर गाली-गलौचकर जान से मारने की धमकी देकर रेस्टोरेन्ट के कमरे में बंद कर मारपीट कर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

# अधिकारियों ने एडमंड लकड़ा के विरुद्ध पुलिस कार्यवाही के विरोध में कलेक्टर सौंपा को ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



जिले के राजस्व अधिकारियों ने कोरिया के सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर एडमंड लकड़ा के विरुद्ध पुलिस कार्यवाही के विरोध में मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौप लकड़ा को तत्काल न्यायिक अभिरक्षा से मुक्त करने की मांग की हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, एसडीएम रामसिंह ठाकुर, भूपेंद्र अग्रवाल, ऋषिकेश तिवारी, अमित श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर सुब्रत प्रधान, सिल्ली थॉमस, अभिषेक दीवान, प्रेमलता चंदेल, तहसीलदार रश्मि वर्मा उपस्तिथ रहे। ज्ञापन में बताया गया हैं कि कोरिया जिले में अपर कलेक्टर के पद पर कार्यरत रहे एडमंड लकडा को 6 जनवरी 2021 को न्यायलयीन कार्य सम्पादन के दौरान एवं सुनवाई एवं निराकृत किये गये प्रकरण से परिवेदित व्यक्ति के आवेदन पर पुलिस द्वारा थाना आजाक बैकुण्ठपुर में अपराध पंजीबद्ध किया जाकर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में निरूद्ध किया गया है। लकड़ा द्वारा उनके न्यायलयीन कार्यवाही के सुनवाई किये गये भूमि विक्रय प्रकरण में दी गई अनुमति को धारा 32 छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 के अधीन प्राप्त अन्तनिहित शक्ति के तहत अनुमति को निरस्त किया गया था। छगभूरा संहिता 1959 की धारा 31 के अन्तर्गत राजस्व अधिकारियों को न्यायालय की प्रास्थिति कानून अन्तर्गत प्राप्त है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 121 के अन्तर्गत किसी भी न्यायाधीश या मजिस्ट्रेट न्यायालय से ऐसे मजिस्ट्रेट न्यायालय में ऐसे न्यायाधीश या मजिस्ट्रेट के नाते अपने स्वयं के आचरण के बारे में या ऐसी किसी बात के बारे में जिसका ज्ञान उसे ऐसे न्यायाधीश या मजिस्ट्रेट के नाते न्यायालय में हुआ हो। किन्ही प्रश्नों का उत्तर देने के लिए ऐसे किसी भी न्यायालय के विशेष आदेश के सिवाय जिसके वह अधीनस्थ है। विवश नही किया जायेगा। न्यायाधीश (संरक्षण) अधिनियम 1985 की धारा 2(1) के अन्तर्गत न्यायालयीन कार्यवाही करने वाले सभी अधिकारी न्यायाधीश के अन्तर्गत आते हैं। न्यायालयीन कार्यवाही करने वाले सभी अधिकारियों को उपरोक्त अधिनियम की धारा 3 के प्रावधान अन्तर्गत संरक्षण प्राप्त है तथा उसके विरूद्ध कोई पदीय या न्यायिक कर्तव्य या कृत्य के निर्वहन में कार्य कर रहा हो, या उसके अनुकम में किये गये किसी कार्य की गयी किसी बात या बोले गये किसी शब्द के लिए किसी सिविल या दाण्डिक कार्यवाही को ग्रहण नही करेगा या जारी नही रखेगा। दण्ड प्रकिया संहिता 1973 की धारा 197 के अन्तर्गत शासकीय कार्य करने के दौरान लोक सेवक द्वारा किसी दण्डनीय अपराध के लिए जिसके संबंध में यह कहा गया है कि वह लोक सेवक द्वारा किया गया है। न्यायालय द्वारा संज्ञान लिये जाने के पूर्व सक्षम प्राधिकारी द्वारा अभियोजन की स्वीकृति आवश्यक है। पुलिस महानिदेशक छग के पत्र कमांक/पुमु/अआवि/अ.शा/2016 /126 /16 नया रायपुर 13 जून 2016 के द्वारा समस्त पुलिस अधीक्षक छग को निर्देशित किया गया है कि किसी पक्षकार द्वारा पुलिस थाने में शिकायत प्रस्तुत किये जाने पर कि शासकीय कर्तव्य के निर्वहन के दौरान लोक सेवक ने नियम विरूद्ध यात्रुटिपूर्ण कार्य किया है, में संबंधित लोक सेवक के नियंत्रक अधिकारी/जिलादण्डाधिकारी से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर प्रारंभिक जांच करने पर संज्ञेय अपराध घटित होना पाये जाने पर ही अपराध पंजीबद्ध किया जाये। यदि संज्ञेय अपराध घटित होना नही पाया जाता है तो शिकायतकर्ता सहित संबंधित लोक सेवक के नियंत्रक अधिकारी/जिलादण्डाधिकारी को पुलिस अधीक्षक के माध्यम से सूचित किया जावे।

## रजिस्ट्रेशन और ट्रेनिंग के नाम पर प्रत्येक से 15 हजार 500 की वसूली कर फरार

# घर बैठे बिजनेस के नाम पर हजारों की ठगी, युवक फरार, हुई शिकायत

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



कोविड-19 के चलते देशभर में हुए लाकडाउन में बेरोजगार लोगों को ठगने तरह-तरह के जाल बिछाए गए। इसमें बेरोजगार लोग छोटे बिजनेस कर जीवन यापन करने धोखाधड़ी के जाल में फंस रहे हैं। ऐसा ही मामला सामने आया है जिसमें घर बैठे प्रतिमाह 12 से 28 हजार कमाने का दावा करते हुए रोजगार देने के नाम पर रजिस्ट्रेशन एवं ट्रेनिंग चार्ज में प्रत्येक लोगों से 15 हजार 500 की राशि वसूली गई। बाद में उक्त कंपनी रफूचक्कर हो गई। इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई है।

ठगी के शिकार हुए लोगों ने बताया की राजनांदगांव के गंज चौक के हाट बाजार स्थित श्री सागर इंटरप्राइजेज के राजकुमार गौतम द्वारा लॉकडाउन के बाद बेरोजगार हुए लोग घर बैठे बिजनेस शुरू कर प्रत्येक माह 12 हजार से 28 हजार प्रति माह कमाएं का पाम्पलेट जारी किया गया था। इसमें एलईडी बल्ब बनाने के लिए कच्चे माल सप्लाई करने और निर्मित माल को खरीदने के लिए ट्रेनिंग देने सहित रजिस्ट्रेशन कराने प्रत्येक लोगों से 15 हजार 500 रुपए 1 अक्टूबर 20 से 22 अक्टूबर 20 तक जमा कराई गई। इसके एवज में एक रसीद दी गई। विश्वास दिलाने नगर निगम राजनांदगांव से अनुबंध किया गया फोटो कॉपी, जैव उर्वरक एवं कार्बनिक उर्वरकों के विक्रय प्रधारिकार पत्र प्राप्त करने एवं छत्तीसगढ़ शासन के शेड्यूल क्लास फार्म 11 की फोटो कॉपी दिखाई गई।

### संपर्क न होने के बाद हुआ खुलासा

दो तीन दिनों में ट्रेनिंग के लिए तारीख तय करने के बात कही गई। इसके बाद इन लोगों ने दिए गए नंबरों पर फोन करने प्रयास किया पर कोई जवाब नहीं मिला। आशंका होने पर दिये गए पते में 10 नवंबर को जाकर देखा गया तो पता चला कि वह कोई कंपनी मौजूद ही नहीं है। राजकुमार गौतम के निवास दुर्ग के राजीव नगर जाने पर पता चला कि वह किराए के मकान में रहता था। आरोपी के बारे में कुछ पता नहीं चलने पर ठगे जाने की आंशका को देखते हुए धोखाधड़ी के शिकार हुए लोगों ने अपनी राशि वापस दिलाने फरार आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने पुलिस अधीक्षक के पास शिकायत की है।

# कांग्रेस का किसान अधिकार दिवस आज

## तीनों कृषि कानून एवं पेट्रोल-डीजल में मूल्य वृद्धि वापस लेने की मांग

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित वरिष्ठ नेतागण होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

देश की राजधानी नई दिल्ली में आंदोलनरत किसान भाईयों के समर्थन एवं केन्द्र सरकार द्वारा थोपी गयी तीन कृषि काले कानून तथा पेट्रोल-डीजल में हुई बेतहाशा मूल्य वृद्धि को वापस लिये जाने की मांग को लेकर राजधानी रायपुर में 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे राजीव भवन रायपुर में प्रदेश स्तरीय किसान अधिकार दिवस कार्यक्रम के माध्यम से रैली निकालकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के नेतृत्व में राजभवन का घेराव कर राज्यपाल से उक्त तीनों काले कानून को खत्म करने सहित पेट्रोलियम पदार्थो की बढ़ती कीमतों को वापस लिये जाने का मांग किया जाएगा। किसान अधिकार रैली के पूर्व राजीव भवन में आयोजित विरोध सभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण शामिल होंगे।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता15 जनवरी को सुबह 10 बजे किसान आंदोलन के समर्थन में 3 काले कानूनों व पेट्रोल डीजल के मूल्य वृद्धि को वापस लेने की मांग को लेकर कांग्रेस राष्ट्रव्यापी किसान अधिकार दिवस के तहत जमीं से लेकर सोशल मीडिया तक पर केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठायेगी। इसके तहत सोशल मीडिया पर कल सुबह 10 बजे से स्पीकअप कैमपेन किया जाएगा। सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेसजन जनता के बीच फेसबूक/ट्विटर/इंस्टाग्राम पर लाइव आकर केंद्र सरकार से तत्काल किसान विरोधी तीनों काले कानून वापस लेने की मांग करेगी, किसान आंदोलन के दौरान 60 से ज्यादा किसानों की जान अब तक ठंड में सड़कों पर बैठे विरोध करते हुए जा चुकी है और गूंगी बहरी बनकर बैठी केंद्र सरकार को जगायेगी एवं केंद्र सरकार द्वारा पिछले 6 सालों में पेट्रोल व डीजल में की गई मूल्य वृद्धि को वापस लेने की मांग करेंगे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403